जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित | www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 23 ▶ अंक 62 ▶ मुंबई, रविवार, 27 सितंबर 2026 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4

जयकारों के बीच बप्पा को विदाई

मुंबई में 21 घंटे चलीं बप्पा के विसर्जन की यात्राएं

मुंबई। मुबंई के गिरगांव चौपाटी में शनिवार सवेरे भारी भीड़ जमा हुई। भावुक विदाई के साथ लालबागचा राजा और चिंचपोकलीचा चिंतामणि जैसी मशहूर मूर्तियों का समुद्र में विसर्जन किया गया। इन मूर्तियों की विसर्जन यात्राएं 21 घंटे से ज्यादा समय तक चलीं। शहर भर से विसर्जन यात्राएं शुक्रवार सवेरे अनंत चतुर्दशी को शुरू हुईं और पूरी रात चलती रहीं। इन यात्राओं में हजारों भक्त मूर्तियों के साथ शामिल हुए। मशहूर लालबागचा राजा की मूर्ति का विसर्जन सुबह करीब 10:50 बजे भारी भीड़ के बीच अरब सागर में किया गया। पारंपरिक पूजा और आरती के बाद मूर्ति को एक बड़े नाव पर रखा गया और स्थानीय मछुआरों व भक्तों की मदद से गहरे पानी में ले जाकर विसर्जित किया गया। खास बात यह है कि उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी, जो उत्सव के दौरान कई बार लालबागचा राजा के पंडाल गए थे, विसर्जन यात्रा में भी शामिल हुए थे, विसर्जन के समय नाव पर मौजूद थे। अन्य प्रमुख मूर्तियों में चिंचपोकलीचा चिंतामणि का विसर्जन सुबह करीब 10 बजे हुआ। उसके बाद लालबाग के बाल गणेश मंडल की बल्लालेश्वर मूर्ति का विसर्जन सुबह करीब 11 बजे किया गया।

ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मोर्चाबंदी की तैयारी



इंडिया गुट की बैठक 30 को संभव | कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 29 को

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के इंडिया गुट में शामिल कई पार्टियां 30 सितंबर को नई दिल्ली में बैठक कर सकती हैं। सूत्रों के मुताबिक बैठक में चुनाव आयोग और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उठ रहे सवालों के साथ अन्य मुद्दों पर चर्चा की संभावना है। यह प्रस्तावित बैठक एसआईआर प्रक्रिया के कुछ पहलुओं को लेकर चुनाव आयोग के भीतर मतभेद की खबरों के बाद विपक्षी दलों के बीच बढ़े समन्वय के बीच होने जा रही है। दल इस मुद्दे पर एक-दूसरे के संपर्क में हैं और संयुक्त प्रतिक्रिया तैयार करने पर चर्चा कर रहे हैं।

आयोग के खिलाफ विपक्ष की तैयारी

■ विपक्षी दल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए नए प्रस्ताव पर भी काम कर रहे हैं। कानूनी विशेषज्ञों से जांच के बाद इसे संसद के दोनों सदनों में पेश किए जाने की संभावना है। विपक्ष की ओर से ऐसा यह तीसरा प्रयास होगा। विपक्षी दलों की ताजा लामबंदी एक अखबार की रिपोर्ट के बाद तेज हुई है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने एसआईआर से जुड़े फैसलों और आदेशों पर कई मौकों पर आपत्तियां उठाईं थीं। चुनाव आयोग ने कहा है कि किसी बहुसदस्यीय संस्था में अलग-अलग विचार और टिप्पणियां आना सामान्य संस्थागत प्रक्रिया का हिस्सा है। आयोग ने कहा है कि उसके आदेशों को पूरी कानूनी मंजूरी हासिल है और वे वैधानिक प्रक्रियाओं के अनुरूप हैं। इससे पहले 23 राजनीतिक दलों और एक निर्दलीय सांसद ने एसआईआर प्रक्रिया तथा चुनाव से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर भारत के मुख्य न्यायाधीश से सामूहिक रूप से संपर्क किया था। इससे इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के बीच व्यापक समन्वय का संकेत मिला है।

ममता बनर्जी से मिले माकपा नेता

माकपा, भाकपा और भाकपा माले लिबरेशन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने और एसआईआर पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। कांग्रेस ने भी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अपना हमला तेज किया है। कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक 29 सितंबर को होने वाली है। इसमें इस मुद्दे पर पार्टी की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इन घटनाक्रमों के बीच पश्चिम बंगाल की राजनीति में एक-दूसरे की विरोधी तृणमूल कांग्रेस और माकपा चुनाव आयोग से जुड़े मुद्दे पर एक साथ नजर आ रही हैं। माकपा महासचिव एम. ए. बेबी ने इंडिया गुट और अन्य विपक्षी नेताओं को पत्र लिखकर मौजूदा घटनाक्रम पर बैठक बुलाने का अनुरोध किया था। उन्होंने ममता बनर्जी से भी बात की। ममता बनर्जी ने माना कि स्थिति पर समन्वित कार्रवाई की जरूरत है।

एसआईआर विवाद
चुनाव आयोग की बैठक

■ ज्ञानेश कुमार के साथ दोनों आयुक्त मौजूद

नई दिल्ली। चुनाव आयोग के भीतर कामकाज को लेकर उठे सवालों के बीच आयोग ने कई अहम मुद्दों पर अपना पक्ष साफ किया है। रिपोर्टों में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के बीच कुछ फैसलों को लेकर मतभेद की बात सामने आई थी। एक अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों चुनाव आयुक्तों ने पिछले 10 महीनों में कई फैसलों पर आपत्तियां दर्ज की थीं। आयोग ने कहा है कि ऐसे नोट और अलग-अलग सुझाव आंतरिक विचार-विमर्श का हिस्सा हैं और पिछले एक साल में आयोग के फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं। आयोग ने साफ किया है कि कैबिनेट सचिव को भेजा गया पत्र आयोग की किसी नीति या उसके आईटी डिविजन से जुड़ा नहीं था। यह पत्र प्रतिनियुक्ति पर आयोग में काम कर रहे एक अधिकारी के कामकाज से संबंधित था। यानी आयोग ने इस पत्र को अपनी किसी चुनावी नीति में बदलाव से जोड़ने की बात को खारिज किया है। संबंधित अधिकारी ने काम के पुनर्वितरण से जुड़े जो आदेश जारी किए थे, उन्हें वास्तव में लागू नहीं किया गया। दोनों चुनाव आयुक्तों के आदेश के बाद काम के पुनर्वितरण वाले आदेशों को लागू नहीं किया गया था। आयोग के मुताबिक, डिप्टी इलेक्शन कमिश्नर की आईटी डिविजन पर निगरानी वास्तव में कभी वापस नहीं ली गई। आईटी डिविजन की निगरानी हटाए जाने की बात को आयोग ने सही नहीं माना है।

नई पहल : घर पहुंचेंगे बीएलओ

■ निर्वाचन आयोग ने शनिवार को कई अहम कदमों की घोषणा की। आयोग ने नाम हटाने के नोटिस का सामना कर रहे लोगों के लिए दावे-आपत्तियां दाखिल करने की अवधि बढ़ाने के साथ घर पर दस्तावेज जुटाने और मदद के लिए विशेष सहायता केंद्र व शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्वाचन आयुक्त डॉ. एसएस संधू और विवेक जोशी भी मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट भी गया था विपक्ष : रविशंकर

■ भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने वालों में कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी, सीपीएम और टीएमसी शामिल थे। रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस और राहुल गांधी चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं।

तेलंगाना | गणपति विसर्जन
अलग-अलग हादसों में 13 की मौत

■ पुलिसकर्मी ने तोड़ा दम
■ कुल 26 श्रद्धालु घायल

हैदराबाद। तेलंगाना में गणेश विसर्जन समारोह के दौरान एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर समेत 13 लोगों की मौत हो गई। डीजीपी सी. वी. आनंद ने बताया कि विसर्जन से जुड़ी घटनाओं में 26 अन्य लोग घायल हुए हैं। विसर्जन का काम शनिवार दोपहर तक चलता रहा। डीजीपी सीवी आनंद ने दुख जताया कि तेलंगाना में गणेश विसर्जन के जश्न के दौरान कई जगहों पर दुखद घटनाएं हुईं। मरने वालों में न्यू कोठागुडेम के सब-इंस्पेक्टर वेंकन्ना भी शामिल थे, जो विसर्जन ड्यूटी के लिए हैदराबाद आए थे। साइबराबाद इलाके के पटनचेरू में छह लोगों की मौत हुई। जबकि शुक्रवार तड़के खैरताबाद में शिवा नाम के एक व्यक्ति की मौत हो गई। निर्मल में दिल का दौरा पड़ने से एक और व्यक्ति की मौत की खबर मिली। डीजे सिस्टम से होने वाले तेज शोर की वजह से भी कुछ मौतें हुईं।

मौसम

न्यूनतम तापमान 27.0°
अधिकतम तापमान 32.0°
सूर्यास्त 6.30 रविवार
सूर्योदय 6.29 सोमवार

न्यूज BRIEF

कुणाल घोष की कार पर फेंके अंडे

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के श्रीरामपुर में पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की रैली से पहले राजनीतिक तनाव बढ़ गया। शनिवार को रैली में शामिल होने जा रहे टीएमसी विधायक कुणाल घोष की कार पर अंडे फेंके जाने की खबर सामने आई है। घटना उत्तरपाड़ा इलाके में हुई। यहां लोगों ने ममता बनर्जी के खिलाफ काले झंडे दिखाए।

मेरठ : सील होंगी 16726 संपत्तियां

नई दिल्ली। अवैध निर्माण और आवासीय संपत्तियों के व्यावसायिक इस्तेमाल पर गंभीर रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को मेरठ में 16726 संपत्तियों को सील करने और अनधिकृत निर्माण गिराने का निर्देश दिया है। पीठ ने मेरठ के उल्देपुर में अवैध आवासीय कॉलोनियों के विकसित होने की प्रकृति की विस्तृत जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग गठित किया है।

हेमकुंड साहिब और यमुनोत्री में बर्फबारी

ज्योतिर्मठ। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में शनिवार सवेरे से झमाझम बारिश हो रही है। यमुनोत्री धाम के आसपास ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई है। टॉप, सप्त ऋषि कुंड, बंदरपूंछ और गरुड़ गंगा क्षेत्र में हिमपात की सूचना है। बारिश और बर्फबारी के बाद यमुनोत्री धाम में ठंड बढ़ गई है। हेमकुंड साहिब क्षेत्र में भी बर्फबारी हुई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही को पुलिस और एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे हैं।

जहरीली शराब से 19 लोगों की मौत

कोहिमा। नगालैंड में जहरीली शराब पीने से 19 लोगों की मौत हो गई है। राज्य में 1990 से शराब पर पाबंदी लागू है। इसके बावजूद पुलिस ने राज्य में 3,000 बोतलें जब्त की हैं। पुलिस ने बताया कि पिछले दो दिनों में मोकोकचुंग जिले में आठ और तुएनसांग जिले में 11 लोगों की मौत अवैध शराब पीने से हुई है। पुलिस ने मिलावटी शराब की सप्लाई चेन का पता लगाने एक टीम बनाई है। जांच को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई गई है।

धमाके से फिर दहला पाकिस्तान
डेरा इस्माइल खान में आत्मघाती हमला

12 मरे 18 घायल
इलाके में मची अफरा-तफरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के डेरा इस्माइल खान में शनिवार को एक पुलिस चेकपोस्ट को निशाना बनाकर बम धमाका किया गया। घटना दराजिंदा इलाके के पास अमन मेला चेकपोस्ट पर हुई। विस्फोट में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 अन्य घायल हुए हैं। धमाके के बाद राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचा और मलबे से लोगों को निकालने का काम शुरू किया। हमलावर ने विस्फोटकों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस चेकपोस्ट से टकरा दिया। मृतकों में दो महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं। सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क विभाग के दो अधिकारी भी हमले में मारे गए हैं। पुलिस के मुताबिक यह चेकपोस्ट मुगल कोट और दराजिंदा के बीच डीआई खान-क्वेटा रोड पर स्थित है।

राजस्थान के चार व्यापारियों की गुजरात में मौत

सांचौर। राजस्थान के चार व्यापारियों की गुजरात में सड़क हादसे में मौत हो गई। चारों जालोर जिले के सांचौर और भीनमाल क्षेत्र के रहने वाले थे। उनका मुंबई में कारोबार है। चारों व्यापारी कार से मुंबई से गुजरात के पाटण जिले के प्रसिद्ध शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन तीर्थ दर्शन के लिए जा रहे थे। तेज रफ्तार कार हाइवे की इमरजेंसी लेन में खड़े डंपर में घुस गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर कामरेज पुलिस मौके पर पहुंची। कार में फंसे चारों शवों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। मृतकों की पहचान भीनमाल के नासोली निवासी प्रवीण जैन, कोरा गांव निवासी संजय जैन, हाड़ेचा निवासी जयंतीलाल पुत्र चुन्नीलाल जैन और हाड़ेचा निवासी पोपटलाल पुत्र जीतमल जैन के रूप में हुई है। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे सूरत जिले में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए कामरेज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा।

▶▶ हाइवे पर खड़े डंपर में घुसी कार | ▶▶ जैन तीर्थ के दर्शनार्थ जा रहे थे

मुंबई से जा रहे थे शंखेश्वर पार्श्वनाथ

■ सूरत जिला एसपी राजेश गढ़िया ने बताया कि मुंबई से टाटा हैरियर कार से 4 व्यापारी पाटण जिले के शंखेश्वर स्थित प्रसिद्ध शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन तीर्थ के दर्शन के लिए जा रहे थे। डिगस गांव की सीमा में ताप्ती नदी के ब्रिज से आगे हाईवे की बाईं ओर इमरजेंसी लेन में डंपर खड़ा था। तेज रफ्तार कार डंपर में घुस गई।

भारी बारिश के चलते चारधाम यात्रा स्थगित

देहरादून। पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बारिश को देखते हुए गढ़वाल आयुक्त आनंद स्वरूप की ओर से चारधाम यात्रा को रविवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। गढ़वाल आयुक्त के आदेश मिलने के बाद एआरटीओ कार्यालय में भी ग्रीनकार्ड और ट्रिप कार्ड का काम रोक दिया गया है। लगातार बारिश को देखते हुए चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए गढ़वाल आयुक्त चारधाम यात्रा प्रबंधन व नियंत्रण संगठन, गढ़वाल मंडल की ओर से मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त मौसम संबंधी सूचना का संज्ञान लेते हुए शनिवार दोपहर से रविवार तक यात्रा को स्थगित कर दिया गया है।

बीकानेर में एसीबी का बड़ा एक्शन
विकास अधिकारी की गाड़ी से मिले आठ लाख

बीकानेर। लोहावट के विकास अधिकारी नारायण सुथार के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्रवाई लगातार आगे बढ़ रही है। बीते दिन उनकी गाड़ी से 8 लाख 14 हजार रुपए से अधिक की नकदी मिलने के बाद एसीबी ने जांच का दायरा बढ़ाया। उनके घर से करीब एक किलो सोने के बिस्किट, आभूषण और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम एसीबी की टीम ने एएसपी आशीष कुमार के नेतृत्व में नोखा रोड पर औचक चेकिंग के दौरान विकास अधिकारी की गाड़ी को रुकवाया था। तलाशी के दौरान वाहन से 8 लाख 14 हजार रुपए से अधिक की नकदी बरामद हुई। इसके बाद अधिकारी से पूछताछ की गई।

घर पर छापेमारी में एक किलो सोना बरामद

घर से मिले सोने के बिस्किट-दस्तावेज

नकदी बरामद होने के बाद एसीबी ने विकास अधिकारी के आवास सहित अन्य स्थानों पर सर्च अभियान चलाया। सर्च के दौरान सोने के बिस्किट, आभूषण, संपत्ति संबंधी दस्तावेज, रजिस्ट्रियां तथा अन्य महत्वपूर्ण कागजात मिले हैं। जांच एजेंसी अब बरामद नकदी, सोने और दस्तावेजों के बीच संबंधों की पड़ताल कर रही है। सूत्रों के अनुसार कई दस्तावेजों को जांच के लिए जब्त किया गया है।

बांग्लादेश : हिंदू ज्वैलरी कारोबारी की हत्या

■ नहर में ड्रम के अंदर मिला शव

ढाका। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर एक और चिंताजनक घटना सामने आई है। मयमनसिंह जिले के बेगुनबाड़ी इलाके में एक हिंदू व्यक्ति का शव ड्रम के अंदर तैरता मिला। स्थानीय मीडिया के मुताबिक शव स्लूइस गेट के पास बरामद हुआ। मृतक की पहचान 50 साल के निरंजन चंद्र सूत्रधार के तौर पर हुई है, जो मयमनसिंह के अठारबारी बिल्डिंग इलाके में एक ज्वैलरी शॉप चलाते थे। बांग्लादेश के प्रमुख बंगाली अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस अभी तक यह पता नहीं लगा पाई है कि निरंजन की हत्या किसने की या इसके पीछे क्या मकसद था; शुक्रवार तक इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी। कोतवाली मॉडल पुलिस स्टेशन के ओसी मुहम्मद शिबिरुल इस्लाम के अनुसार मृतक के सिर और छाती पर धारदार हथियार से चोट के निशान थे।

'आतंकी देश पूछ रहा सवाल'

जयशंकर ने की पाक पत्रकार की बोलती बंद

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में हिस्सा लेने न्यूयोर्क पहुंचे भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर एक पाकिस्तानी पत्रकार को सख्त जवाब दिया है। लाइबेरिया की विदेश मंत्री सारा बेयसोलोव न्यांती के साथ समुद्री सुरक्षा जैसे अहम विषय पर प्रेस वार्ता के दौरान यह वाकया पेश आया। समापन पर एक पाकिस्तानी पत्रकार ने अचानक खड़े होकर जोर-शोर से सवाल दागा कि भारत सरकार पाकिस्तान में कथित आतंकवाद को बढ़ावा देना कब बंद करेगी? इस पर भारतीय विदेश मंत्री ने बिना किसी झिझक के कड़ा प्रहार करते हुए कहा, ₹एक ऐसा देश जो खुद आतंकवाद की जननी है और इसे पनाह देता है, वह मुझसे यह सवाल पूछ रहा है।₹ इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने स्थिति को संभालते हुए पत्रकार से कहा कि उन्हें उनका उत्तर स्पष्ट और तेज आवाज में मिल चुका है, अब अन्य स्पष्टीकरण की आवश्यकता नहीं है।

राम दान की लूट
अविनाश ने की 85 बार चोरी

अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे की रकम की कथित चोरी के मामले में पुलिस की ओर से अदालत में दाखिल चार्जशीट में सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल डाटा और कॉल डिटेल रिकॉड के आधार पर अभियुक्तों की भूमिका का विस्तृत ब्योरा दिया गया है। चार्जशीट के मुताबिक अविनाश शुक्ला सीसीटीवी फुटेज में कुल 85 बार चढ़ावे की रकम चोरी करते और चार बार अन्य अभियुक्तों को चोरी में सहयोग करते दिखाई दिया। चार्जशीट में करुणेश पांडेय दो बार चोरी करते और 68 बार सह अभियुक्तों की मदद करते दिखाई दिया। मनीष कुमार यादव 16 बार चढ़ावे की रकम अपने पास रखते और 19 बार अन्य अभियुक्तों का सहयोग करते दिखाई दिया।

सीडीआर में लगातार संपर्क

सीडीआर के विश्लेषण में संबंधित अवधि के दौरान अभियुक्तों के बीच लगातार संपर्क पाए जाने का दावा किया गया है। चार्जशीट में सीसीटीवी, डिजिटल, मौखिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर आपसी समन्वय और आपराधिक षड्यंत्र के साक्ष्य मिलने की बात कही गई है। अभियुक्तों ने सुविचारित और सुनियोजित तरीके से गणना कक्ष से चढ़ावे की रकम की चोरी और आपराधिक न्यासभंग किया।

रामनगरी पहुंची एनएसजी की टीम

■ अयोध्या की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की कवायद के बीच नेशनल सिक्योरिटी गार्ड की टीम अयोध्या पहुंची। टीम ने परिसर में सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों के साथ विभिन्न पहलुओं पर जानकारी ली। टीम की ओर से राम मंदिर की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों के समक्ष प्रेजेंटेशन दिया गया। अयोध्या में एनएसजी का क्षेत्रीय केंद्र स्थापित करने की तैयारी पहले से चल रही है। मिल्कीपुर तहसील में करीब 65 एकड़ भूमि एनएसजी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना के लिए हस्तांतरित करने को मंजूरी दी है।

रेल मंत्रालय का तोहफा
गुंटूर में बनेगा 4 लेन रोड ओवरब्रिज

नई दिल्ली। नया रेलवे-नया आंध्र प्रदेश की परिकल्पना के तहत शहरी आवागमन और रेल सुरक्षा को बढ़ावा देने एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में गुंटूर और नंबूर रेलवे स्टेशनों के बीच चार लेन वाले रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) की आधारशिला शनिवार को केंद्रीय रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्रशेखर द्वारा रखी गई।



लगभग 108 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से स्वीकृत, रेल मंत्रालय द्वारा पूर्ण लागत वहन की जा रही 668 मीटर लंबी चार लेन वाली यह पुलिका गुंटूर-नाम्बूर लाइन के गुंटूर-कृष्णा नहर खंड पर स्थित लेवल क्रॉसिंग (एलसी) गेट नंबर 3 का स्थान लेगी। गुंटूर शहर के इनर रिंग रोड के निकट स्थित यह पुल बस स्टैंड रोड को सीधे गोरंटला गांव से जोड़ता है। 2.9 एकड़ भूमि की आवश्यकता वाले इस पुल का निर्माण कार्य शीघ्र ही शुरू होने वाला है। रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि भारतीय रेलवे यात्री सुरक्षा और परिचालन दक्षता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

मध्य रेल : पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व को विशेष ट्रेनों का संचालन

मुंबई। मध्य रेल द्वारा आगामी पूजा, दीपावली एवं छठ पर्व के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए विभिन्न मार्गों पर विशेष ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। 01123 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 11 अक्टूबर से 20 नवंबर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार 12.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 21.30 बजे मऊ पहुंचेगी। 01124 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 13 अक्टूबर से 22 नवंबर तक मऊ से प्रत्येक रविवार एवं मंगलवार को 04.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 16.45 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंगपुर, मदन महाल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर, शाहगंज, खोरासन रोड, आजमगढ़ और मुहम्मदाबाद गोहना स्टेशनों पर ठहरेंगी। 01431 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 13 अक्टूबर से 20 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार और मंगलवार 06:55 बजे हडपसर से प्रस्थान कर अगले दिन 20:15 बजे गाजीपुर सिटी पहुंचेगी। 01432 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 15 अक्टूबर से 22 नवंबर तक प्रत्येक रविवार और गुरुवार को 04:00 बजे गाजीपुर सिटी से प्रस्थान कर अगले दिन 16:20 बजे हडपसर पहुंचेगी। दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, वाराणसी, जौनपुर और औंड़िहार जंक्शन स्टेशनों पर ठहरेंगी। 01202 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 09 अक्टूबर से 20 नवंबर तक हडपसर से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को 16:05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 6:30 बजे नागपुर पहुंचेगी। 01201 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 08 अक्टूबर से 19 नवंबर तक नागपुर से प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को 19:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:05 बजे हडपसर पहुंचेगी। उरुली, दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, बडनेरा, धामणगांव और वर्धा स्टेशनों पर ठहरेंगी। 01079 दैनिक विशेष ट्रेन 16 अक्टूबर से 16 नवंबर तक सीएसएमटी से प्रतिदिन 22:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 10 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। 01080 दैनिक विशेष ट्रेन 18 अक्टूबर से 18 नवंबर तक गोरखपुर से प्रतिदिन 14:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 00:40 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, नाशिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, मनकापुर, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर ठहरेंगी। 01210 साप्ताहिक विशेष ट्रेन 11 अक्टूबर से 22 नवंबर तक हडपसर से प्रत्येक रविवार को 16:05 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 6:30 बजे नागपुर पहुंचेगी। 01209 साप्ताहिक विशेष ट्रेन 10 अक्टूबर से 21 नवंबर तक नागपुर से प्रत्येक शनिवार को 19:40 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 11:05 बजे हडपसर पहुंचेगी। उरुली, दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, बडनेरा, धामणगांव और वर्धा स्टेशनों पर ठहरेंगी। 02139 साप्ताहिक विशेष ट्रेन 17 अक्टूबर से 21 नवंबर तक सीएसएमटी से प्रत्येक शनिवार को 00:25 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 15:35 बजे नागपुर पहुंचेगी। 02140 साप्ताहिक विशेष ट्रेन 18 अक्टूबर से 22 नवंबर तक नागपुर से प्रत्येक रविवार को 13:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04:10 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, नाशिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, मूर्तिजापुर, बडनेरा, धामणगांव और वर्धा स्टेशनों पर ठहरेगी।01415 दैनिक विशेष ट्रेन 16 अक्टूबर से 16 नवंबर तक पुणे से प्रतिदिन 07:05 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16:00 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। 01416 दैनिक विशेष ट्रेन 17 अक्टूबर से 17 नवंबर तक गोरखपुर से प्रतिदिन 17:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 03:30 बजे हडपसर पहुंचेगी। दौंड कॉर्ड लाइन, अहिल्यानगर, बेलापुर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, मनकापुर और बस्ती स्टेशनों पर ठहरेंगी। 01404 साप्ताहिक विशेष ट्रेन 14 अक्टूबर से 18 नवंबर तक नवी अमरावती से प्रत्येक बुधवार को 12:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00:15 बजे पुणे पहुंचेगी। 01403 साप्ताहिक विशेष ट्रेन 13 अक्टूबर से 17 नवंबर तक पुणे से प्रत्येक मंगलवार को 19:55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10:05 बजे नवी अमरावती पहुंचेगी। बडनेरा, मुर्तिजापुर, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, चालीसगांव, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहिल्यानगर और दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशनों पर रुकेगी। 01051 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 14 अक्टूबर से 19 नवंबर तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को 12:15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 16:05 बजे बनारस पहुंचेगी। 01052 द्वि-साप्ताहिक विशेष ट्रेन 15 अक्टूबर से 20 नवंबर तक बनारस से प्रत्येक गुरुवार एवं शुक्रवार को 20:30 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन 04:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंगपुर, मदन महाल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी और वाराणसी स्टेशनों पर ठहरेंगी। विशेष ट्रेन क्रमांक – 01123, 01431, 01201, 01202, 01079, के लिए बुकिंग 27 सितंबर और विशेष ट्रेन क्रमांक – 01209, 01210, 02139, 02140, 01415, 01403, 01404, 01051 के लिए बुकिंग 28 सितंबर से शुरू हो जाएगी।

63वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप

मध्य रेल ने जीते तीन स्वर्ण पदक

मुंबई। मध्य रेल ने 22 से 24 सितंबर तक राजस्थान के जयपुर स्थित सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम के साइक्लिंग वेलोड्रोम में आयोजित 63वीं अखिल भारतीय रेलवे ट्रैक साइक्लिंग चैंपियनशिप 2026–27 में उपविजेता ट्रॉफी हासिल की। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा आयोजित इस चैंपियनशिप में 9 रेलवे टीमों ने 8 स्पर्धाओं में भाग लिया। मध्य रेल ने 47 अंक अर्जित करते हुए 3 स्वर्ण और 1 रजत पदक अपने नाम किए। मध्य रेल के 3 स्वर्ण पदक 15 KM स्क्रैच रेस, टीम स्प्रिंट और पुरुषों की 4 KM टीम परस्यूट स्पर्धा में आए। अजयपाल सिंह ने 15 KM स्क्रैच रेस में स्वर्ण पदक जीता। टीम स्प्रिंट में जीता गया स्वर्ण पदक विशेष उपलब्धि रहा, क्योंकि अखिल भारतीय रेलवे चैंपियनशिप की इस स्पर्धा में मध्य रेल ने पहली बार स्वर्ण पदक हासिल किया है। पुरुषों की 4 KM टीम परस्यूट स्पर्धा में भी 12 वर्ष के अंतराल के बाद स्वर्ण पदक जीतकर महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। स्वर्ण पदक विजेता टीम में अजयपाल सिंह, सुशांत, दिलवर, विवेक कुमार, कपिल, अथर्व पाटील और टोला राम दूडी शामिल थे।

पश्चिम रेलवे चलाएगी तीन स्पेशल ट्रेनें

मुंबई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ट्रेन संख्या 09007 मुंबई सेंट्रल-धौलपुर स्पेशल 2 एवं 6 अक्टूबर को मुंबई सेंट्रल से 10.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.10 बजे धौलपुर पहुंचेगी। 09008 धौलपुर-मुंबई सेंट्रल स्पेशल 03 एवं 07 अक्टूबर को धौलपुर से 14.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.30 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, फतेहपुर सीकरी और आगरा कैंट स्टेशनों पर रुकेगी। 09023 बांद्रा टर्मिनस-धौलपुर स्पेशल 07 अक्टूबर को बांद्रा टर्मिनस से 11 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 10.10 बजे धौलपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 09024 धौलपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल 08 अक्टूबर को धौलपुर से 14.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 16.10 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, फतेहपुर सीकरी और आगरा कैंट स्टेशनों पर रुकेगी। 04168 उधना-कानपुर सेंट्रल साप्ताहिक स्पेशल प्रत्येक शनिवार को उधना से 23.25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 22.10 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 03 अक्टूबर से 28 नवंबर तक चलेगी। 04167 कानपुर सेंट्रल-उधना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को कानपुर सेंट्रल से 22.00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.40 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 02 अक्टूबर से 27 नवंबर तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, फतेहपुर सीकरी, ईदगाह आगरा, टूंडला, इटावा, फफूंद और झींझक स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 09007, 09023 एवं 04168 की बुकिंग 28 सितंबर से शुरू होगी।

पहले सप्ताह से 'अक्टूबर हिट' के संकेत

मुंबई। सितंबर महीने के अंतिम दिनों में महाराष्ट्र में एक बार फिर गर्मी और उमस का असर बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल राज्य के कई हिस्सों में बारिश के कारण मौसम में हल्की ठंडक महसूस हो रही है, लेकिन अक्टूबर के पहले सप्ताह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में हर साल महसूस होने वाली 'अक्टूबर हिट' इस बार भी नागरिकों को परेशान कर सकती है। दरअसल देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून अब धीरे-धीरे वापसी की ओर बढ़ रहा है। उत्तर भारत के कई हिस्सों से मानसून की वापसी शुरू होने के साथ ही मौसम में बदलाव दिखाई देने लगा है।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 26/45 | दिनांक : 25.09.2026

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001: 2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	निविदा खुलने की तिथि
1	63255691	मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ बोल्ट्स एण्ड नट्स ऑफ 25 एमएम डाया ऑफ वेरियस साइजेस ऐज पर स्पेसिफिकेशन आईआरएस-टी-23-2021 विथ लेटेस्ट एमेंडमेन्ट	152.48 एमटी.	09-NOV-26
2	80265016	सिलिंड्रिकल रोलर बेयरिंग	1236 सेट एवं 25 नग	28.10.2026
3	30264292	बैटरी बॉक्स	415 नग	21.10.2026
4	30262820A	फुट स्टेप कम्पलीट	1593 नग	01.12.2026
5	70254301डी	विंटर जैकेट	5496 नग	19.10.2026
6	40263203	लेड एसिड बैटरी 8V 500AH	527 नग	27.10.2026

नोट : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **2192/26 (C)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

पूर्वोत्तर रेलवे

निविदा सूचना संख्या 05 दिनांक 23.09.2026

Website : www.ner.indianrailways.gov.in & www.tenders.gov.in E-mail : dycmmgkpd@gmail.com

ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in & www.tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र. सं.	निविदा संख्या एवं खुलने की तिथि	मद का संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अर्नेस्ट मनी (रुपया)
1.	10268402 Dt. 23.10.26	सप्लाई ऑफ इ बीम इराडिएटेड थीन वाल्ड एलास्टोमेरिक केबल इत्यादि	5880 MTR	1,99,370/-
2.	10268447 Dt. 21.10.26	सप्लाई, इंस्टालेशन एंड कमीशनिंग ऑफ गुलोटिन शीअरिंग मशीन इत्यादि	01 No.	1,38,240/-
3.	10268342 Dt. 22.10.26	सप्लाई ऑफ रूफ माउंटेड AC पैकेज यूनिट (RMPU) टाइप-I फार LHB इत्यादि	03 Set	1,48,800/-

1. उपरोक्त निविदा आईआरईपीएस के साईट http://www.ireps.gov.in पर स्थित है। जो प्रतिष्ठान इलेक्ट्रानिकली पंजीकृत हैं वे ई-टेन्डर में सम्मिलित हो सकते हैं। जो प्रतिष्ठान क्लास-3 डिजिटल सर्टिफिकेट नहीं प्राप्त किये हैं वे अधिकृत एजेन्सी जो भारत सरकार के द्वारा अधिकार पत्र आईटी अधिनियम 2000 से अधिकृत हैं उनसे प्राप्त कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी। **2.** आपूर्तिकर्तागण को यह सूचित किया जाता है कि उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर विज्ञापित निविदाएँ एवं सभी बुलेटिन निविदाएँ केवल ईपीएस (ई-प्रोक्योरमेन्ट सिस्टम) द्वारा खोली जा रही हैं। जो भी प्रतिष्ठान उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर की निविदाओं के प्रति इच्छुक हों एवं भाग लेना चाहते हों उन्हें आवश्यक डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट प्राप्त करना होगा एवं अपने प्रतिष्ठान को CRIS/NEW DELHI में पंजीकृत कराना होगा। इस संबंध में आवश्यक विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। **3.** निविदा सूचना के अंग्रेजी एवं हिन्दी प्रकाशन में भिन्नता होने की स्थिति में अंग्रेजी प्रकाशन मान्य होगा। **4.** एलोकेशन शीर्ष निविदा प्रपत्र, जमानती धनराशि का 00844517 तथा बयाना धनराशि का 00084506 है। **5.** उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/डिपो/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर द्वारा प्रकाशित ई. निविदाओं का टेंडर कास्ट तथा ईएमडी का भुगतान ऑन-लाइन IREPS PORTAL पर ही मान्य होगा जो दिनांक 01.09.2016 से या उनके बाद प्रकाशित निविदाओं पर प्रभावी होगा। यह Global Tender पर प्रभावी नहीं होगा।

मुजाधि/एस-64 | उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/डिपो, पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

Public Works Department
Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Durg Circle Durg (C.G.)

REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)

(1st Call)

No. 02 /Durg /2026-27 | **Durg, Dated.** 23.09.2026

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

रेस्ट हाउस परिसर जिला दुर्ग में नवीन सर्किट हाउस निर्माण के योजना डिजाईन एवं प्राक्कलन तैयार करने हेतु वास्तुविद् चयन करने बाबत्।

Situated at Durg

Probable cost of project Rs. 800.00 Lakh.

Estimated cost of project Rs. 800.00 Lakh

Minimum eligibility for participants shall be as below :-

S. N.	Building project cost	The applicant firms, firms forming Joint venture/consortium shall be	Earnest money (In shape as per annexure I) Favor of Executive Engineer, PWD Durg Division Durg
1	For project cost Between 1 Crore to 10 Crore	Empanelled as architect in Class **"D"** Class in C.G. PWD.	Rs. 15,000=00

General condition :- All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated **12.10.2026** by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

नोटः- उल्लेखनीय है कि सक्षम स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत ही कंसल्टेंसी फर्म को देयकों का नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा।

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & **http://cgstate.gov.in/** from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Sd/-
Superintending Engineer
Public Works Department
Durg Circle Durg

G-262703524/1

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सं0 GSU-ST-ROB-8-2026 | **दिनांकः 22.09.2026**

ई-निविदा सूचना

डिप्टी सीएसटीई गति शक्ति यूनिट (सिगन्ल और टेलीकम्युनिकेशन) के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित फॉर्म पर खुली **ई-निविदा**, वर्णित **खुलने की तिथि को 12.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण इस प्रकार हैः-

क्र.सं.: 1	निविदा संख्याः 8	काम की अनुमानित लागतः 62974776.55

कार्य का विवरणः प्रयागराज मंडल के AAP-TDL खंड पर L-Xing संख्या) 24 EKL-ETW) (किमी. (13-11/1150, L-Xing संख्या) 25 EKL-ETW) (किमी (15-13/1153., L-Xing संख्या) 26 EKL-ETW) (किमी (25-23/1154., L-Xing संख्या) 31 EKL-SB) (किमी/1163. (13-11, L-Xing संख्या) 60 MNR-FZD) (किमी (11-9/1226. और CNB-RURA खंड पर L-Xing संख्या-85 SPL (PNKD-BPU) किमी) (15-13/1038 के स्थान पर 2 लेन ROB के निर्माण के संबंध में मौजूदा EI और संबंधित S&T कार्यों में संशोधन/परिवर्तन।

अग्रिम राशिः 1259500.00	**निविदा प्रपत्र की लागतः** 0.00
समापन अवधिः 24 माह	**निविदा खुलने की तिथिः** 14.10.2026

2. निविदा प्रपत्र की उपलब्धताः निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **3. धरोहर राशि जमा करना एवं उसका रूपः** उपरोक्त लिखित अग्रिम राशि केवल इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जानी चाहिए। निविदाकर्ता (ओं) को ध्यान देना चाहिए कि, किसी भी मामले में, उपरोक्त निर्दिष्ट के अलावा किसी अन्य रूप में धरोहर राशि स्वीकार्य नहीं होगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतया अस्वीकृत कर दी जाएगी। **4. निविदा खुलने का समय तथा स्थानः** निविदा ई- निविदा के माध्यम से मण्डल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में **12:30 बजे** या उसके बाद खोली जायेगी। यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है, तो निविदाएं अगले कार्य दिवस को खोली जाएंगी। **5. निविदा की वैधताः** निविदा खुलने की तारीख से 60 दिन। **6. निविदा से डील हेतु रेलवे के अधिकारः** रेल प्रशासन बिना कोई कारण बताए निविदा को स्थगित/संशोधित करने या रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है **2179/26(K)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः- 22-विद्युत/सा0/प्रयागराज/26-27 | **दिनांकः 23.09.2026**

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत् अभियंता (सामान्य) उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा दिनांक 16.10.2026 समय 15:00 बजे तक आमंत्रित करते हैं निविदा सम्बंधित विस्तृत विवरण निम्नलिखित है-

निविदा सूचना संख्याः ELG-53-2627	**काम की लागत (₹ में):** 10128085.24
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 202600.00	

कार्य का नामः शेड्यूल A-शिकोहाबाद जंक्शन (प्रयागराज डिवीजन) से जुड़ा विद्युत् कार्य CNB-TDL सेक्शन में शिकोहाबाद स्टेशन पर PF-3/4 की सतह को बेहतर बनाना। मखनपुर (प्रयागराज): अंबियापुर-टुंडला सेक्शन के तहत MNR में MEA की कमी को पूरा करने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 को ऊंचे लेवल तक उठाना। शेड्यूल B-"PRYJ: ADEN/FTP के तहत SSL स्टेशन पर मिनिमम एसेंशियल (MEA) की कमी को पूरा करने के लिए प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 को ऊंचे लेवल तक उठाने के काम से जुड़ा विद्युत् कार्य। शेड्यूल C-"PCOI: HWH और NDLS की तरफ पहली मंजिल पर PCOI स्टेशन बिल्डिंग का विस्तार और फर्नीचर वगैरह" से जुड़ा विद्युत् कार्य। "NYN-MKP सेक्शन में इरादतगंज (IDGJ) स्टेशन पर मौजूदा गैंग रेस्ट रूम की जगह नया गैंग रेस्ट रूम बनाने" से जुड़ा विद्युत् कार्य।

निविदा सूचना संख्याः ELG-54-2627	**काम की लागत (₹ में):** 8823792.35
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 176500.00	

कार्य का नामः "NCC CNB सिक लाइन शेड को DLI की तरफ 30 मीटर तक बढ़ाने और साथ ही एक वंदे भारत कोच की लंबाई के बराबर एक एग्जामिनेशन पिट बनाने" से जुड़ा इलेक्ट्रिकल काम। "GMC यार्ड कानपुर में लाइटिंग की व्यवस्था को अपग्रेड करने और पाथवे बनाने' से जुड़ा विद्युत् कार्य।

निविदा सूचना संख्याः ELG-55-2627	**काम की लागत (₹ में):** 31370182.31
बिड सिक्योरिटी (₹ में): 627400.00	

कार्य का नामः PRYJ डिवीज़न के स्टेशन क्षेत्रों में हाई मास्ट लगाने की व्यवस्था (चरण- I)।

कार्य समाप्त करने की समयावधि: 12 महीना

निविदा खुलने की तिथिः 16.10.2026, समय-15:00 बजे।

इसे सक्षम Sr. DEE/G/PRYJ का अनुमोदन प्राप्त है। **नोटः 1.** उपरोक्त ई-टेंडर के साथ पूरी जानकारी (निविदा दस्तावेज़ के साथ) वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00** बजे निविदा खोलने की तिथि तक उपलब्ध है। **2174/26(AK)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई और धौलपुर के बीच दो जोडी विशेष गाड़ियों का परिचालन

गाड़ी नं.	प्रारंभ एवं गंतव्य स्टेशन	परिचालन दिन	प्रस्थान	आगमन
09007	मुंबई सेंट्रल-धौलपुर	02.10.2026 तथा 06.10.2026	10.30 बजे (शुक्र एवं मंगल)	10.10 बजे (अगले दिन)
09008	धौलपुर-मुंबई सेंट्रल	03.10.2026 तथा 07.10.2026	14.00 बजे (शनि एवं बुध)	16.30 बजे (अगले दिन)
विरामः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, फतेहपुर सीकरी तथा आगरा केंट स्टेशन्स दोनो दिशाओं में।				
वर्गीकरणः एसी 3 टायर, स्लीपर क्लास तथा जनरल सेकंड क्लास कोचेस।				
09023	बांद्रा टर्मिनस-धौलपुर	07.10.2026	11.00 बजे (बुधवार)	10.10 बजे (अगले दिन)
09024	धौलपुर-बांद्रा टर्मिनस	08.10.2026	14.00 बजे (गुरुवार)	16.10 बजे (अगले दिन)
विरामः बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, फतेहपुर सीकरी तथा आगरा केंट स्टेशन्स दोनो दिशाओं में।				
वर्गीकरणः एसी 3 टायर, स्लीपर क्लास तथा जनरल सेकंड क्लास कोचेस।				

गाड़ियों के समय, विराम एवं वर्गीकरण के विस्तृत जानकारी के संबंध में हेतु यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

गाडी नं. 09007 तथा 09023 का आरक्षण सभी पीआरएस काउंटर्स एवं आईआरसीटीसी वेबसाइट पर 28.09.2026 से खुलेगा। उपरोक्त गाडी विशेष दरों पर एवं विशेष गाडी के रूप में चलाई जाएंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक व फॉलो करें
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

सभी आरक्षित टिकटधारक अपने साथ मूल आईडी पहचान पत्र रखें।

भुसावल मंडल : स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान

स्वच्छता, जागरुकता एवं श्रमदान गतिविधियां आयोजित

मुंबई। मध्य रेल, भुसावल मंडल में "स्वच्छता ही सेवा 2026" अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस वर्ष अभियान का विषय "स्वच्छता में सहभागिता; स्वच्छ भारत, विकसित भारत" है। विभिन्न रेलवे स्टेशनों, रेलवे कॉलोनियों एवं रेलवे कार्यालयों में "स्वच्छता एवं कार्यक्रमोत्तर स्वच्छता" के अंतर्गत विभिन्न स्वच्छता, जागरुकता एवं श्रमदान गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें मलकापुर एवं शेगांव रेलवे स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण, स्टेशन परिसर की व्यापक साफ-सफाई तथा दीवारों एवं अन्य स्थानों पर लगे पान एवं गुटखे के दागों को हटाया गया। गणेश विसर्जन के उपरांत एकत्रित फूलों का फूलों से जैविक खाद बनाने के लिए उपयोग किया गया। बुरहानपुर रेलवे स्टेशन एवं बडनेरा रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता जागरुकता रैली के माध्यम से यात्रियों एवं रेलवे कर्मचारियों को स्टेशन परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, कूड़ेदान का उपयोग करने तथा गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया गया। अमरावती रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 4 के समीप श्रमदान गतिविधि आयोजित की गई। इसमें स्टेशन प्रबंधक, सहायक मंडल अभियंता, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक एवं स्टाफ, केंद्रीयकृत बुकिंग पर्यवेक्षण स्टाफ, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (सवारी एवं माल डिब्बा) एवं स्टाफ, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (दूरसंचार), कार्यालय अधीक्षक कार्यालय स्टाफ, रेलवे सुरक्षा बल स्टाफ, मुख्य अनुरक्षक (कार्य) एवं स्टाफ, मुख्य अनुरक्षक (विद्युत/सामान्य) एवं स्टाफ, परिचालन स्टाफ तथा सफाई एवं गृह व्यवस्था स्टाफ सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सहभागिता की। इस श्रमदान गतिविधि में कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुर्तिजापुर रेलवे कॉलोनी में भी श्रमदान गतिविधि आयोजित की गई।

मध्य रेल पर छह एकतरफा विशेष ट्रेनें

मुंबई। यात्रियों की सुविधा के लिए मध्य रेल मुंबई-नागपुर / अमरावती / कोल्हापुर / सोलापुर के बीच 6 एकतरफा विशेष ट्रेनें चलाएगा। ट्रेन संख्या 01119 एकतरफा विशेष छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 27 सितंबर (रविवार) को 11.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 03 बजे नागपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 01109 एकतरफा विशेष छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 28 सितंबर (सोमवार) को 00.25 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 15.32 बजे नागपुर पहुंचेगी। 01119 एवं 01109 का ठहराव दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, मूर्तिजापुर, बडनेरा, धामणगांव और वर्धा स्टेशनों पर होगा। 01107 एकतरफा विशेष छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 27 सितंबर (रविवार) को 15.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05.20 बजे अमरावती पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, शेगांव, अकोला, मूर्तिजापुर और बडनेरा स्टेशनों पर ठहरेंगी। 01111 एकतरफा विशेष छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 28 सितंबर (सोमवार) को 11.30 बजे प्रस्थान करेगी और उसी दिन 22.40 बजे श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस, कोल्हापुर पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, जेजुरी, लोणंद, सातारा, कराड, किर्लोस्करवाड़ी, सांगली, मिरज और हातकणंगले स्टेशनों पर ठहरेंगी। 01115 एकतरफा विशेष लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 27 सितंबर (रविवार) को 21.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.30 बजे सोलापुर पहुंचेगी। 01117 एकतरफा विशेष लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 28 सितंबर (सोमवार) को 21.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.30 बजे सोलापुर पहुंचेगी। 01115 एवं 01117 के ठाणे, पनवेल, लोनावला, पुणे, दौंड और कुर्डुवाड़ी स्टेशनों पर ठहरेंगी। उपरोक्त ट्रेनों के लिए बुकिंग 26 सितंबर तारीख से सभी शुरू होगी।

भारतीय रेल भुज-बरौनी के बीच सप्ताह में तीन बार नई अमृत भारत

मुंबई। भारतीय रेल ने गुजरात के भुज और बिहार के बरौनी के बीच सप्ताह में तीन बार चलने वाली नई अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू करने की मंजूरी दे दी है। मंडल रेल प्रबंधक, अहमदाबाद वेद प्रकाश ने बताया कि यह नई रेल सेवा 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ेगी।19427 भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस भुज से 17:30 बजे प्रस्थान करेगी और 04:05 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में, रेलगाड़ी संख्या 19428 बरौनी-भुज अमृत भारत एक्सप्रेस बरौनी से 23:55 बजे प्रस्थान करेगी और 13:15 बजे भुज पहुंचेगी। भुज-बरौनी रेलगाड़ी सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी, जबकि बरौनी-भुज रेलगाड़ी मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। नई रेल सेवा के मार्ग में कई महत्वपूर्ण स्टेशनों पर वाणिज्यिक ठहराव होगा, जिनमें समाखियाली, अहमदाबाद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, बरेली, इज्जतनगर, पीलीभीत, लखीमपुर, गोंडा, गोरखपुर, सीवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर शामिल हैं। नई रेल सेवा देश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों के बीच रेल यात्रा का एक अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेगी और गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करेगी।

एनएफआर ने माल परिवहन की सुरक्षा बढ़ाने आईआईटी गुवाहाटी से मिलाया हाथ

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने आईआईटी गुवाहाटी के साथ मिलकर एक आधुनिक एआई-आधारित तकनीकी समाधान प्रोजेक्ट दृष्टि शुरू किया है, जिसका उद्देश्य पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे पर मालगाड़ी के वैगनों की सुरक्षा और कुशलता को बेहतर बनाना है। इस प्रणाली का औपचारिक उद्घाटन 25 सितंबर को मालीगांव स्थित एनएफआर मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में किया गया। प्रोजेक्ट दृष्टि को अत्याधुनिक तकनीक के ज़रिए माल वैगनों के दरवाज़ों, तालों और सील की निगरानी को मजबूत करने के लिए विकसित किया जा रहा है। यह सिस्टम हाई-स्पीड कैमरे, इंटेलिजेंट लाइटिंग, सुरक्षित नेटवर्किंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एकीकृत करता है, ताकि वैगन के तालों और सील की बेहतर निगरानी हो सके और मार्ग में किसी भी तरह की गड़बड़ी या चोरी का समय रहते पता लगाया जा सके। इस मौके पर आईआईटी गुवाहाटी के प्रतिनिधि और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। एनएफआर के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव ने देश की आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने, आवश्यक सामग्रियों की ढुलाई और उद्योगों एवं कृषि को सहयोग देने में माल परिवहन की अहम भूमिका पर जोर दिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने आईआईटी गुवाहाटी की टीम और एनएफआर के अधिकारियों, सुपरवाइजरों और टेक्नीशियनों को इस कॉन्सेप्ट को एक तकनीकी समाधान में बदलने में उनके योगदान के ले बधाई दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रोजेक्ट दृष्टि और अधिक सफलता हासिल करेगा और यह पहल आने वाले वर्षों में एनएफआर और आईआईटी गुवाहाटी के बीच ऐसे और भी सहयोगी परियोजनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगी।

अनंत चतुर्दशी पर गणराय को भावपूर्ण विदाई

▶▶ ढोल-ताशों की गूंज से गूंजा शहर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में भक्तों ने अपने लाडले गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई दी। पिछले दस दिनों से गणेशोत्सव की भक्ति और उत्साह में डूबा मुंबई शहर विसर्जन जुलूसों से गूंज उठा। ढोल-ताशों की गूंज, लेझीम की थाप और 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष के बीच भक्तों ने अपने आराध्य को विदाई दी। शुक्रवार सुबह से ही मुंबई के प्रमुख गणेश मंडलों की विसर्जन यात्राएं शुरू हो गई थीं। बप्पा के अंतिम दर्शन के लिए सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कई जगहों पर भक्तों की आंखें नम नजर आईं। वहीं, ढोल-ताशा पथकों की प्रस्तुतियों और युवाओं के उत्साह ने विसर्जन जुलूसों में खास रंग भर दिया। मुंबई के प्रसिद्ध गणेश गली के राजा की विसर्जन यात्रा शुक्रवार देर रात गिरगांव चौपाटी पहुंची, जिसके बाद बप्पा का विसर्जन किया गया।

सुरक्षा और यातायात बंदोबस्त

- गणपति विसर्जन के मद्देनजर मुंबई में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सड़कों पर उतरे। कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए मुंबई पुलिस की ओर से व्यापक सुरक्षा बंदोबस्त किया गया था। प्रमुख विसर्जन मार्गों और चौपाटियों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। बप्पा को विदाई देते समय कई श्रद्धालुओं की आंखें नम नजर आईं, लेकिन पूरे गिरगांव चौपाटी क्षेत्र में 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस जल्दी आना' के जयघोष गूंजते रहे।

'वर्षा' में पर्यावरणपूरक गणपति विसर्जन

जागरूक टाइम्स संवादाता

मुंबई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सरकारी निवास 'वर्षा' में लाडले गणपति बप्पा को पर्यावरणपूरक तरीके से विदाई दी गई। विसर्जन से पहले मुख्यमंत्री फडणवीस ने परिवार के साथ पारंपरिक विधि-विधान से गणपति की उत्तर पूजा की। इसके बाद 'वर्षा' परिसर में ही बनाए गए कृत्रिम तालाब में बप्पा का पर्यावरणपूरक विसर्जन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की पत्नी अमृता फडणवीस, परिवार के अन्य सदस्य और मंत्री भी मौजूद रहे। गणपति विसर्जन के मौके पर मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी भावनाएं भी साझा कीं। उन्होंने लिखा, "निरोप घेतो देवा आम्हा आज्ञा असावी, चुकले आमुचे काही त्याची क्षमा असावी..." यानी बप्पा से विदाई लेते हुए उन्होंने अपनी किसी भी भूल के लिए क्षमा मांगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पिछले कई दिनों से गणपति बप्पा की भक्ति में डूबा मन विदाई के क्षण में भावुक हो जाता है। हालांकि, गणपति विसर्जन को केवल वियोग के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह नई आशाओं और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ने की शुरुआत भी है। उन्होंने गणपति बप्पा से प्रार्थना करते हुए कहा कि भगवान गणेश की कृपा और आशीर्वाद हमेशा सभी पर बना रहे तथा लोगों के जीवन से सभी चिंताएं और विघ्न दूर हों। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनता के कल्याण की कामना भी की।

विसर्जन वियोग नहीं, नई शुरुआत : फडणवीस

'वर्षा' में पहुंचे थे दिग्गज

- गणेशोत्सव के दस दिनों के दौरान मुख्यमंत्री के 'वर्षा' निवास पर कई प्रमुख नेताओं और सार्वजनिक हस्तियों ने पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी 'वर्षा' पहुंचकर गणपति बप्पा के दर्शन किए और आरती में हिस्सा लिया था। गणेशोत्सव की समाप्ति के अवसर पर मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए घर के परिसर में ही कृत्रिम तालाब में गणपति का विसर्जन किया। इस तरह 'वर्षा' में गणेशोत्सव का समापन भक्ति, परंपरा और पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुआ।

गणेश भक्तों की सेवा में जुटा केंजो फाउंडेशन

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

मुंबई। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर मुंबई में गणपति विसर्जन के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं की ओर से श्रद्धालुओं की सेवा के लिए जगह-जगह सेवा शिविर लगाए गए। कहीं प्याऊ लगाकर पानी पिलाया गया तो कहीं शरबत, बड़ा पाव एवं भोजन वितरित कर गणेश भक्तों की सेवा की गई। दोपहर से शुरू हुआ यह सेवा क्रम देर रात तक जारी रहा। इसी कड़ी में केंजो फाउंडेशन की ओर से कनू भाई रावल द्वारा लगातार पिछले कई वर्षों से गणेश भक्तों की सेवा के लिए सेवा स्टॉल लगाया जा रहा है। इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी पर लगाए गए स्टॉल पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं अन्य व्यवस्था की गई। कार्यक्रम मे आने वाले अतिथियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। सेवा शिविर पर दिनभर गणमान्य लोगों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का आगमन होता रहा। इस दौरान शिवसेना (यूबीटी) सांसद अरविंद सावंत, राजकुमार बाफना, शिवसेना उपनेता रविंद्र मिर्लेकर, शिवसेना उपनेता अरुण दूधवडकर, दक्षिण विभाग प्रमुख संतोष शिंदे, पूर्व नगरसेवक संपत ठाकुर, नगरसेविका संपदा मेयकर, पूर्व नगरसेविका युगधरा सालेकर, श्रीमती अनु निसार तांबोली, जयश्री बालिकर, श्रीमती नीतू रावल, श्रीमती अनीता रावल, श्रीमती आशा रावल, श्रीमती विद्या रावल, श्रीमती मंजू रावल, कांग्रेस युवा नेता सुरेश रावल, जसराज रावल, अरविंद सिंह राजपुरोहित बारवा, समाजसेवी जीतू दवे, पत्रकार सुरेश पाडीव, जितेंद्र सिंह राठौड़, शिवसेना युवा नेता अभिजीत चव्हाण सहित कई अतिथियों ने स्टॉल पर पहुंचकर सेवा कार्य में सहभागिता की। केंजो फाउंडेशन की ओर से अतिथियों का शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। कनू भाई रावल के नेतृत्व में फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दोपहर से देर रात तक सेवा कार्य में जुटे रहे। विसर्जन यात्रा में शामिल गणेश भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए कार्यकर्ताओं ने पूरी तत्परता के साथ सेवाएं प्रदान कीं। कई वर्षों से लगातार चल रही यह सेवा गतिविधि गणेशोत्सव के दौरान सामाजिक सेवा, सहयोग और भाईचारे की भावना का उदाहरण बनी हुई है।

अनंत चतुर्दशी पर लगाया सेवा शिविर

गणेश विसर्जन जुलूस में घुसी तेज रफ्तार कार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। अनंत चतुर्दशी के मौके पर मुंबई में गणेश विसर्जन के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया। प्रभादेवी इलाके में 'केजी मार्ग का राजा' गणेश मंडल की विसर्जन शोभायात्रा में एक तेज रफ्तार कार घुस गई। हादसे में चार गणेश श्रद्धालु घायल हो गए। हालांकि, सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना प्रभादेवी के काकासाहेब गाडगील मार्ग पर इंद्रा टॉवर के पास रात के समय हुई। गणेश विसर्जन शोभायात्रा ढोल-ताशों और जयघोष के बीच आगे बढ़ रही थी। इसी दौरान एमएच-01-एफडी-7147 नंबर की होंडा सिटी कार अचानक जुलूस में घुस गई। बताया गया है कि कार चालक का वाहन पर नियंत्रण नहीं रहा और कार ने चार लोगों को टक्कर मार दी। अचानक हुई इस दुर्घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों और कुछ गणेश भक्तों ने कार चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार चालक प्रणव राकेश अग्रवाल (21) को हिरासत में लिया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को भी जब्त कर लिया है। चालक को चिकित्सकीय जांच के लिए सायन अस्पताल ले जाया गया।

- चार श्रद्धालु घायल
- चालक हिरासत में

उद्धव-राज ठाकरे का आह्वान

एसआईआर के खिलाफ जनमोर्चा चार को

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेतृत्व में चार अक्टूबर को मुंबई में जनमोर्चा निकाला जाएगा। मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। दोनों नेताओं के मुताबिक, यह मोर्चा केवल मनसे और शिवसेना का कार्यक्रम नहीं होगा, बल्कि इसे जनता का मोर्चा बनाने की कोशिश की जाएगी। इसके लिए महाराष्ट्र के विभिन्न राजनीतिक दलों से संपर्क कर उन्हें भी इसमें शामिल होने का आह्वान किया जाएगा। हालांकि, अन्य दलों की भागीदारी को लेकर अंतिम स्थिति उनके निर्णय पर निर्भर करेगी। राजनीतिक दलों की ओर से

चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर को लेकर अलग-अलग दावे और आपत्तियां सामने आती रही हैं। ऐसे में 4 अक्टूबर का प्रस्तावित मोर्चा इस मुद्दे पर विपक्षी दलों की राजनीतिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

सांसद पाटील के निवास पर विधायक तटकरे और भोसले ने किए गणराय के दर्शन

भक्तिमय माहौल में बप्पा को भावपूर्ण विदाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। उत्तर-पूर्व मुंबई के सांसद संजय दिना पाटील के भांडुप पश्चिम स्थित निवास पर विराजमान श्री गणराय के दर्शन के लिए कोंकण स्थानीय स्वराज्य संस्था के विधान परिषद विधायक अनिकेत तटकरे तथा अक्कलकोट नरेश श्रीमंत मालोजीराजे (तृतीय) संयुक्त राजे भोसले उपस्थित हुए और गणपति बप्पा के श्रद्धापूर्वक दर्शन किए। गणेशोत्सव के अवसर पर सांसद पाटील के निवास पर भक्ति, श्रद्धा और आत्मीयता का माहौल बना हुआ था। इस अवसर पर नगरसेविका राजोल संजय पाटील ने विधायक अनिकेत तटकरे तथा अक्कलकोट नरेश श्रीमंत मालोजीराजे (तृतीय) संयुक्त राजे भोसले का स्वागत किया। गणराय के आगमन से जहां आनंद और उत्साह का वातावरण बना, वहीं आज 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर लाड़ले बप्पा को भावपूर्ण विदाई दी गई।

मुंबई की चर्चा गोडवाड़ के गांव-गांव तक पहुंची

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। मुंबई से शुरू हुई एक नई सामाजिक चर्चा अब गोडवाड़-मारवाड़ के गांव-गांव तक पहुंचती दिखाई दे रही है। मुंबई एमएमआर में जमीन खरीदकर अपने-अपने गांव के नाम से समाज भवन, छात्रावास, स्कूल, कॉलेज, अस्पताल अथवा अन्य समाजोपयोगी संस्थाओं की नींव रखने के विचार को लेकर विभिन्न गांवों के जैन संघों में चर्चा का दौर शुरू हो गया है। इस विचार के पीछे एक सवाल प्रमुखता से सामने रखा जा रहा है, जब पालीताणा में अलग-अलग गांवों और शहरों के नाम से धर्मशालाएं बनी हुई हैं तथा दिल्ली में विभिन्न राज्यों के अपने भवन हैं, तो आने वाले वर्षों में मुंबई (एमएमआर) में गोडवाड़ के गांवों के नाम से सामाजिक संस्थाएं क्यों नहीं हो सकती? बताया जा रहा है कि मुंबई में रहने वाले गोडवाड़-मारवाड़ समाज के लोगों के बीच इस विषय पर लगातार विचार-विमर्श हो रहा है। प्रस्ताव यह है कि सादड़ी, सांडेराव, रानी-रानीगांव, घाणेराव, खिमेल, बाली, खुडाला, मुंडारा, बिजोवा, नाडोल, नारलाई, खिंवाड़ा, बागोल, डायलाना और मगरतलाब सहित अन्य गांव अपने स्तर पर भविष्य की जरूरतों के लिए जमीन सुरक्षित करने की दिशा में पहल कर सकते हैं। चर्चा में यह बात भी सामने आ रही है कि भवन का निर्माण तत्काल करना जरूरी नहीं है। पहले जमीन खरीदी जाए, संस्था बनाई जाए और आने वाली पीढ़ी की आवश्यकता के अनुसार चरणबद्ध तरीके से विकास किया जाए। इससे वर्तमान पीढ़ी पर एक साथ बड़े निर्माण का आर्थिक दबाव भी नहीं पड़ेगा। मुंबई-एमएमआर का विस्तार और मेट्रो, सड़क तथा सार्वजनिक परिवहन का बढ़ता नेटवर्क भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों के बीच आवागमन को और सुगम बनाने वाला है। ऐसे में समाज की गतिविधियों को केवल दक्षिण मुंबई या रेलवे के पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित रखने के बजाय पूरे "मुंबई मेट्रोपॉलिटीयन रीजन" को भविष्य के सामाजिक कार्यक्षेत्र के रूप में देखने की बात कही जा रही है। अब चर्चा केवल "भवन कब बनेगा?" तक सीमित नहीं है, बल्कि सवाल यह उठ रहा है—"हमारे गांव की जमीन मुंबई-एमएमआर में कब होगी?" यह पहल यदि गांव-गांव तक पहुंचती है तो आने वाले वर्षों में यह केवल भवन निर्माण की योजना नहीं, बल्कि गोडवाड़ की सामाजिक पहचान को मुंबई की नई भौगोलिक सीमा में स्थापित करने का प्रयास बन सकती है।

मुंबई में जमीन खरीदकर गांव के नाम से सामाजिक संस्थाएं बनाने को लेकर जैन संघों में मंथन तेज

श्रीनारायण तिवारी को "आज का कर्मवीर 2026 अवार्ड"

जागरूक टाइम्स संवादाता

मुंबई। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक 'यशोभूमि' के संपादक श्रीनारायण तिवारी को पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए आज का कर्मवीर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें मीडिया (प्रिंट) कटेगरी में दिया जाएगा। इस अवसर पर उद्योग और राजनीति जगत के दिग्गज भी मौजूद रहेंगे। इस भव्य अवार्ड समारोह का आयोजन 27 सितंबर को "द वास्तीन गोरेगांव पूर्व, मुंबई" में किया जा रहा है। यह जानकारी आज का कर्मवीर अवार्ड सोशल फाउंडेशन के निदेशक जेम्स डिसुजा ने दी है। आपको बतादें कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए तिवारी को पहले भी कई सम्मान मिल चुके हैं। जिसमें गऊ भारती समारोह आदि भी शामिल है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर स्थित बदलापुर तहसील के जगजीवन पट्टी के मूल निवासी श्रीनारायण तिवारी पिछले 41 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यरत हैं। विभिन्न साप्ताहिकों व दैनिक समाचार पत्रों में काम करते हुए उन्हें सन् 1988 में मुंबई से प्रकाशित हुए राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जनसत्ता में स्टाफ रिपोर्टर के रूप में सेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ, फिर सन् 2003 से "लोकमत समचार" में बतौर ब्यूरो चीफ के रूप में सेवाएं दी। लोकमत समाचार से जुड़ने के थोड़े ही दिन बाद उन्हें समूचे 'लोकमत समूह' के लिए विशेष संवाददाता के रूप में काम करने का सुअवसर मिला। उसके बाद हिंदी दैनिक 'दबंग दुनिया', 'एब्सल्यूट इंडिया', 'पूर्ण विराम', 'जागरूक टाइम्स' के माध्यम से पत्रकारिता में नई ऊंचाईयों को छूआ। उन्हें खोजी पत्रकारिता के लिए अब तक अनेक पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं। उन्हें "गजानन आर्य साहसिक व खोजी पत्रकारिता पुरस्कार" से नवाजा गया था। इसके बाद महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (एमपीएससी) में व्याप्त भ्रष्टाचार को हिंदी दैनिक "लोकमत समाचार", मराठी दैनिक "लोकमत" और अंग्रेजी दैनिक "लोकमत टाइम्स" एक साथ प्रकाशित करके भ्रष्टाचार पर नकेल कसा था।

- सम्मान समारोह आज
- उद्योग-राजनीति जगत के दिग्गज रहेंगे मौजूद

विश्व हृदय रोग दिवस पर जांच शिविर एवं परिचर्चा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। विश्व हृदय रोग दिवस के अवसर पर हिंदुस्तान चेंबर चिकित्सालय की ओर से हृदय रोगों के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से जांच शिविर एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एन. के. पारीक के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। इस दौरान डॉ. पारीक ने हृदय रोग के प्रमुख कारणों, बचाव एवं सावधानियों की जानकारी देते हुए बताया कि उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, मोटापा, असंतुलित खान-पान तथा धूम्रपान जैसी आदतों से हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के साथ-साथ खान-पान पर नियंत्रण रखने और धूम्रपान से दूर रहने की अपील की। शिविर में डायबिटीज, HbA1c एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई तथा उपस्थित लोगों को हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष रामकिशोर दरक ने डॉ. एन. के. पारीक का सम्मान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल कंपनी के सौजन्य से जनजागरुकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को हृदय रोग से बचाव, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया।

मानव देह मिलना दुर्लभ : साध्वीश्री

सुरेश भंसाली/जागरूक टाइम्स

मुंबई। श्री ठाकुरद्वार जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में श्रीपतीज्वेल्स पर्ल ई-विंग आदेश्वर भवन में विराजित साध्वी भव्यगुणा श्री ने कहा कि मनुष्य ही वह प्राणी है जिसमें नर से नारायण बनने की शक्ति समाहित है। उसमें मुक्ति पाने की ताकत तो है लेकिन वह मुक्ति पाना ही नहीं चाहता ओर भौतिक सुखों में डूबे रहना पसंद करता है। भौतिक सुखों का त्याग किए बिना मुक्ति की राह नहीं खुल सकती है। उन्होंने कहा कि जीवन का कल्याण वहीं जीवात्मा कर सकती है जिसे लगता है यह मानव देह मिलना दुर्लभ है। विषय वासना और सांसारिक वस्तुओं को पाने की तृष्णा में जिस मनुष्य ने अपना जीवन गंवा दिया हो उसके जीवन का कोई मूल्य नहीं आंका जा सकता है। साध्वी शीतलगुणा ने कहा कि जीवन का कल्याण करना है तो आशाओं व तृष्णाओं से मुक्ति पानी होगी। हमारी जिंदगी आशाओं पर केंद्रित हो गई है। हमारी एक आशा पूरी होते ही दूसरी आशा जागृत हो जाती है और हम धर्म का मार्ग छोड़ इन आशाओं को पूरा करने के लिए कषायों के चक्रव्यूह में घिर जाते है। हमें भविष्य की आशाओं को छोड़ वर्तमान में जीना सीखना होगा। उन्होंने कहा कि जब तक आशाओं का निरोध नहीं करेंगे तब तक कषायों पर भी नियंत्रण नहीं कर पाएंगे। शैतान बनना या भगवान बनना दोनों ही मनुष्य के हाथ में होता है। दावणगेरे से आए चंदु भाई ने आरती का लाभ लिया। विजयवाड़ा से रमेश कुमार शाह आए। अतिथिगण का संघ की और से राजू भाई लुणिया, वस्तीमल बाफना, चंपालाल कावेडिया फुटरमल जैन, पारसमल जैन, महेंद्र जैन ने स्वागत अभिनंदन किया। कुणाल जैन ने संचालन किया. संघ अध्यक्ष हसमुख जैन एवम ट्रस्टीगण ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मुंबई एयरपोर्ट पर 9.40 किलो सोना जब्त

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के मुंबई जोन ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर सोने की तस्करी के एक अनोखे तरीके का खुलासा करते हुए 9.40 किलोग्राम विदेशी सोना जब्त किया है। जब्त किए गए सोने की कीमत करीब 14.81 करोड़ रुपए बताई गई है। इस मामले में दुबई से मुंबई पहुंचे तीन भारतीय यात्रियों को पकड़ा गया है। डीआरआई के अनुसार, विशेष खुफिया सूचना के आधार पर 23 सितंबर की तड़के मुंबई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट की मदद से तीन यात्रियों को रोका गया। उनके सामान की जांच के दौरान अधिकारियों को करीब 33.50 किलोग्राम खाद्य सामग्री मिली, जिसमें सोने की पाउडर मिलाई गई थी। तस्करों ने सोने को छिपाने के लिए अलग-अलग खाद्य पदार्थों का सहारा लिया था। जांच में दूध पाउडर, ओट्स, विभिन्न प्रकार के आटे, न्यूटेला और नारियल के दूध के पाउडर जैसे उत्पादों के पैकेट मिले।

इनमें सोने की पाउडर को इस तरह मिलाया गया था कि पहली नजर में किसी को संदेह न हो। अधिकारियों ने जब खाद्य सामग्री को अलग-अलग करके उसकी गहन जांच की, तब उसमें छिपे सोने का पता चला। इसके बाद कुल 9.40 किलो विदेशी सोना बरामद किया गया। डीआरआई ने सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 की संबंधित धाराओं के तहत सोना जब्त कर लिया है। पूछताछ के दौरान तीनों यात्रियों ने एक ही सोना तस्करी गिरोह के लिए कूरियर के रूप में काम करने की बात स्वीकार की है। उनकी ओर से दी गई जानकारी के आधार पर डीआरआई ने गिरोह की पहचान करने और उसके व्यापक नेटवर्क का पता लगाने की जांच शुरू कर दी है।

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा

पुणे। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर शनिवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 36 के पास मुंबई की ओर जाने वाली लेन में तीन वाहनों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह हादसा दोपहर के समय एक तेज ढलान वाले हिस्से में हुआ। बताया जा रहा है कि फेविकोल जैसे एडहेसिव केमिकल से भरे एक ट्रक के अचानक ब्रेक फेल हो गए। इसके बाद बेकाबू ट्रक ने आगे चल रही एक पिकअप वैन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक आगे चल रहे एक कंटेनर से भी जा भिड़ा। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक के अगले हिस्से को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत होने की जानकारी है। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद आगे के इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में शामिल कंटेनर में महिंद्रा कंपनी की गाड़ियां ले जाई जा रही थीं। वहीं, दूसरे ट्रक में फेविकोल जैसे एडहेसिव मटेरियल और तीसरे वाहन में पुठ्ठा भरा हुआ था। टक्कर के बाद एडहेसिव मटेरियल बड़ी मात्रा में सड़क पर फैल गया, जिससे मार्ग पर अतिरिक्त खतरा पैदा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे पुलिस और संबंधित बचाव दल मौके पर पहुंचे।

दो की मौत, एक गंभीर

जिला स्तरीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

कालंद्री। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेघवाल बस्ती कालंद्री में दिनांक 24 से 26 सितंबर 2026 तक आयोजित जिला स्तरीय जिम्नास्टिक खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का समापन समारोह 26 सितंबर को उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि छगनलाल मेघवाल, एसएमसी अध्यक्ष तथा विशिष्ठ अतिथि नटवर सिंह, सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक तलकाराम जी, पूर्व प्रधानाध्यापक कनीरामजी जीसंत, भामाशाह प्रेरक समरथ रामजी, प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक श्रवण कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक, खिलाड़ी, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। समापन अवसर पर विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम राउमावि ठंडी वैरी द्वितीय राउप्रावि तलेटा तृतीय राउप्रावि अनगोर चौथे स्थान पर राउप्रावि में ब कालंद्री छात्रा वर्ग में प्रथम राउमावि ठंडी वैरी द्वितीय राउप्रावि में ब कालंद्री एवं तृतीय राउप्रावि सेवड़ा रही विद्यालय के संस्था प्रधान एवं प्रतियोगिता के सचिव नरपत सिंह ने सभी अतिथियों, पर्यवेक्षक, निर्णायक दल, शारीरिक शिक्षकों, सहयोगी शिक्षकों, भामाशाहों, अभिभावकों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से तीन दिवसीय प्रतियोगिता सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकी। मंच संचालन जतिन कुमार द्वारा किया गया।

70वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता

दांतराई की बालिकाओं का तृतीय स्थान

दांतराई। आइडियल पब्लिक स्कूल रेवदर में आयोजित 70 वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में राजकीय बालिका विद्यालय दांतराई की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 वर्षीय वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बालिका खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन किया। बालिकाओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय स्टाफ एवं शिक्षकों ने खुशी जताते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। शिक्षकों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।

उथमण में 70वीं खो-खो प्रतियोगिता

पोसालिया। उथमण गांव तहसील शिवगंज राजस्थान उथमण गांव में खो - खो खेलकूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ। जिले को 36 टीमो ने भाग लिया। प्रथम स्थान सर्वोदय पब्लिक स्कूल जैतावाडा, द्वितीय- पीएम श्री विद्यालय सवली तथा तटीय स्थान पर राउप्रावि रानाडी रही। समापन समारोह की अध्यक्षा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेन्द्र सिंह राव तथा मुख्य अतिथि हरिसिंह देवडा थे जिन्होंने खिलाडियो को कारितोषिक ट्रॉफी देकर उनका उत्साह वर्धन किया। पूरे टूर्नामेन्ट में गांव के सभी भामाशाहो का मगारावि के संस्था प्रधान विक्रम सिंह एवं पीईईको नरेश चौहान ने सम्मान कर समय-समय पर उनके सहयोग की सराहना की। निर्णायक मण्डल के रामसिंह देव, रंगा राम, विनिता एवं स्थानीय विद्यालय के दवे दीपक कुमार, भरत कुमार, करमचन्द, हंसा मीणा, अनुश्री देवडा, विकास कुमार, माधु सिंह मीणा, किशन सिंह, कालूराम, गौरव राजपुरोहित, महिपाल सिंह, चतरा राम देवाळी हनुवन्त मीणा, शीला, नरेन्द्र सिंह, केशर सिंह उपस्थित थे।

जिला स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता : मॉडल स्कूल पिंडवाड़ा प्रथम

झाड़ोली। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुराना भवन सिरोही में आयोजित जिला स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, पिंडवाड़ा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिरोही जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रतियोगिता में मॉडल स्कूल की ओर से नव्या रावल, प्रिया राजपुरोहित, लिखिता शर्मा, सोहन एवं युवराज कुमार ने प्रतिभाग किया।

राज्य स्तर पर करेगा जिले का प्रतिनिधित्व

विद्यार्थियों ने लगभग 6 मिनट के प्रभावशाली रोल प्ले के माध्यम से "बेटे-बेटी में भेदभाव और उसके परिणाम" विषय को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने अपने बेहतरीन अभिनय, उच्च स्तरीय संवाद एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से सामाजिक भेदभाव के दुष्परिणामों को प्रभावी ढंग से उजागर किया। टीम की प्रस्तुति को निर्णायकों द्वारा सराहा गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मॉडल स्कूल को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम सुंदर व्यास एवं उप प्रधानाचार्य राकेश कुमार सोलंकी ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं। टीम की तैयारी में मेंटोर मुबारक हुसैन एवं विजिता गुर्जर का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन रहा। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों एवं मेंटोरों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता

रिदमिक श्रेणी में मॉडल स्कूल झाड़ोली प्रथम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

झाड़ोली। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवगंज में आयोजित जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, झाड़ोली की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रिदमिक श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के साथ विद्यालय की टीम अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। रिदमिक श्रेणी में विद्यालय की ओर से दीया कुमारी एवं शुभांगी शर्मा ने प्रतिभाग किया। दोनों छात्राओं ने योग की विभिन्न मुद्राओं, संतुलन, तालमेल एवं समन्वय का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों को प्रभावित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री श्याम सुंदर व्यास ने छात्राओं को बधाई देते हुए राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं। उप प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार सोलंकी, जो योगा टीम के मेंटोर भी हैं, के मार्गदर्शन में छात्राओं ने प्रतियोगिता की तैयारी की। विद्यालय परिवार ने छात्राओं एवं मेंटोर श्री राकेश कुमार सोलंकी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं।

विद्यार्थियों को मिला बाल संरक्षण का संदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। जिला कलेक्टर के निर्देशन में जिले में संचालित साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न राजकीय विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बाल विवाह, बाल श्रम, बाल अधिकार, बाल संरक्षण सेवाओं नशामुक्ति, बालिकाओं के अधिकार एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। पिंडवाड़ा ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ईसरा एवं केर में जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग की टीम के साथ एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन के जिला बाल अधिकार सहयोगी त्रिदेव वैष्णव द्वारा विद्यार्थियों को बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बाल विवाह के सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं कानूनी दुष्परिणामों तथा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह जैसी किसी भी घटना की जानकारी तत्काल संबंधित प्रशासन एवं हेल्पलाइन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन तथा पुलिस हेल्पलाइन 100, 112 सहित स्थानीय प्रशासन एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से सूचना देने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई।

बाल श्रम की रोकथाम को जागरुकता

जन चेतना संस्थान के तरुण कुमार आर्य द्वारा विद्यार्थियों को बाल श्रम की रोकथाम एवं बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि यदि होटल, ढाबे, रेस्टोरेंट, दुकान, फैक्ट्री अथवा अन्य किसी प्रतिष्ठान में किसी बच्चे से बाल श्रम करवाया जाता दिखाई दे तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं संबंधित प्रशासन को दी जाए, ताकि बच्चे को आवश्यक संरक्षण एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

बाल संरक्षण सेवाओं की दी जानकारी

सिरोही ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भूतगांवए वराडा एवं मनोरा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में चाइल्ड हेल्पलाइन के जिला परियोजना समन्वयक मनोहर सिंह द्वारा विद्यार्थियों को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की कार्यप्रणाली एवं बाल संरक्षण सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बाल अधिकारोंए संरक्षण की आवश्यकता होने पर उपलब्ध सहायता तथा संबंधित संस्थागत सेवाओं के बारे में भी जागरूक किया गया।

नशे से दूर रहने का दिया संदेश

■ कार्यक्रम के दौरान नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। उन्हें नशे के शारीरिकए मानसिकए सामाजिक एवं शैक्षणिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कालिका पेट्रोलिंग टीमए सिरोही द्वारा बालिकाओं के अधिकारों, महिलाओं से संबंधित कानूनों एवं साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।

नशा मुक्त सिरोही व बाल संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम

कालंद्री। नशा मुक्त सिरोही व बाल संरक्षण को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया,राजकीय विद्यालय वराडा में कार्यक्रम हुए। वराडा के राजकीय उमावि में नशा मुक्त सिरोही व बाल संरक्षण को लेकर जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, विद्यालय के मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि उत्सव प्रभारी एलके घांची ने विभागीय दिशा निर्देशनुसार प्रातः प्रार्थना सभा में समस्त कार्मिकों व विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई उसके बाद गाँव में जागरूकता रैली का आयोजन किया, कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों हेतु निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,उसके बाद बाल संरक्षण को लेकर वार्ताओं का आयोजन किया चिकित्सा विभाग द्वारा नशे के दुष्प्रभाव,बाल विवाह के दुष्प्रभाव को बताया गया,प्राध्यापक नरेश कुमार ने पोक्सो अधिनियम,बाल श्रम व भिक्षा वृति के बारे में जागरूक किया गया, पुलिस प्रशासन ने साइबर सुरक्षा व गुड टच बेड टच के बारे में बताया। प्रधानाचार्य बीएल पुरोहित ने युवाओं व विद्यार्थियों को सन्देश देते हुए कहा कि जीवन मे अगर आगे बढ़ना है तो हर हाल में नशे से दूर रहना होगा।

स्टोर्स ई-प्रोक्यूरमेंट

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना संख्या. S/19/2026-27 तारीख: 23-09-2026। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित सामग्री के लिए ई-निविदा आमंत्रित की गई हैं।

क्रमिक संख्या 1. निविदा संख्या. 60/25/5295B/OT/132/2026-27
बंद/खुलने की तारीख: 24-11-2026

संक्षिप्त विवरण पीएल. संख्या. एवं परिमाण: (1) संलग्न विनिर्देश के अनुसार डैम्पर कैलिब्रेटर सहित डैम्पर टेस्टिंग मशीन (20 टन) की आपूर्ति, स्थापना एवं कमीशनिंग। मेक: हेलको अथवा उसी प्रकार का। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, पर्याय: 0]। [यूवीएएम लिंकिंग:] आइटम टाइप: गुड्स (आपूर्ति), परिमाण: एसएसई/सी/आईसी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 1 संख्यक, पीएल. संख्या. 659027850040। (2) 06 वर्षों के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव का ठेका (सीएएमसी) [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद महिनें, एएमसी समयसीमा: 6 वर्ष, छूट दर: 10%, प्रारंभ: 2 वर्ष बाद।] [निरीक्षण एजेंसी: सीओएनएसजी, स्टेज आईएनएसपी: लागु नहीं, पर्याय: 0]। आईटम टाइप: एएमसी, परिमाण: एसएसई/सी/आईसी/गुवाहाटी, एनएफआर (असम) के लिए 1 संख्यक। पी.एल. संख्या: 651000720180।

क्रमिक संख्या 2. निविदा संख्या.61/26/5266/OT/133/2026-27
बंद/खुलने की तारीख: 30-10-2026

संक्षिप्त विवरण पीएल. संख्या. एवं परिमाण: पीएससी स्लीपर के ऊपर आर260 ग्रेड के साथ 60ई1 रेल के लिए 12 टर्नआउट बी.जी. में 1 (1673 एमएम) हेतु 60ई1ए1 थिक वेब टंग रेइल के साथ 10125 मिमी कर्व्ड स्विच हेतु 22.9 टन एक्सले लोड के लिए 12 टीडब्ल्यूएस टर्नआउट में 1। (सेट डॉक्यूमेंट में उल्लिखित अनुसार ड्रॉइंग एवं आइटम का विस्तृत विवरण लागू होगा।) डीआरजी: (आरडीएसओ)आरडीएसओ/टी-8780 एएलटी 4 स्पेसिफिकेशन: (आरडीएसओ) आईआरएस/टी-10-2025 सेट डॉक्यूमेंट: सेट_आरटी_8780_एएलटी_4। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 माह]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: हाँ, पर्याय: 1] [यूवीएएम लिंकिंग: आइटम: 3100582, थिक वेब स्वीचेस, थिक वेब एसइजे एवं एंड फोर्जिंग, सब आईटम: थिक वेब स्वीचेस] आईटम टाइप: गुडस (आपूर्ति) (1) परिमाण: एसएसई/पी.वे/टीडी/बंगाईगॉव, एनएफआर (असम) के लिए 650 सेट। पीएल. संख्या: 60061078001।

क्रमिक संख्या 3. निविदा संख्या. 20/26/0143/OT/134/2026-27
बंद/खुलने की तारीख: 19-10-2026

संक्षिप्त विवरण पीएल. संख्या. एवं परिमाण: आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन नं. आरडीएसओ/2007/इएल/एसपीईसी/0053 के अनुसार आरईवी 02 अथवा अनंतिम के साथ एवं आरडीएसओ डीआरजी. नं. एसकेईएल 4717, एएलटी-4 अथवा अनंतिम अनुसार डब्ल्यूएजी9 एवं डब्ल्यूएपी7 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए इलास्टिक रिंग (अक्लाथांन रिंग)। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख बाद 36 माह]। [निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज आईएनएसपी: नहीं, पर्याय: 0]। [यूवीएएम लिंकिंग: आइटम: 3100096, थ्री-फेज इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए इलास्टिक रिंग।। आइटम टाइप: गुड्स (आपूर्ति) (1) परिमाण: मालदा टाउन डिपो, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 357 संख्यक। (2) परिमाण: सिलीगुड़ी जंक्शन, डीजल डिपो, एनएफआर (पश्चिमबंगाल) के लिए 195 संख्यक। (3) न्यू गुवाहाटी डिपो, एनएफआर (असम) के लिए 177 संख्यक। पीएल. संख्या: 29100010।

क्रमिक संख्या 4. निविदा संख्या. 61/26/0031RC/135/2026-27
बंद/खुलने की तारीख: 06-11-2026

संक्षिप्त विवरण पीएल. संख्या. एवं परिमाण: 60 किग्रा (यूआईसी)/60ई1/52 किग्रा रेल के लिए उपयुक्त होने वाले ड्रॉइंग संख्या. आरटी-2496 के अनुसार पीएससी स्लीपर के साथ इस्तेमाल हेतु एचवीएन-66 इनसुलेटिंग लाइनार की आपूर्ति के लिए 18 माह का रेट कॉन्ट्रैक्ट। (सेट डॉक्यूमेंट में उल्लिखित अनुसार ड्रॉइंग एवं आइटम का विस्तृत विवरण लागू होगा।) डीआरजी: (आरडीएसओ) आरटी 3706-3708 स्पेसिफिकेशन: (आरडीएसओ) आईआरएस स्पेसिफिकेशन टी-44, 2025, तीसरा संशोधनी सेट डॉक्यूमेंट: सेट डॉक्यूमेंट संख्या. आरटी-3707 से 3708 तक। अनंतिम ड्रॉइंग: आरटी-3707-08, एएलटी 09 अनंतिम (यदि कोई हो) तथा संलग्न स्पेसिफिकेशन। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 माह]। (क्वांटिटी टोलरेंस (+/-): 5% एज, आइटम श्रेणी: सामान्य (नर्मल), अनुमत कुल पीओ मूल्य में वेरिवेशन: अधिकतम 8 लाख), (आपूर्ति की दर: प्रति माह 28846 यूनिट, प्रारंभ करने के लिए अनुमत समय: 1 दिन)यूवीएएम आइटम संदर्भ: (आइटम आईडी: 3100587 — हाई विसकस नाईलन (एचवीएन) -66 इनसुलेटिंग लाइनार्स, सब आइटम आईडी: 3100587001, परिमाण: एसएसई/पीवे/टीडी/बंगाईगॉव के लिए 519231.00 संख्यक। पीएल. संख्या: 60110569017।

क्रमिक संख्या 5. निविदा संख्या. 61/26/0015RC/OT/136/2026-27
बंद/खुलने की तारीख: 22-10-2026

संक्षिप्त विवरण पीएल. संख्या. एवं परिमाण: डीआरजी. संख्या आरडीएसओ/टी-3740, परिवर्तन -7 (अथवा अनंतिम परिवर्तन अगर हैं) के अनुसार 60 किग्रा रेल के लिए कंक्रीट स्लीपर के ऊपर टो पर ईआरसी एम के-वी के साथ उपयोग हेतु मेटल लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए 18 माह का रेट कॉन्ट्रैक्ट। स्पेसिफिकेशन: (आरडीएसओ) आईआरएस स्पेसिफिकेशन टी-56, 2025 [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के बाद 30 माह]। (क्वांटिटी टोलरेंस (+/-): 5% ऐज, आइटम श्रेणी: सामान्य (नर्मल) अनुमत कुल पीओ मूल्य में वेरिवेशन: अधिकतम 8 लाख)(आपूर्ति की दर: प्रति माह 64102 यूनिट) प्रारंभ करने के लिए अनुमत समय: 1 दिन। परिमाण: एसएसई/पीवे/टीडी/बंगाईगॉव के लिए 1153846.00 संख्यक। पीएल. संख्या: 60110340।

नोट: निविदा सूचना और निविदा प्रपत्रों की विस्तृत जानकारी के लिए निविदाकर्तागण (www.ireps.gov.in) वेबसाइट पर लॉग ऑन कर सकते हैं। प्रत्याशित बोलीदाताओं ने, जो उपरोक्त निविदा में अंशग्रहण करना चाहते हैं, अगर वे इसी बीच आईआरईपीएस वेबसाइट पर पंजीयनकृत है, तो उन्हें उपरोक्त वेबसाइट पर खुद को लॉगऑन करना होगा एवं इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्ताव को दाखिल करना होगा। अगर वे आईआरईपीएस में पंजीयनकृत नहीं है तो भारत सरकार के एक्ट 2000 के अधीन अनुमोदित एजेंसी से क्लास -III डिजिटल सिगनेचर प्राप्त करने के लिए और उपरोक्त निविदा में अंश ग्रहण करने के लिए उन्हे सलाह दी गई हैं।

पीसीएमएम, मालीगॉव

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

मातर माता मंदिर निर्माण प्रगति पर

माली बने मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष

▶▶ पांच सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सिरोही। मातर माता सेवा समिति की बैठक अध्यक्ष महेंद्रसिंह चौहान की अध्यक्षता में मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मंदिर निर्माण व विकास को गति प्रदान करने व गुणवत्ता बनाए रखने को लेकर मंदिर निर्माण कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जितेंद्रकुमार माली (एनएफ) को अध्यक्ष एवं कपिल पटेल, सोनू सुथार, नैनाराम माली, किशन रावल, हरजितसिंह कोटेसा, कमलेश आर्य, कल्पेश प्रजापत व पुष्पकान्त वैष्णव सहित आठ कार्यकर्ताओं को सदस्य बनाया गया इसके साथ ही सलाहकार समिति का भी गठन किया गया। जिसमें उद्योगपति बाबूलाल माली सनपुर, राजेश गुलाबवाणी सिरोही, रमेशभाई मालवीय सिरोही, जितुभाई माली गोयली व सोनाराम बरलूट को शामिल किया गया है। सलाहकार समिति व निर्माण कमेटी के सदस्यों की संख्या में आवश्यकतानुसार बढ़ोतरी की जाती रहेगी।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना

निम्नलिखित ई-प्रापण निविदाएं, जो नीचे दी गई तिथियों को खुलने के लिए निर्धारित थीं, तकनीकी कारणों से निरस्त की जाती है।

क्र.सं. : 1	निविदा सूचना : 14/2026 दि. 14.09.26	निविदा संख्या : 13266111
विवरण : इलास्टिक रेल क्लिप (ईआरसी) एमके-5		मात्रा : 590,840 Nos.
ई.एम.डी. (रू.) : 1,336,480/-	निविदा खुलने की मूल तिथि : 05.10.2026	
क्र.सं. : 2	निविदा सूचना : 15/2026 दि. 14.09.26	निविदा संख्या : 13266080
विवरण : कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (सीजीआरएसपी)		मात्रा : 593,031 Nos.
ई.एम.डी. (रू.) : 1,118,220/-	निविदा खुलने की मूल तिथि : 12.10.2026	

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2183/26 (AS)

उत्तर मध्य रेलवे

टेण्डर नोटिस नं.: 13/2026 ई-निविदा सूचना दिनांक: 23.09.2026

वरि. मं. सिग. एवं. दूर. सं. इंजी., उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्न लिखित कार्य हेतु 'खुली निविदा' केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई- टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती है:-

क्र सं.: 1	ई-निविदा सं.: आगरा-एसटी-2026-31
कार्य का नाम: AGC-PWL सेक्शन में नवीनतम RDSO TAN दिशानिर्देशों के अनुपालन के लिए अर्थिंग, बॉन्डिंग, सर्ज और लाइटनिंग प्रोटेक्शन सिस्टम को अपग्रेड करने से संबंधित S&T का कार्य।	
कार्य की लागत: ₹ 3,25,46,483.30	निविदा बन्द दिनांक: 16.10.2026

निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त वर्णित दिनांक को 15.00 बजे तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। 2180/26 (A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं :- JHS/Comm/e-Auction/26/158 दिनांक : 25.09.2026

ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

श्रेणी : पार्सल | केटलोग संख्या : JHS-Leasing-002

	एसेट्स डिटेल्स	ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय / ई-नीलामी समाप्त होने तिथि व समय
1.	ट्रेन संख्या - 22194 में 01 एसएलआर- एफ-I	दिनांक - 09.10.2026 को समय:- 10:30 से
2.	ट्रेन संख्या - 12176 में 01 एसएलआर- एफ-I	
3.	ट्रेन संख्या - 12320 में 01 एसएलआर- आर-I	
4.	ट्रेन संख्या - 12049 में 01 एसएलआर- एफ-I	
5.	ट्रेन संख्या - 22198 में 01 एसएलआर- एफ-I	दिनांक - 09.10.2026 को समय 12:00 तक
6.	ट्रेन संख्या - 22195 में 01 एसएलआर- एफ-I	
7.	ट्रेन संख्या - 11086 में 01 एसएलआर- एफ-I	

नोट :- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 2191/26(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी या इच्छुक ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

खुली निविदा सूचना सं.: JHSW-M-S-CTRB-2026-27-9R1	
कार्य की लागत: रू. 76,91,520.00/- (18% जीएसटी सहित)	
कार्य का नाम: आउटसोर्स के माध्यम से सीटीआरबी व्हील सेटों की आवाजाही और बेयरिंग को उतारने का कार्य।	
अग्रिम राशि: रू. 1,53,800/-	कार्य पूरा होने का समय: चौबीस महीने
ऑनलाइन टेंडर क्लोजिंग डेट और समय: 21.10.2026 समय 16:00 बजे तक	
निविदा और निविदा प्रारूप के बारे में विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।	

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 2187/26(K)

उत्तर मध्य रेलवे

ई–टेन्डर नं०: पीआरवाईजे–सिग–043–2026–27 दिनांक: 23.09.2026

ई–निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता / समन्वय / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज, द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एंव उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई–निविदा निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 21.10.2026 को 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

निविदा नं.:– पीआरवाईजे– सिग–043–2026–27	
कार्य का विवरण:– अलीगढ़, हाथरस किला, चुनार, सक्तेशगढ़ और शंकरगढ़ स्टेशनों के गुड्स शेड में सीसीटीवी कैमरो का प्रावधान।	
अनुमानित मूल्य (₹):– 1,73,06,901 / –	बिड सिक्योरीटी (₹):– 3,46,100 / –
निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):– 0 / –	कार्य समापन की अवधि:– 12 माह
निविदा बन्द होने की तिथि:– 21.10. 2026	
निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:– निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहलें उपलब्ध हो जायेंगे।	
बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप:– निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्योरीटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्योरीटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्योरीटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिय। बैंक गारंटी जमा करते समय यह उ०प्र० स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय–समय पर निर्धारित दर के अनूसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्योरीटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेंगी।	
निविदा खुलने का समय, तिथि तथा स्थान:– निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 12.30 बजे या उसके बाद ई–निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी।	
निविदा की वैधता:– निविदा खुलने के 60 दिन तक	
निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार:– रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित / संशोधित / निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।	
उसी प्रकृति के कार्य के लिए न्यूनतम वांछनीय आधार:– एनी वर्क इंवाल्विंग सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग एंड कमिनिंग ऑफ इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम / वीडियो सर्विलेंस सिस्टम / एक्सेस कंट्रोल, पर्सनल एंड पैकेज स्क्रीनिंग सिस्टम, एक्सप्लोसिव डिटेक्शन एंड डिस्पोजल सिस्टम एंड देयर इंटीग्रेशन। 2177/26(D)	

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

माधव विवि में 14वां स्थापना दिवस बना सेवा, सम्मान और संकल्प का उत्सव

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

आबूरोड। माधव विश्वविद्यालय का 14वां स्थापना दिवस विश्वविद्यालय परिसर में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। टीवीटीसीसी के सहयोग से आयोजित स्थापना दिवस समारोह में शिक्षा, संस्कृति, सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न आयोजन हुए। मुख्य अतिथि उदयपुर स्थित अर्थ डायग्नोस्टिक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं पेनशिया दिव्यांग अधिकार संगठन के अध्यक्ष डॉ. अरविंदर सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार की ओर से चेयरमैन डॉ. राजकुमार को विशेष कुर्सी भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं माधव स्पेशल स्कूल के विशेष विद्यार्थियों को साइकिल, हियरिंग डिवाइस एवं अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। विशेष विद्यार्थियों के लिए की गई इस पहल ने स्थापना दिवस के आयोजन को सेवा और संवेदनशीलता से भी जोड़ा। समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अरविंदर सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सेवा की भावना विकसित करने का माध्यम है। उन्होंने विशेष विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को अवसर और सम्मान के साथ आगे बढ़ाना है। चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से की गई थी। विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, नवाचार और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है तथा विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने का कार्य कर रहा है।

वसई-विरार में गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

महानगरपालिका की चाक-चौबंद व्यवस्था से अनंत चतुर्दशी पर 3,140 प्रतिमाओं का विसर्जन

विरार। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर शुक्रवार को वसई-विरार शहर में गणपति बप्पा को भक्तिमय वातावरण में भावपूर्ण विदाई दी गई। अनंत चतुर्दशी के दिन कुल 3,140 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इनमें से 2,540 प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में, जबकि 600 प्रतिमाओं का विसर्जन महानगरपालिका द्वारा उपलब्ध कराई गई जेटी, फिरते हौद और बंद पत्थर खदानों में किया गया। विसर्जित प्रतिमाओं में 2,642 घरेलू और 498 सार्वजनिक गणेश प्रतिमाएं शामिल थीं। महापौर अजीव पाटील और आयुक्त पृथ्वीराज बी.पी. (भा.प्र.से.) के मार्गदर्शन में महानगरपालिका ने इस वर्ष गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए कुल 128 कृत्रिम तालाब तैयार किए थे। इसके अलावा दो बंद पत्थर खदानों और पांच जेटी पर भी विसर्जन की व्यवस्था की गई थी। नौ प्रभागों में प्रत्येक प्रभाग के लिए दो के हिसाब से कुल 18 फिरते हौद उपलब्ध कराए गए थे। विसर्जन स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंडप, आरती स्थल, प्रकाश व्यवस्था, मूर्ति संकलन केंद्र, निर्माल्य कलश, चिकित्सा सहायता कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा व्यवस्था और मोबाइल टॉयलेट सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। नागरिकों को विसर्जन स्थलों की जानकारी के लिए प्रत्येक विसर्जन स्थल का क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन गूगल लोकेशन भी उपलब्ध कराया गया था।

चार हजार से अधिक कर्मचारी रहे तैनात

■ अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जन व्यवस्था के लिए महानगरपालिका के चार हजार से अधिक अधिकारी-कर्मचारी तैनात किए गए थे। बड़ी गणेश प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन के लिए दो बंद पत्थर खदानों और पांच जेटी पर विशेष इंतजाम किए गए थे। जेटी पर हाइड्रा मशीन और फोर्कलिफ्ट की मदद से बड़ी प्रतिमाओं को सुरक्षित रूप से उठाकर विसर्जित किया गया। साथ ही प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए रो-रो बोट सेवा का भी प्रभावी इस्तेमाल किया गया। किल्लाबंदर जेटी और मारंबलपाड़ा जेटी पर नागरिकों के आवागमन के लिए महानगरपालिका परिवहन सेवा की विशेष मुफ्त बस सेवा उपलब्ध कराई गई थी।

शाडू मिट्टी की प्रतिमाओं को प्रोत्साहन

■ महानगरपालिका की पर्यावरणपूरक गणेशोत्सव की पहल के तहत शाडू मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को कपड़े की थैलियां वितरित की गईं। नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए शाडू मिट्टी की प्रतिमाओं को प्राथमिकता देने की अपील भी की गई। महापौर अजीव पाटील, उपमहापौर मार्शल लोपिस, आयुक्त पृथ्वीराज बी.पी. (भा.प्र.से.), सभागृह नेता प्रफुल्ल साने, स्थायी समिति सभापति प्रवीण शेट्टी, विरोधी पक्षनेता मनोज पाटील सहित नगरसेवक-नगरसेविकाओं और अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विसर्जन स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस आयुक्त निकेत कौशिक (भा.पो.से.) ने भी शहर और विभिन्न विसर्जन स्थलों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। महानगरपालिका के अतिरिक्त आयुक्तों, उपायुक्तों, सभी सहायक आयुक्तों, विभाग प्रमुखों, अग्निशमन कर्मियों तथा अन्य कर्मचारियों ने भी विसर्जन स्थलों पर उपस्थित रहकर व्यवस्था संभाली।

32,662 प्रतिमाओं का विसर्जन

■ महानगरपालिका के अनुसार, वर्ष 2026 के पूरे गणेशोत्सव के दौरान डेढ़ दिन, पांच दिन, गौरी-गणपति, सात दिन और अनंत चतुर्दशी के विभिन्न चरणों में कुल 32,662 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इनमें 28,924 प्रतिमाओं का विसर्जन कृत्रिम तालाबों में किया गया, जबकि 3,738 गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जेटी, फिरते हौद और बंद पत्थर खदानों में किया गया।

मुंबई। लीना शर्मा एवं उनके परिवार ने घर में विराजमान गणपति जी की आरती कर खेतवाड़ी से प्रस्थान किया। 'गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ' जयघोष के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी।

ठाणे में गणपति बप्पा के दर्शन कर लिया आशीर्वाद

ठाणे। डॉ. सुनील एवं डॉ. नीना निचलानी के निवास स्थान पर विराजमान श्री गणपति बप्पा के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने हेतु समाजसेवी कानबिहारी अग्रवाल, हंसा कानबिहारी अग्रवाल, धर्मेश उदेश अग्रवाल सहित अन्य समाजबंधु उपस्थित हुए। सभी ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

26 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसाद

विधायक के मार्गदर्शन में 20 वर्षों से जारी सेवा परंपरा : बारोट

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नालासोपारा। अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर नालासोपारा विधानसभा क्षेत्र में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दो भव्य महाभंडारों का आयोजन किया गया। नालासोपारा पूर्व के गालानगर तथा विरार पूर्व के मनवेलपाड़ा तालाब के समीप आयोजित इन दोनों महाभंडारों में 26 हजार से अधिक गणेश भक्तों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी भाजपा जिला महामंत्री मनोज बारोट ने दी। गणेशोत्सव के दौरान गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के उद्देश्य से नालासोपारा पूर्व के गालानगर में पिछले 20 वर्षों से तथा विरार पूर्व के मनवेलपाड़ा क्षेत्र में पिछले पांच वर्षों से महाभंडारे की सेवा परंपरा जारी है। यह आयोजन नालासोपारा विधानसभा से भाजपा विधायक राजन नाईक के मार्गदर्शन में किया जाता है। इस वर्ष भी दोनों स्थानों पर भक्तिमय माहौल में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद का लाभ लिया। महाभंडारे के सफल आयोजन में भाजपा के पदाधिकारियों, नगरसेवकों, नगरसेविकाओं, मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रसाद वितरण, पेयजल, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था तथा स्वयंसेवकों की तैनाती सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। बारोट ने कहा कि यह महाभंडारा किसी एक व्यक्ति या पदाधिकारी का कार्यक्रम नहीं, बल्कि विधानसभा क्षेत्र के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

आठ बिजली चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

कल्याण। विभिन्न गैरकानूनी तरीकों से बिजली का उपयोग करने वाले कल्याण पूर्व परिसर के बिजली चोरों के खिलाफ महावितरण की ओर से सर्जिकल स्ट्राइक की गई है और अब तक 8 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। महावितरण की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस महीने कल्याण पूर्व परिसर के नेवाली, खांबालपाड़ा, पिसवली क्षेत्रों में गैरकानूनी तरीके से बिजली का उपयोग करने वाले ग्राहकों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इन स्थानों पर कुल 261 बिजली चोरी की घटनाएं उजागर हुईं। बिजली चोरों द्वारा 2 लाख 83 हजार यूनिट बिजली चोरी किए जाने का पता चला है। इसका मूल्यांकन 61 लाख 94 हजार रुपये है। निर्धारित अवधि में समझौता शुल्क नहीं भरने के कारण महावितरण की ओर से बिजली अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत नेवाली के समीर जाधव, किशोर जाधव, खाबालपाड़ा गांव के विकास पवार, पुनम चोरगे, निशांत ढांके, पिसवली गांव के भारत सानप, राम दुगे, धामटन गांव की सुचित्रा सुर्वे इन ग्राहकों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। आगामी समय में भी बिजली चोरों के खिलाफ इसी तरह का अभियान चलाया जाएगा।

वसई-विरार में कुष्ठरोग खोज अभियान कल से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

विरार। वसई-विरार शहर महानगरपालिका क्षेत्र में 28 सितंबर से 14 अक्टूबर तक 'कुष्ठरोग खोज अभियान' चलाया जाएगा। मनपा के स्वास्थ्य विभाग की 332 टीमें घर-घर जाकर कुष्ठरोग के संभावित मरीजों की पहचान करेंगी। अभियान का उद्देश्य कुष्ठरोग का जल्द पता लगाकर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना तथा बीमारी को लेकर लोगों में जागरुकता बढ़ाना है। स्वास्थ्यकर्मी त्वचा पर संवेदनहीन या बधिर दाग, त्वचा के रंग में बदलाव, हाथ-पैरों में सुन्नपन या झनझनाहट, नसों के मोटे होने तथा हाथ-पैरों की कमजोरी जैसे लक्षणों की जांच करेंगे। संदिग्ध मामलों में आगे की चिकित्सकीय जांच कराई जाएगी। मनपा स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि ऐसे लक्षण दिखाई देने पर घबराएं या संकोच न करें और स्वास्थ्यकर्मियों को इसकी जानकारी दें। विभाग के अनुसार, कुष्ठरोग पूरी तरह उपचार योग्य है और समय पर इलाज से विकलांगता से बचा जा सकता है। अभियान के दौरान कुष्ठरोग से जुड़े भ्रम और सामाजिक कलंक दूर करने के लिए जनजागरुकता अभियान भी चलाया जाएगा। मनपा ने नागरिकों से स्वास्थ्य पथकों का सहयोग करने और संदिग्ध मरीजों की जानकारी देने की अपील की है।

40 वर्षों से निरंतर सेवा की परंपरा

गणपति विसर्जन पर 10 हजार पैकेट वितरित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

मीरा-भायंदर। गणपति विसर्जन के अवसर पर अग्रवाल सेवा समिति, भायंदर द्वारा राम भवन, भायंदर पश्चिम में श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विशेष वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समिति की ओर से गणेश भक्तों को जूस, भेल, चना चूर, भुजिया, वेफर्स आदि के 10,000 पैकेट वितरित किए गए। चार दशक से जारी सेवा परंपरा के तहत आयोजित इस सेवा में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। सेवा कार्य में समिति के सदस्यों के साथ महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। समाज के गणमान्य नागरिकों तथा सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी पहुंचकर सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, सचिव सीए मनोज खेमका, कोषाध्यक्ष गिरीश अग्रवाल सहित भीकम चंद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल,सुशील पोद्दार, योगेश राजगढ़िया, भरतलाल अग्रवाल, अमृत गोयल, संपत अग्रवाल, सूर्य प्रकाश झुनझुनवाला, राकेश अग्रवाल, अरुण खेड़िया, अनीता गाड़ोदिया, मुन्नी अग्रवाल एवं अनेक सदस्यों ने सक्रिय योगदान दिया।

श्री श्याम उत्सव मंडल का नाश्ता-पानी वितरण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मीरा-भायंदर। श्री श्याम उत्सव मंडल ट्रस्ट (रजि.) भायंदर द्वारा गणपति विसर्जन के पावन पर्व पर मुख्य संरक्षक,ट्रस्टी विनीता सुनील पाटोदिया एवं संरक्षक, ट्रस्टी श्रवण गोयल के मार्गदर्शन में भायंदर पूर्व के सभी विसर्जन स्थल पर मीरा भायंदर महानगरपालिका, बिजली विभाग, फायर ब्रिगेड व पुलिस कर्मचारियों एवं अन्य कार्यकर्ताओं को नाश्ता एवं पानी की बोतल बांटे गए। कुल 300 पैकेट नाश्ता व पानी की बोतल का वितरण किया गया। संस्थापक-ट्रस्टी विकास केडिया ने बताया कि मंडल द्वारा हर वर्ष गणपति विसर्जन पर्व पर यह सेवा कार्य किया जाता है। इसके अलावा भी मंडल काफी तरह के सेवा भावी कार्य करता रहता है। इस कार्यक्रम में मंडल के कार्यकर्ता सदस्य प्रमोद चौधरी, सुरेंद्र जैन, राजकुमार सर्राफ एवं लक्ष्य सिंघानिया की उपस्थिति रही। मंडल के अध्यक्ष ट्रस्टी राजेंद्र अग्रवाल, सचिव सुभाष सिंघानिया, कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल हैं।

'बतरस' में सुरेंद्र वर्मा : सृजन से सान्निध्य तक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। वरिष्ठ नाटककार व उपन्यासकार सुरेंद्र वर्मा के बहुआयामी रचना-संसार को केंद्र में रखकर 'बतरस' द्वारा आयोजित 'सुरेंद्र वर्मा : सृजन से सान्निध्य तक' कार्यक्रम में साहित्य, रंगमंच, आलोचना, अभिनय और सांस्कृतिक जगत की अनेक महत्वपूर्ण हस्तियां एक मंच पर एकत्र हुईं। वक्तव्य सत्र में आलोचक डॉ. सत्यदेव त्रिपाठी ने कहा कि सुरेंद्र वर्मा प्रेम की गहनता और स्त्री-पुरुष संबंधों की विविधरूपी कमनीयता के सर्जक हैं। उनके लेखकीय व्यक्तित्व में मानवीय मूल्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता दिखाई देती है। कवि रासबिहारी पाण्डेय ने कहा कि सुरेंद्र वर्मा मनुष्य के मनोविज्ञान को गहराई से पहचानते और उसे दार्शनिक ढंग से अभिव्यक्त करते हैं। डॉ. उषा मिश्रा ने कहा कि उनके नाटकों में समरसता, न्याय और मानवीय संवेदना के प्रश्न प्रमुखता से उठते हैं। डॉ. जया दयाल ने वर्मा के नाटकों की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उनके नाट्य-संसार की वैचारिक गहराई, संवाद-शक्ति और मंचीय संभावनाओं को रेखांकित किया। सुप्रिया यादव ने 'काटना शमी का वृक्ष : पद्म पंखुरी की धार से' के बहाने कालिदास, मुग्धा और प्रियंगुमंजरी के त्रिकोण संबंधों की विवेचना की। किसलय पाण्डेय ने 'दो मुर्दों के लिए गुलदस्ता' पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में गायक दीपक खेर ने 'मुझे चांद चाहिए' धारावाहिक के टाइटल ट्रैक का मोहक गायन प्रस्तुत किया। अभिनेता कृष्ण गोपाल (के.जी.) एवं सोनू पाहुजा ने सुरेंद्र वर्मा के एकांकी 'मरणोपरांत' का प्रभावशाली पाठ किया। रंगकर्मी प्रमोद सचान द्वारा 'सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक' के नाट्यांश का सशक्त अभिनय किया गया। साहित्य और रंगमंच से जुड़े रचनाकारों तथा श्रोताओं ने भी संवाद में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध अभिनेता राजेंद्र गुप्ता, प्रो. रामबक्ष और अभिनेत्री शाइस्ता खान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मृणाल ताई गोरे सभागार, गोरेगांव में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन नाटककार और पटकथा लेखक विजय पंडित ने किया। अंत में कार्यक्रम-संयोजक डॉ. मधु शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञपित किया ।

बिजली ग्राहकों से आह्वान

28 से पहले ऑनलाइन भरें बिजली बिल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

कल्याण/मुंबई। बैंक कर्मचारियों की हड़ताल की पृष्ठभूमि में कल्याण, वाशी (नवी मुंबई), रायगढ़ और पालघर के बिजली ग्राहकों से 28 सितंबर से पहले बिजली बिल ऑनलाइन भरने और असुविधा से बचने का आह्वान महावितरण की ओर से किया गया है। 28 से 30 सितंबर की अवधि में बैंक कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की चेतावनी दिए जाने से बैंकिंग लेनदेन पर असर पड़ने की संभावना है। कई बिजली ग्राहक अपना बिजली बिल चेक के माध्यम से भरते हैं। इसलिए इस अवधि में बिजली बिल भुगतान और संकलन प्रक्रिया पर असर पड़ सकता है। जिन बिजली ग्राहकों की प्रॉम्प्ट पेमेंट (तत्पर देयक भुगतान) तथा ड्यू डेट (अंतिम भुगतान दिनांक) 28 से 30 सितंबर की अवधि में होगी, ऐसे सभी ग्राहक असुविधा से बचने के लिए यथासंभव ऑनलाइन तरीके से बिजली बिल भरें। महावितरण की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप तथा उपलब्ध डिजिटल पेमेंट सुविधाओं का उपयोग कर घर बैठे बिजली बिल का भुगतान 28 सितंबर से पहले करें।

हिंदी भाषा, संवाद नहीं राष्ट्रीय एकता का सूत्र : खड़से

जागरूक टाइम्स संवाददाता

ठाणे। हिंदी पखवाड़े के दौरान सांस्कृतिक कार्य विभाग, महाराष्ट्र शासन के अधीन महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी, लक्ष्य फाउंडेशन व शेठ एन के टी टी जूनियर कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शेठ एन.के.टी.टी सभागार में "बाल अभिव्यक्ति" का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों के लिए निबंध-लेखन, काव्यपठन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 75 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार-राशि के साथ-साथ पुस्तक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दामोदर खड़से, विशिष्ट अतिथि के रूप में आनंद सिंह, कवि सुरेश मिश्र, डॉ जीतेंद्र पाण्डेय, सुश्री मनीषा ठक्कर (प्राचार्या- शेठ एनकेटीटी. जूनियर कॉलेज) राजेंद्र चव्हाण उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में ओमप्रकाश तिवारी व प्रो. अंजनी कुमार द्विवेदी थे। डॉ खड़से ने अपने उद्बोधन में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'हिंदी भाषा भारत की आत्मा एवं राष्ट्रीय एकता का सूत्र है।' उद्बोधन के क्रम में विशिष्ट अतिथि आनंद सिंह ने बच्चों को भाषण कला, उच्चारण कौशल्य और बारीकियों के बारे में समझाया। डॉ जीतेंद्र पाण्डेय ने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की। लक्ष्य फॉउंडेशन के कार्यक्रम संयोजक एड. राजीव मिश्र ने बताया कि अकादमी के सहयोग से कार्यक्रमों के द्वारा विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के उत्थान एवं प्रचार-प्रसार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती प्रतिभा पाटील व श्रीमती ललिता नारखेडे के द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कार्यक्रम के अंत में महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी के सचिव सचिन निंबालकर ने आभार व्यक्त किया।

मेहता कॉलेज में मनाया हिंदी दिवस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। जे.वी.एम. मेहता डिग्री कॉलेज के के बी.ए.म.एम.सी. विभाग, हिंदी विभाग एवं कनिष्ठ महाविद्यालय द्वारा हिंदी साहित्य मंडल के संयुक्त तत्वावधान में हिंदी दिवस समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि सुप्रसिद्ध वरिष्ठ लेखिका डॉ. सूर्यबाला एवं सम्माननीय अतिथि श्रीमती सविता मनचंदा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. सावित्री ढोले के प्रास्ताविक एवं स्वागत भाषण से हुआ। प्राचार्य डॉ. बी. आर. देशपांडे ने अतिथियों का सम्मान महाविद्यालय का स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट देते हुए किया। वरिष्ठ और कनिष्ठ महाविद्यालय के छात्रों ने सूर्यबाला की कहानियों का पाठ किया तथा कबीर के दोहों पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की। डॉ. जया आनंद, मंगल कातकर और अन्य शिक्षिकाओं ने भी उनके प्रसिद्ध उपन्यास और व्यंग्य कहानियों का पठन किया। कार्यक्रम का समापन श्रीमती सरिता यादव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

रक्तदान एवं नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर 27 को

भायंदर। श्री नवकार प्रगति मंडल, भायंदर के तत्वावधान में रविवार, 27 सितंबर को रक्तदान एवं निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक अरिहंत बंगला, ओल्ड रजिस्ट्रेशन ऑफिस के सामने, 90 फीट रोड, दीपक नगर, भायंदर (पश्चिम) में आयोजित होगा। शिविर में रक्तदाताओं के लिए निःशुल्क ब्लड ग्रुप जांच, आकर्षक उपहार, अल्पाहार एवं प्रमाण-पत्र की व्यवस्था रहेगी। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच तथा चश्मे के नंबर की जांच भी की जाएगी। शिविर के आयोजन में श्री नवकार प्रगति मंडल, श्री नवकार प्रगति नवयुवक मंडल एवं श्री नवकार प्रगति महिला मंडल, भायंदर की सहभागिता रहेगी।

बिजली कामगार आंदोलन में वर्कर्स फेडरेशन का योगदान : भिकाने

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

पनवेल। बिजली कामगारों के प्रश्न उठाने और उनके हित के लिए काम करने में महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन का बड़ा योगदान है। संगठन और प्रशासन के बीच अच्छा संवाद कायम रहने पर महापारेषण की प्रगति अधिक तेजी से होगी, ऐसा प्रतिपादन अपर जिलाधिकारी तथा महापारेषण की कार्यकारी निदेशक (मानव संसाधन) सुचिता भिकाने ने किया। रायगढ़ जिला विद्युत कर्मचारी सहकारी पतसंस्था की पनवेल शाखा में कामगार नेता कॉम्रेड ए. बी. बर्धन की जयंती के अवसर पर गुरुवार, 24 सितंबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया था। फेडरेशन के महासचिव कॉम्रेड कृष्णा भोयर के निमंत्रण पर सुचिता भिकाने ने पतसंस्था का सदिच्छा दौरा किया। भिकाने ने कहा, "विद्युत सहायकों के अतिरिक्त काम के ओवरटाइम, रात्रि पाली भत्ता और महिला कर्मचारियों के प्रसूति अवकाश के संबंध में परिपत्रक जल्द ही जारी किए जाएंगे। हॉटलाइन कर्मचारियों के लंबित भत्ते का प्रश्न हल कर दिया गया है। बोनस के संबंध में परिपत्रक भी जल्द ही जारी किया जाएगा।" कर्मचारियों के आवास और प्रशासनिक इमारतों का निरीक्षण करने के निर्देश मिले हैं तथा आवश्यक स्थानों पर महिला कर्मचारियों के लिए स्वतंत्र शौचालय उपलब्ध कराने पर जोर दिया जाएगा। कॉम्रेड कृष्णा भोयर ने बर्धन के कामगार आंदोलन में किए गए कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) (प्रभारी) राजू गायकवाड और जनसंपर्क अधिकारी डॉ. मिलिंद आवताडे ने उपस्थित लोगों का मार्गदर्शन किया। महिला आघाड़ी की अध्यक्षा कॉम्रेड भारती भोयर, संयुक्त सचिव मंजू वर्मा, अश्विनी तेरकर सहित संगठन के पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। सूत्रसंचालन कॉम्रेड शशिकांत म्हात्रे ने किया, जबकि आभार कॉम्रेड सतीश पाटील ने माना।

अनंत चतुर्दशी पर गणेश मूर्तियों का विसर्जन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

कल्याण। कल्याण डोंबिवली परिक्षेत्र में श्री गणेश मूर्तियों का विसर्जन मनपा अधिकारी/कर्मचारी, पुलिस अधिकारी/कर्मचारी के सहयोग से तथा सेवाभावी, सामाजिक संस्थाओं, नानासाहेब धर्माधिकारी प्रतिष्ठान के स्वयंसेवकों, महाविद्यालयीन छात्रों की सहायता से विभिन्न विसर्जन स्थलों पर संपन्न हुआ। हजारों श्री गणेश भक्तों ने अपनी परंपरा का पालन करते हुए, भारी मन और नम आंखों से अपने लाडले बाप्पा को कल विदाई। पीओपी की 9322 और शाडू मिट्टी की 2775 ऐसी कुल 12097 श्री गणेश मूर्तियों का विसर्जन पूरी रात और अगले दिन सुबह तक किया गया। अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जन स्थलों पर लगभग 58.76 टन निर्माल्य संकलित हुआ और अनंत चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी की अवधि में लगभग 203 टन निर्माल्य संकलित हुआ। यह निर्माल्य खाद प्रोजेक्ट गणेश मंदिर डोंबिवली एमआईडीसी और मनपा के खाद प्रोजेक्ट में भेजा गया।

हेल्दी एंड ब्यूटीफुल दिखने के चक्कर में न करें ये गलतियां

खुद को हेल्दी और ब्यूटीफुल रखने के चक्क र में हम कई बार ऐसा कुछ करने लगते हैं जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद ही गलत होता है पर हम उस पर ध्यान नहीं देते हैं और मिस्टेक्स करते जाते हैं। हम आपको देने जा रहे हैं ऐसे ही कुछ टिप्स जिन्हें फॉलो कर आप हेल्दी रह सकते हैं...

छोड़ें इन आदतों को

आधी-अधूरी जानकारी के कारण महिलाएं ऐसी ब्यूटी मिस्टेक कर देती हैं, जिससे उन्हें नुकसान ही होता है, जैसे कंडीशनर को भी शैंपू की तरह पूरे बालों में लगाना जबकि कंडीशनर को स्कैल्प पर लगाने से सिर की त्वचा ही खराब होती है। यदि आप रोजाना बालों में चोटी करती हैं तो एक ही जगह पर चोटी करती हैं तो इस आदत को आप बदल दें।

खाने में लें फाइबर

लोबिया डाइटरी फाइबर का एक अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह डायबिटीज के मरीजों के लिए अच्छा आहार है। लोबिया कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने के साथ-साथ दिल की बीमारियों और अन्य बीमारियों को दूर करने में सहायक होता है। पोटेशियम और मैग्नीशियम की उपस्थिति लोबिया को ह्रदय से संबंधित बीमारियों को दूर करने में उपयोगी बनाती है।

नशीली चीजों से रहें दूर

अगर आप किसी भी प्रकार के तम्बाकू, सिगरेट और गुटखा आदि का सेवन करते हैं तो इन्हें खाना तुरंत बंद कर दें। डॉक्टर्स के अनुसार, ये सभी नशीले पदार्थ ओरल कैंसर का सबसे बड़ा कारण होते हैं। अगर आपके मुंह में छाले हैं या कोई घाव हो गया हो तो उसे इग्नोर बिल्कुल भी न करें, समय रहते डॉक्टर के पास जाएं और जांच करवाकर इलाज करवाएं।

पैरों का भी रखें खास खयाल

पैर में सूजन, थकावट या खुजलाहट होने पर पैरों को धोने के बाद नींबू के रस से उनकी मालिश करें। पैरों पर विटामिन-ई लोशन लगा कर उससे ऊपर की ओर मसाज कीजिए।

साथ ही धूप में जाने से पहले अपने पैरों पर संस्क्रीन लगाना न भूलें। एक चम्मच ग्लिसरीन में एक चम्मच दूध मिलाकर रात में सोने से पहले पैरों पर लगाएं। इससे पैर कोमल और खूबसूरत बने रहेंगे।

टिप्स जो बनाए एक्टिव

इस कमी की वजह से रोजमर्रा की जिंदगी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। शरीर लक्षणों के रूप में अलार्म देता है कि आप जिंदगी सही तरीके से नहीं जी रहे हैं। कुछ बातों का ध्यान रखकर और थोड़े बहुत बदलावों की मदद से आप न सिर्फ अपनी एनर्जी को बेहतर बना सकते हैं बल्कि लंबे समय तक स्वस्थ भी रह सकते हैं।

एनर्जी बूस्टर है ब्रेकफास्ट

सुबह का पहला आहार आपके दिनभर की एनर्जी का बड़ा स्रोत है जिसे हम अक्सर कम अहमियत देते हैं। सर्वे कंपनी 'हैल्थ एंड हील' द्वारा की गई एक रिसर्च के दौरान यह बात सामने आयी है कि 72 प्रतिशत लोग अपने ब्रेकफास्ट को लेकर बहुत लापरवाह हैं।

न हो पानी की कमी

पानी का भरा हुआ गिलास आपके डेस्क का हिस्सा होना चाहिए। एक व्यक्ति को मौसम के हिसाब से शरीर को पानी की पूर्ति करते रहना चाहिए। इसे जानने का सबसे आसान तरीका आपका यूरीन है। अगर वह ज्यादा पीला आ रहा है तो सावधान हो जाना चाहिए कि आप शरीर को उतना पानी नहीं दे रहे हैं जितनी उसे जरूरत है। रोजाना शरीर को तीन से चार लीटर पानी की जरूरत होती है।

सिट्रिक एसिड

सिट्रिक एसिड खट्टी चीजों में पाया जाता है। नींबू और संतरा इसके बेहतरीन स्रोत हैं। नींबू को अपने सलाद का हिस्सा बनाएं और संतरे या मौसमी का जूस दिन में एक बार लें। नींबू पानी से वजन कम कर सकते हैं क्योंकि यह शरीर में जमी अतिरिक्त वसा को बाहर निकालने का काम करता है।

अंकुरित अनाज की ताकत

अंकुरित अनाज सस्ता व बनाने में आसान होता है। चना, मूंग, गेहूं, सोयाबीन, मेथी आदि को अंकुरित किया जा सकता है। इसमें विटामिन व अन्य पोषक तत्वों की मात्रा काफी ज्यादा होती है जो शरीर को ऊर्जा देने का काम करते हैं।

एनर्जी का राज बी-12

विटामिन बी-12 एनर्जी लेवल को भी बेहतर बनाता है। दूध, बादाम, टोफू और सूखे मेवे इस विटामिन काबेहतर स्रोत हैं। इसकी कमी से डायरिया, कब्ज, कमजोरी, थकान जैसी तकलीफे हो सकती हैं।

खाने से डरे नहीं

दिन में थोड़ा-थोड़ा करके कई बार खाने से ब्लड शुगर लेवल एक जैसा बना रहता है और काफी काम करने के बावजूद भी आप थकान महसूस नहीं करते हैं। इसके लिए सिर्फ आपको अपने स्नैक्स के चयन मे थोड़ी सावधानी बरतनी होगी

एक्सरसाइज से करें आंखों की केयर

हथेलियों को रगड़कर गर्म करें और इन्हें दोनों आंखों पर रखें, इसके बाद हाथ हटाएं और धीरे से आंखें खोलें आंखें हमारे शरीर का बेहद अहम हिस्सा होती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार शरीर के अन्य अंगों की तरह इनका भी व्यायाम जरूरी होता है। लगातार पढ़ाई करने के बाद आंखों की मांसपेशियां थक जाती हैं और तनाव व सिरदर्द होने लगता है जिसे कन्वर्जेस इंसफीसिएंसी कहते हैं। आइए जानते हैं आंखों के लिए आवश्यक व्यायाम के बारे में...

फुल फेस मसाज : गर्म पानी में एक तौलिए को भिगोएं। इस तौलिए को चेहरे पर रखें और नाक, गर्दन व गाल पर अच्छे से फिराएं। इसके बाद अंगुलियों के पोरों से माथे और बंद आंखों की मसाज करें।

पामिंग : कुर्सी पर बैठ जाएं, हथेलियों को रगड़कर गर्म करें, अब इन्हें दोनों आंखों पर रखें। आईबॉल पर प्रेशर न देते हुए धीरे से गहरी सांस लें और किसी अच्छी घटना के बारे में या भविष्य में होने वाली किसी बात के बारे में सोचें।

पैरों की बदबू से हैं परेशान तो अपनाएं ये उपाय

कुछ लोगों के पैरों से बहुत दुर्गंध आती है। इस दुर्गंध के चलते दोस्तों के बीच कई बार उनको शर्मिंदा भी होना पड़ सकता है। दिनभर जूते-मौजे या फूटवियर पहने रहने से पैरों में पसीना आने लगता है, जिससे बदबू फैलने लगती है। ऐसे में हम आपको बताते हैं कुछ ऐसे आसान घरेलू उपाय जिससे मिलेगा पैरों की बदबू से निजात.....

बैकिंग सोडा : बैकिंग सोडा पैरों की बदबू मिटाने का कारगर उपाय है। ये एक बेहतरीन क्लिनिंग और कंडिशनिंग एजेंट है। इसके लिए 1 बाल्टी गुनगुने पानी में एक कप बैकिंग सोडा मिलाक र पैरों को पानी में डाल लें। 20 मिनट तक पानी में पैर रखने के बाद उन्हें तौलिये से पोंछ लें और पूरी रात पैरों को खुला रहने दें।

ब्लैक टी : ब्लैक टी में टैनिक एसिड पाया जाता है, जो पैरों के बदबू फैलाने वाले बैक्टिरिया को नष्ट करता है। साथ ही इससे पसीना भी कम हता है। इसके लिए 3 कप गर्म पानी में 2 ब्लैक टी बैग उबालें। फिर आधा बाल्टी पानी में इसे डाल दें। करीब 15-20 तक इस पानी में अपने पैर भिगोए रखें। एक हफ्ते तक नियमित रूप से ऐसा करें।

फिटकरीः फिटकरी पाउडर में एंटिसेप्टिक तत्व पाए जाते हैं। जो बैक्टिरिया को रोकते हैं। इसके लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच फिटकरी पाउडर मिलाएं और फिर इस मिश्रण से अपने पैर साफ करें। इसके बाद 15 मिनट तक इंतजार करें और फिर पैर सूखा लें। इसके बाद अपने पैरों पर थोड़ा फिटकरी पाउडर छिड़के। इस प्रोसेस को रोजाना करें, इससे बैक्टिरिया खत्म हो जाएंगे।

नमकः नमक पैरों की बदबू मिटाने का सबसे आसान उपाय है। आधी बाल्टी गर्म पानी में 2 चम्मच नमक डालें और उसमें अपने पैरों को 20 मिनट तक डूबा कर रखें। पैरों को साफ करें और फिर तौलिए से पोंछ लें। इसके बाद पैरों को खुला छोड़ दें।

पिंपल्स से छुटकारा पाना है तो गुनगुने पानी से धोएं चेहरा

चेहरे की साफ-सफाई के लिए व चमक बरकरार रखने के लिए महिलाएं, लड़कियां बहुत संवेदनशील रहती हैं। चेहरे को चमकदार बनाने के लिए उसे साफ करना बहुत जरूरी होता है और चेहरे की सफाई करना हम सबको बहुत आसान काम लगता है, पर क्या आपको पता है कि चेहरे को साफ करते वक्त हम ऐसी छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिससे चेहरे की त्वचा और उसकी चमक पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है इसलिए इन गलतियों का ध्यान रखें, ताकि चेहरे की चमक कभी न खोए।

गुनगुने पानी का भी करें इस्तेमाल

चेहरे को धोने के लिए आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इससे त्वचा हाइड्रेट भी रहती है और संक्रमण होने का खतरा बहुत हद तक कम हो जाता है। हां, गुनगुने पानी का इस्तेमाल करते वक्त इतना जरूर ध्यान रखें कि पानी त्वचा को नुकसान न पहुंचाए और त्वचा को जलाए भी नहीं। त्वचा के सहने योग्य गुनगुने पानी का ही इस्तेमाल करें।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-राहुल गोविंद पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-राहुल गोविंद पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

अंध विद्यालय में दो दिवसीय स्टूडेंट-टीचर ट्रेनिंग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। श्योर संस्था द्वारा संचालित श्री सत्य साईं अंध एवं मूक बधिर विद्यालय में एचसीएल फाउंडेशन एवं रेजड लाइंस फाउंडेशन के सहयोग से दो दिवसीय स्टूडेंट एवं टीचर ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य दृष्टिबाधित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को आधुनिक एवं स्पर्श-आधारित शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना तथा समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के तहत "टच, लर्न एंड शाइन" पहल के माध्यम से दृष्टिबाधित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए स्पर्श-आधारित शिक्षण सामग्री के उपयोग एवं महत्व पर प्रशिक्षण दिया गया। इसके माध्यम से बच्चे स्पर्श एवं अनुभव के जरिए विभिन्न विषयों और अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझ सकें, इस पर विशेष जोर दिया गया। इशशाद एवं शिवम ने प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को टैक्टाइल लर्निंग मटेरियल के उपयोग, उसकी उपयोगिता तथा दृष्टिबाधित विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अनिल शर्मा, राजाराम गुर्जर, राजेश कांटीवाल, हेप्पीलाल मीणा, बंसीधर, धर्मपाल, खुशांत शर्मा एवं जगपाल सिंह ने सहभागिता की।

गौशाला को 30 बीघा भूमि आवंटित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। "सबै भूमि गोपाल की" के भाव के साथ शिव विधानसभा क्षेत्र के चंदनिया गांव में स्थित श्री नत्थुपुरी गौशाला संस्थान, लाबराऊ को गौशाला के लिए 30 बीघा भूमि पट्टे पर आवंटित की गई है। इस अवसर पर भाजपा नेता स्वरूपसिंह खारा ने सियाणी स्थित नत्थुपुरी मठ पहुंचकर दर्शन किए तथा मठाधीश आनंदपुरी महाराज से आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने महाराज को भूमि आवंटन संबंधी पत्र भेंट किया। भाजपा नेता स्वरूपसिंह खारा ने कहा कि गौसेवा हमारी संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गौशाला के लिए भूमि उपलब्ध होने से गौसेवा के कार्यों को और विस्तार मिलेगा।

भाजपा नेता स्वरूपसिंह खारा ने लिया आशीर्वाद और मार्ग दर्शन

पोर्नोग्राफिक ऐप्स से मोबाइल का कंट्रोल हासिल कर रहे साइबर ठग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद/जयपुर। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने फर्जी एवं पोर्नोग्राफिक एंड्रॉइड एप्प के जरिए की जाने वाली साइबर धोखाधड़ी को लेकर आमजन के लिए एडवाइजरी जारी की है। साइबर अपराधी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील विज्ञापनों और लिंक के माध्यम से लोगों को फर्जी वेबसाइटों तक ले जाकर संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड और इंस्टॉल करवाते हैं। इसके बाद मोबाइल की संवेदनशील अनुमतियां हासिल कर डिवाइस का नियंत्रण अपने हाथ में लेकर साइबर ठगी को अंजाम दिया जाता है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि एडवाइजरी के अनुसार कई नामों से सोशल मीडिया पर विज्ञापन प्रसारित किए जा रहे हैं। इन विज्ञापनों पर क्लिक करने के बाद उपयोगकर्ता को अश्लील वेबसाइटों पर ले जाकर संदिग्ध एपीके डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाता है।

राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

एपीके इंस्टॉल होते ही शुरू हो जाता खेल

- अपराधी सबसे पहले टेलीग्राम, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील विज्ञापन या लिंक प्रसारित करते हैं। उपयोगकर्ता को फिशिंग वेबसाइट पर ले जाकर अज्ञात स्रोत से एपीके फाइल डाउनलोड एवं इंस्टॉल करने के लिए उकसाया जाता है। ऐप इंस्टॉल होने के बाद 'ऐप अपडेट' के नाम पर एक दूसरा पैकेज डाउनलोड और इंस्टॉल कराया जा सकता है।

वीपीएन से ट्रैफिक भी कर सकते नियंत्रित

- कुछ संदिग्ध ऐप मोबाइल फोन में वीपीएन भी इंस्टॉल कर देते हैं। इसके जरिए मोबाइल का इंटरनेट ट्रैफिक साइबर अपराधियों के सर्वर से संचालित हो सकता है। डिवाइस का नियंत्रण अपराधियों के हाथ में जाने के बाद वे उपयोगकर्ता के बैंक खाते और अन्य वित्तीय संस्थानों से अनधिकृत लेनदेन कर सकते हैं।

इन सावधानियों से बचाएं अपना मोबाइल

सोशल मीडिया विज्ञापन, संदिग्ध वेबसाइटों या अज्ञात लिंक से एपीके फाइल डाउनलोड न करें। अनजान ऐप्स को एक्सेसिबिलिटी परमिशन बिल्कुल न दें। एप्लिकेशन केवल गूगल प्ले स्टोर या अन्य विश्वसनीय ऐप स्टोर से ही डाउनलोड करें। फोन में इंस्टॉल ऐप्स की नियमित समीक्षा करें और किसी अनजान ऐप को तुरंत हटाएं। गूगल प्ले प्रोटेक्ट को चालू रखें और मोबाइल डिवाइस को अपडेटेड रखें।

संदिग्ध ऐप हटाने अपनाएं सेफ मोड

यदि कोई संदिग्ध ऐप सामान्य तरीके से अनइंस्टॉल नहीं हो रहा है तो फोन को सेफ मोड में शुरू करने की सलाह दी गई है। इसके लिए पावर ऑफ विकल्प को तब तक दबाकर रखें, जब तक सेफ मोड का विकल्प दिखाई न दे। इसके बाद ओके अथवा रीस्टार्ट इन सेफ मोड पर क्लिक करें। फोन के Safe Mode में शुरू होने के बाद Settings Apps में जाकर संदिग्ध ऐप को चुनें और Uninstall करें।

थार में फिर गूंजेगा गोडावण का कलरव

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। थार के रेगिस्तान की पहचान और राजस्थान के राज्य पक्षी गोडावण के संरक्षण की दिशा में एक बड़ी पहल होने जा रही है। लंबे समय से संरक्षण एवं प्रजनन केंद्रों में पाले जा रहे गोडावणों को अब एक बार फिर उनके प्राकृतिक घर यानी थार के खुले आसमान में छोड़ने की तैयारी की जा रही है। आगामी वन्यजीव सप्ताह के दौरान अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में गोडावणों के पहले समूह को प्राकृतिक वातावरण में छोड़ा जा सकता है। जैसलमेर जिले के रामदेवरा और सुदाशरी क्षेत्र को संभावित स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है। हालांकि अंतिम स्थल का निर्धारण आवश्यक स्वीकृतियों एवं तैयारियों के बाद किया जाएगा। गोडावण संरक्षण के लिए जैसलमेर लंबे समय से देश-दुनिया का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां संचालित संरक्षण एवं प्रजनन कार्यक्रम के गोडावणों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ उनके संरक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया पर काम जारी है।



थार के लिए ऐतिहासिक पल

- गोडावण को थार की पहचान और जैसलमेर की प्राकृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। यदि संरक्षण केंद्रों में पले गोडावण सफलतापूर्वक प्राकृतिक आवास में अपना जीवन शुरू करते हैं तो यह आने वाले समय में गोडावण संरक्षण के लिए एक नई उम्मीद पैदा कर सकता है।

असर सर्वेक्षण-2026

तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन जयपुर के तत्वावधान में असर (डाइट) सर्वेक्षण 2026 के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बाड़मेर में अध्ययनरत डीएलएड प्रशिक्षणार्थियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन 23 से 25 सितंबर तक किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को सर्वेक्षण की प्रक्रिया, विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के शैक्षिक स्तर का आकलन तथा सर्वेक्षण से संबंधित प्रपत्रों एवं उपकरणों के उपयोग की जानकारी देना है। प्रशिक्षण प्रभारी हरलाल जी गोरसिया ने बताया कि 26 एवं 27 सितंबर को बाड़मेर जिले के चयनित गांवों में असर सर्वेक्षण किया जाएगा। सर्वेक्षण के दौरान 3 से 16 आयु वर्ग के बच्चों की विद्यालयी शिक्षा तथा 5 से 16 आयु वर्ग के बच्चों के बुनियादी भाषा एवं गणितीय कौशल की स्थिति का आकलन किया जाएगा।

वार्ड 13, 14 और 21 में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाड़मेर। वार्ड 13, 14 एवं 21 के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर कार्यकर्ता सम्मान एवं मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सेवा, समर्पण एवं सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जन अभियोग एवं सतर्कता समिति के सदस्य ओमप्रकाश जाटोल ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के साथ-साथ कुपोषण की रोकथाम तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास में आंगनवाड़ी केंद्रों का विशेष योगदान है। वार्ड 13 के पार्षद कैलाश कोटड़िया ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों एवं महिलाओं को पोषण संबंधी जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं के समर्पण एवं सेवाभाव की सराहना की। वार्ड 21 के पार्षद पोखर सिंह राजपुरोहित ने आंगनवाड़ी केंद्र के लिए वॉटर कूलर उपलब्ध करवाने की घोषणा की।

विकसित राजस्थान की दिशा में बढ़ रहा प्रदेश : दीप्ति

जागरूक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा एवं सुशासन की 25 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा के उपलक्ष्य में दादिया, जयपुर में आयोजित 'सेवा संकल्प सभा' में राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सहभागिता कर प्रदेश के विकास और जनकल्याण के संकल्प को मजबूती देने का आह्वान किया। सभा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि राजस्थान में विकास को नई गति देने के उद्देश्य से 2,636 करोड़ की लागत के 929 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जाना प्रदेश सरकार की विकास प्राथमिकताओं को दर्शाता है। विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के 36 लाख लाभार्थियों के खातों में 400 करोड़ की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचाना सुशासन और जनसेवा की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय विचार को आधार बनाकर प्रदेश सरकार समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने निरंतर कार्य कर रही है।

हिंदुस्तान जिंक ने 1,105 हेक्टेयर भूमि को बनाया हरित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

राजसमंद। विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और प्रमुख चांदी उत्पादकों में से एक हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अब तक 1,105 हेक्टेयर भूमि का सफलतापूर्वक रिस्टोर किया है। यह क्षेत्रफल 1,500 से अधिक फुटबॉल मैदानों के बराबर है। यह उपलब्धि पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार खनन को साथ लेकर चलने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। कंपनी खनन और परिचालन क्षेत्रों में भूमि सुधार, पौधरोपण, जैव विविधता संरक्षण और टिकाऊ भूमि उपयोग जैसी गतिविधियों के माध्यम से प्राकृतिक वातावरण को पुनर्जीवित कर रही है। यह प्रयास हिंदुस्तान जिंक के सस्टेनेबिलिटी गोल्स 2030 का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस उपलब्धि पर हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमरेंदु प्रकाश ने कहा कि भविष्य का खनन केवल उत्पादन से नहीं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदार प्रबंधन से भी पहचाना जाएगा।

हिंदुस्तान जिंक में भूमि पुनर्वास, जल संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी हमारी कार्यशैली का अभिन्न हिस्सा हैं। हमारा लक्ष्य विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को साथ लेकर आगे बढ़ना है। भूमि पुनर्वास के साथ-साथ हिंदुस्तान जिंक ने वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2026 तक 8.5 लाख पौधे लगाए हैं, जिनमें केवल वित्त वर्ष 2026 में 1.14 लाख पौधे लगाए गए।

सांगड़ की बालिकाओं ने कबड्डी में जीता कांस्य पदक

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जैसलमेर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांगड़ की बालिका कबड्डी टीम ने 70वीं जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में कांस्य पदक हासिल किया है। टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के इतिहास में यह पहला अवसर है, जब बालिका टीम ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ट्रॉफी अपने नाम की है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। टीम की सफलता में कप्तान राजल चारण तथा खेल प्रभारी रानीदान का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। प्रतियोगिता में कप्तान राजल चारण के साथ चेतना, संजना, डिम्पल, रतन कुमारी, शारदा, सानिया, सपना, भावना एवं देविका ने टीम का प्रतिनिधित्व किया। टीम की उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने बधाई दी है।

- 70वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहली बार हासिल की ट्रॉफी

व्यापार जगत

दो अक्टूबर को नहीं चलेगा यूपीआई!

नई दिल्ली। 2000 रुपए से अधिक के यूपीआई मर्चेंट भुगतान पर 15 अक्टूबर से एमडीआर लागू किए जाने के विरोध में चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज ने 2 अक्टूबर को 'नो यूपीआई डे' का ऐलान किया है। संगठन ने दिल्ली समेत देशभर के दुकानदारों और व्यापारियों से उस दिन यूपीआई क्यूआर कोड और साउंड बॉक्स को काले कपड़े से ढककर नकद भुगतान लेने की अपील की है। पेट्रोल पंप, रेलवे टिकट समेत इन जगहों पर लगेगा सिर्फ 5 रुपए का एमडीआर, यूपीआई ट्रांजेक्शन अमाउंट चाहे कितना भी हो।

दुकानदार काले कपड़े से ढकेंगे क्यूआर कोड

बढ़ जाएगा नकद लेनदेन

- सीटीआई के चेयरमैन के अनुसार अगर 15 अक्टूबर से 2000 रुपए से अधिक यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर शुल्क लगाया तो फिर से नकदी लेनदेन का प्रचलन बढ़ सकता है। दुकानदारों, व्यापारियों और एमएसएमई सेक्टर ने पूरी तरह से यूपीआई लेनदेन को अपना लिया था, लेकिन अब अगर दुकानदारों, व्यापारियों पर अतिरिक्त शुल्क का बोझ पड़ेगा तो वे नकदी लेनदेन की ओर लौट सकते हैं।

फैसला वापस लेने की अपील

- सीटीआई ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मांग की है कि 15 अक्टूबर 2026 से 2000 से अधिक के यूपीआई भुगतान पर एमडीआर लगाने के फैसले को वापस लिया जाए क्योंकि इसके खिलाफ देश भर के व्यापारियों में गुस्सा और निराशा है। सीटीआई का दावा है कि यूपीआई पेमेंट पर एमडीआर चार्ज दुकानदार को देना होगा। बड़ी रकम पर एमडीआर चार्ज की सीमा 300 रुपए तक तय है।

यूपीआई में गिरावट की आशंका

- चार्ज लगने के बाद 2000 से अधिक के यूपीआई भुगतान में 50% तक की गिरावट आ सकती है। इससे ग्राहक और दुकानदार फिर से नकद लेनदेन की ओर लौटेंगे, जिससे डिजिटल इंडिया को झटका लगेगा।

अनमोल इंडस्ट्रीज लाएगा आईपीओ

नई दिल्ली। भारतीय बिस्किट बनाने वाली कंपनी अनमोल इंडस्ट्रीज ने 1800 करोड़ (187.87 मिलियन डॉलर) तक के आईपीओ के लिए आवेदन किया है। अनमोल ने 2018 में 750 करोड़ के आईपीओ के जरिए पब्लिक होने की कोशिश की थी और उसे मार्केट रेगुलेटर से मंजूरी भी मिल गई थी लेकिन कंपनी ने उस प्लान को आगे नहीं बढ़ाया। 1994 में शुरू हुई कोलकाता की कंपनी अनमोल 70 ब्रांड्स के जरिए बिस्किट, कुकीज और केक बेचती है। यह कंपनी 31 देशों में एक्सपोर्ट भी करती है। आईपीओ में एक मात्र शेयर बेचने वाली हिस्सेदार बैजनाथ चौधरी एंड फैमिली ट्रस्ट है। इस ट्रस्ट के पास अनमोल की लगभग 84% हिस्सेदारी है और जो कंपनी का सबसे बड़ा निवेशक है। अनमोल कोई नए शेयर नहीं बेच रही है और उसे इससे कोई रकम नहीं मिलेगी। इंटेंसिव फिस्कल सर्विसेज, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज और आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज इस आईपीओ को मैनेज कर रहे हैं।

- सेबी की मंजूरी का इंतजार

रफ्तार की नाव पर सवार होने वाला बिटकॉइन!

नई दिल्ली। निवेश में बाजार में पिछले कुछ समय से बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। शेयर बाजार धड़ाम है। शेयर बाजार लगातार 7वें हफ्ते गिरा है। साल 2020 के बाद यह सबसे लंबी साप्ताहिक गिरावट है। दूसरी ओर कुछ समय से क्रिप्टो करेंसी बाजार गिरावट के दौर से उभरता दिखाई दे रहा है। कुछ दिन पहले ही बिटकॉइन ने 87 हजार डॉलर के आंकड़े को पार किया है। इस साल जनवरी के बाद यह सबसे बड़ी तेजी है। इस साल बिटकॉइन 60 हजार डॉलर से नीचे गिर गया था। ऐसे में हालिया तेजी से एक बार फिर से निवेशकों की क्रिप्टोकरेंसी में उम्मीद जगी है। शनिवार सुबह 11 बजे एक बिटकॉइन करीब 83,900 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पिछले 24 घंटे में इसमें मामूली गिरावट आई है। हालांकि इस दौरान यह 85 हजार डॉलर के पार भी निकल गया था, लेकिन बाद में कीमत लुढ़क गई।

87000 डॉलर से गिरा बिटकॉइन

- बुधवार को अमेरिका में ग्लोबल बिजनेस एक्टिविटी रिपोर्ट जारी हुई। सितंबर का कंपोजिट पीएमआई बढ़कर 58.4 हो गया, जो जुलाई 2021 के बाद सबसे तेज बढ़ोतरी है। इसके साथ ही कंपनियों की लागत और ट्रांसपोर्ट खर्च में भी भारी बढ़ोतरी देखी गई। अमेरिका में 10 वर्षीय ट्रेजरी बॉन्ड की यील्ड (ब्याज दर का असर) बढ़कर 5.058% तक पहुंच गई।

इससे पहले भी आई थी तेजी

- बिटकॉइन ने 45 हफ्तों में पहली बार अपने 50-वीक मूविंग औसत (78,786 डॉलर) से ऊपर साप्ताहिक क्लोजिंग दी थी। ब्रेंट क्रूड ऑयल 108 डॉलर से गिरकर 101-102 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया था, जिससे वैश्विक महंगाई कम होने की उम्मीद जगी थी।

कैंसर की दवा पर घमासान

5100 की गोलियां मरीजों को 78400 में

नई दिल्ली। भारत में कैंसर की महंगी दवाओं को सस्ता करने और लाखों मरीजों तक उनकी पहुंच बढ़ाने को लेकर केरल हाईकोर्ट में एक मामला चल रहा है। इस मामले में बड़ी फार्मा कंपनियां ने सस्ते जेनेरिक वर्जन के पक्ष में दायर याचिका का विरोध किया है। मामला दो प्रमुख ब्रेस्ट कैंसर दवाओं रिबोसिक्लिब और एबेमासिक्लिब से जुड़ा है।

फार्मा कंपनियों ने कोर्ट में कहा- दवाएं सस्ती मत करो

टफ्ट्स सेंटर की रिपोर्ट पर सवाल

दवा कंपनियों ने अपने जवाबी हलफनामे में तर्क दिया कि उन्होंने इन दोनों दवाओं को विकसित करने पर भारी रकम खर्च की है, हालांकि उन्होंने विकास की सटीक लागत का खुलासा नहीं किया। फार्मास्यूटिकल उद्योग की ओर से समर्थित टफ्ट्स सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ ड्रग डेवलपमेंट के एक अध्ययन के अनुसार एक नई दवा को बाजार में लाने में औसतन 2.6 अरब डॉलर की लागत आती है।

क्लीनिकल ट्रायल का वास्तविक खर्च

नॉलेज इकोलॉजी इंटरनेशनल के कार्यकारी निदेशक जेमी लव के अनुसार नोवार्टिस ने रिबोसिक्लिब के ट्रायल पर 49.45 करोड़ डॉलर और लिली ने एबेमासिक्लिब पर 46.9 करोड़ डॉलर से अधिक खर्च किए। क्लीनिकल ट्रायल की लागत 66.75 करोड़ डॉलर से अधिक बैठती है।

भारत में बिक्री का छोटा हिस्सा

- नोवार्टिस ने 2020 से 2025 के बीच रिबोसिक्लिब की दुनिया में करीब 12.7 अरब डॉलर की बिक्री की। भारत में इसी अवधि में इसकी बिक्री लगभग 5.57 करोड़ डॉलर रही। एली लिली की एबेमासिक्लिब की 2020 से 2025 के बीच वैश्विक बिक्री करीब 19.6 अरब डॉलर रही।

राशिफल

27 सितंबर 2026

मेष (अ, ला, चु, चे, चो, ली, लू, ले, लो) — आज कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास बढ़ेगा। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ अंक: 9 | शुभ रंग: लाल

वृष (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो) — आज कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार में सुख-शांति रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आत्मबल बढ़ेगा। शुभ अंक: 6 | शुभ रंग: हरा

मिथुन (का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा) — आज नए अवसर मिलेंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। परिवार का सहयोग रहेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। योजनाएं सफल होंगी। शुभ अंक: 5 | शुभ रंग: पीला

कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) — आज पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मन प्रसन्न रहेगा। यात्रा लाभदायक हो सकती है। शुभ अंक: 2 | शुभ रंग: सफेद

सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) — आज सम्मान और प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आत्मविश्वास ऊंचा रहेगा। शुभ अंक: 1 | शुभ रंग: सुनहरा

कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) — आज मेहनत का फल मिलेगा। कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नए अवसर प्राप्त होंगे। शुभ अंक: 3 | शुभ रंग: नीला

तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) — आज भाग्य का साथ मिलेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। परिवार में आनंद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शुभ अंक: 7 | शुभ रंग: गुलाबी

वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) — आज संयम से काम लें। कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शुभ अंक: 9 | शुभ रंग: मरून

धनु (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) — आज का दिन लाभकारी रहेगा। कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में खुशहाली रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यात्रा के योग बनेंगे। शुभ अंक: 4 | शुभ रंग: नारंगी

मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी) — आज मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ रहेगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। शुभ अंक: 8 | शुभ रंग: भूरा

कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) — आज नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यों में सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शुभ अंक: 6 | शुभ रंग: आसमानी

मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) — आज रुके कार्य पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। परिवार में शांति रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आत्मबल बढ़ेगा। भाग्य का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। शुभ अंक: 3 | शुभ रंग: बैंगनी

गणपति बप्पा मोरया

अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष से गूंजा भीनमाल

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। गणपति बप्पा मोरया... अगले बरस तू जल्दी आना के जयघोष के साथ शुक्रवार को भीनमाल शहर गणेश भक्ति में डूबा नजर आया। गली-मोहल्लों और विभिन्न स्थानों पर स्थापित गणपति प्रतिमाओं की विधिवत पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण माहौल में विसर्जन यात्रा निकाली। शहर की सड़कों पर दिनभर गणपति बप्पा के जयकारे गूंजते रहे। विसर्जन से पूर्व गणपति पंडालों में महाआरती का आयोजन हुआ तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे पुरुषों, महिलाओं और युवाओं ने बप्पा के समक्ष पूजा-अर्चना कर अपनी मनोकामनाएं निवेदित कीं। कई श्रद्धालु भावुक होकर भगवान गणेश को विदाई देते नजर आए। ढोल-नगाड़ों की गूंज और गणेश भक्ति के गीतों के बीच निकली विसर्जन यात्राओं में श्रद्धालु जमकर झूमे। सड़कों पर गूंजते जयकारे, आसमान में उड़ता गुलाल और भक्ति गीतों पर थिरकते युवक-युवतियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा का स्वागत कर आरती की। संतोषी माता मंदिर के गणपति का बालसमंद बांध पर विसर्जनशहर के संतोषी माता मंदिर प्रांगण में आयोजित गणपति महोत्सव के समापन पर श्रद्धा और भावुकता के बीच हुआ। गणपति प्रतिमा को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद विसर्जन यात्रा के रूप में बालसमंद बांध पर ले जाया गया, जहां धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर विक्रम परमार, शेराराम चौहान, प्रकाश परमार, नारायणलाल परमार, भरत चौहान, नैनाराम परमार, पुखराज परमार, जबराराम चौहान, भंवरलाल परमार, अरविंद चौहान, अमृत परमार, अरविंद परमार सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने एक स्वर में "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना" का जयघोष किया।

▸▸ ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमे श्रद्धालु

▸▸ गुलाल से सराबोर सड़कें

▸▸ बालसमंद बांध पर विसर्जन

बाईपास कॉलोनी में विराजे गणपति बप्पा को दी भावपूर्ण विदाई

रानीवाड़ा। कस्बे की बाईपास कॉलोनी में गणपति उत्सव के दौरान विराजित किए गए गणपति बप्पा की प्रतिमा का श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। गणेश उत्सव के समापन पर श्रद्धालु प्रतिमा को लेकर बाईपास रोड स्थित कृषि मंडी के सामने पहुंचे, जहां विधि-विधान से गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की गई विसर्जन से पूर्व श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और आरती कर सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इसके बाद गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ प्रतिमा को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। विसर्जन कार्यक्रम में रवींद्रसिंह, विजय सिंह, जबरसिंह, हड़मत सिंह एवं ओबासिंह सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने गणपति बप्पा को भावपूर्ण विदाई देते हुए अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। इस दौरान बाईपास कॉलोनी में आयोजित गणेश उत्सव में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और धार्मिक वातावरण बना रहा।

श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे

नए बोर्ड के समक्ष अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने की चुनौती

▸▸ 19 वार्ड जीतकर बनी भाजपा की सरकार

▸▸ सीवरेज, पेयजल, सड़क-सफाई की चुनौती

▸▸ बोरला तालाब के विकास पर नजर

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। नगर पालिका चुनाव में 35 में से 19 वार्ड जीतकर भाजपा ने नगर पालिका में अपना बोर्ड बना लिया है। नए बोर्ड के गठन के साथ शहरवासियों की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। अब इन उम्मीदों को धरातल पर उतारने की जिम्मेदारी नगर पालिका अध्यक्ष पुरुषोत्तम पुरोहित के सामने है। हालांकि अध्यक्ष की कुर्सी संभालना जितना आसान दिखाई देता है, शहर की जमीनी समस्याओं का समाधान करना उतना ही चुनौतीपूर्ण होगा। पिछले बोर्ड के कार्यकाल में शुरू हुए और अधूरे रह गए विकास कार्य नए बोर्ड के सामने सबसे बड़ी चुनौती हैं। शहर में कई बुनियादी सुविधाओं से जुड़े काम आज भी पूर्णता की राह देख रहे हैं। ऐसे में नए बोर्ड के सामने केवल नई योजनाएं शुरू करने की ही नहीं, बल्कि पहले से लंबित कार्यों को पूरा कराने की भी जिम्मेदारी है। **सीवरेज व्यवस्था सबसे बड़ी चुनौती** शहर की सीवरेज व्यवस्था लंबे समय से प्रमुख मुद्दों में शामिल रही है। कई क्षेत्रों में सीवरेज से जुड़ी समस्याओं के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीवरेज व्यवस्था को व्यवस्थित करना और जहां काम अधूरा है, वहां उसे पूरा कराना नए बोर्ड की प्राथमिकता में शामिल होना जरूरी है। **पेयजल व्यवस्था भी परीक्षा का मुद्दा** शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर भी लोगों की उम्मीदें नए बोर्ड से जुड़ी हैं। नियमित और पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना आसान चुनौती नहीं होगी। बढ़ते शहरी विस्तार और आबादी के साथ पानी की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में पाइपलाइन व्यवस्था, वितरण प्रणाली और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ठोस योजना बनाना जरूरी होगा। **सड़कों की हालत भी मांग रही सुधार** शहर के कई हिस्सों में सड़कें मरम्मत की बाट जोह रही हैं। मुख्य मार्गों के साथ मोहल्लों की आंतरिक सड़कों पर भी जगह-जगह गड्ढे और क्षतिग्रस्त हिस्से लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते हैं। पिछले कार्यकाल के अधूरे सड़क कार्यों को पूरा कराने के साथ नई सड़कों की जरूरत वाले क्षेत्रों को चिह्नित करना भी बोर्ड के सामने बड़ी जिम्मेदारी होगी। **नालियों और जल निकासी भी अहम मुद्दा** शहर में नालियों की नियमित सफाई और जल निकासी की व्यवस्था को लेकर भी सुधार की जरूरत है। कई स्थानों पर नालियों में गंदगी जमा होने से जलभराव की स्थिति बनती है। बारिश के दौरान यह समस्या और बढ़ सकती है। नालियों की सफाई, मरम्मत और व्यवस्थित जल निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था बनाना नए बोर्ड की कार्यशैली की परीक्षा लेगा। शहर की सफाई व्यवस्था भी बोर्ड के लिए महत्वपूर्ण मुद्दा है। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी, झाड़ियों और नियमित सफाई की कमी शहर की छवि पर असर डालती है। केवल सफाई अभियान चलाने के बजाय नियमित निगरानी और जवाबदेही की व्यवस्था बनाने की जरूरत है। शहरवासियों को उम्मीद है कि नए बोर्ड के कार्यकाल में सफाई व्यवस्था जमीन पर दिखाई देगी। **बोरला तालाब के विकास की उम्मीद** बोरला तालाब शहर के लिए महत्वपूर्ण स्थान होने के बावजूद इसके विकास और सौंदर्यीकरण की मांग लगातार उठती रही है। तालाब का संरक्षण, सौंदर्यीकरण, आसपास का विकास और जल संरक्षण की दृष्टि से इसका उपयोग शहर के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। नए बोर्ड से शहरवासियों को उम्मीद है कि बोरला तालाब के विकास को भी प्राथमिकता सूची में शामिल किया जाएगा। **19 पार्षदों के साथ बोर्ड, अब परिणाम की बारी** भाजपा ने 35 में से 19 वार्ड जीतकर बहुमत हासिल किया है।

आदर्श सेवा मंदिर विद्यालय में मातृ शक्ति सम्मेलन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। स्थानीय फाफरिया हनुमान जी मंदिर प्रांगण में संचालित आदर्श सेवा मंदिर विद्यालय में शनिवार को मातृ शक्ति सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं परिचय के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य रूपनाथ ने उपस्थित अतिथियों का परिचय करवाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेवेन्यू इंस्पेक्टर सुंदर बिश्नोई रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति सदस्य कृष्णा देवी ने की। विशिष्ट अतिथि परमार हॉस्पिटल भीनमाल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रेखा परमार वं मदन बिश्नोई रहीं। मुख्य वक्ता आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय भीनमाल की सहायक प्रधानाचार्य डॉक्टर सुशीला राव रहीं। वक्ताओं ने कहा कि बच्चों के जीवन में मां की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। परिवार में मिलने वाले संस्कार और विद्यालय में प्राप्त शिक्षा मिलकर बच्चों के व्यक्तित्व को आकार देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित राधा-कृष्ण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

■ संस्कार और शिक्षा के महत्व पर चर्चा

बालिका हॉकी टीम लगातार तीसरी बार जिला चैंपियन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

रानीवाड़ा। सियाणा में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय हॉकी खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कागमाला की 17 वर्ष छात्रा वर्ग हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिला चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। टीम ने लगातार तीसरी बार जिला स्तर पर विजेता बनकर अपनी श्रेष्ठता कायम रखी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण लाल जीनगर ने बताया कि टीम की यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, नियमित अभ्यास, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। खास उपलब्धि यह है कि 17 वर्ष छात्रा वर्ग की हॉकी टीम लगातार चौथे वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। चार वर्ष पूर्व टीम कोच जितेंद्र सिंह देवड़ा के मार्गदर्शन में विद्यालय में हॉकी खेल की शुरुआत हुई थी। इसके बाद छात्राओं ने लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए हॉकी में अपनी पहचान बनाई। अब तक करीब 25 बालिकाएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जालोर जिले का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इस वर्ष भी 8 बालिकाएं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। टीम के कोच महेंद्र देवासी एवं प्रभारी कविता चौधरी के साथ सीता शर्मा, चेनाराम, आरती सहित विद्यालय स्टाफ ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

■ 17 वर्ष छात्रा वर्ग में शानदार प्रदर्शन

नर्मदा नहर से अवैध पानी चोरी पर प्रशासन का कड़ा रुख

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांचौर। नर्मदा मुख्य नहर से अवैध रूप से पानी की चोरी करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। नर्मदा नहर परियोजना के अधीक्षण अभियंता महेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार अधिकारियों की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नहर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर छापेमारी और जब्ती अभियान चलाया। अधीक्षण अभियंता महेश कुमार मीणा के आदेश पर गठित दो विशेष दलों ने कल नहर के अलग-अलग हिस्सों का आकस्मिक निरीक्षण किया। पहले दल ने किलोमीटर 0 से 29 के बीच सघन चेकिंग अभियान चलाकर नहर में अवैध रूप से डाले गए लगभग 200 साइफन पाइपों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके साथ ही ग्राम क्षेत्र से अवैध रूप से पानी खींच रही 2 सबमर्सिबल मोटरें जप्त की गईं। दूसरे दल ने किलोमीटर 29 से 74 के बीच कार्रवाई करते हुए नहर से अवैध पाइप हटाने का कार्य किया। विभागीय जानकारी के अनुसार, नहर में मरम्मत व निर्माणाधीन कार्यों के बीच वर्तमान में लगभग 200 क्यूसेक पानी उपलब्ध हो रहा है। अधीक्षण अभियंता ने स्पष्ट किया कि यह जल अभियान पीएचईडी (जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग) की पेयजल आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए चलाया जा रहा है ताकि आमजन तक पीने का पानी निर्बाध रूप से पहुंच सके।

200 साइफन पाइप नष्ट, मोटरें जब्त

रोड़ा में जिला स्तरीय सेपक-टकरा प्रतियोगिता का समापन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

बड़गांव। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रोड़ा में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय सेपक-टकरा खेलकूद प्रतियोगिता का तीन दिवसीय आयोजन शनिवार को समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों के खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य तथा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मंजू प्रतिभा, पूर्व सरपंच कान्तीलाल पुरोहित, प्रशासक कृष्ण पुरोहित रोड़ा एवं पूर्व सरपंच बलवंत पुरोहित मौजूद रहे। खेलकूद सचिव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों के 106 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

विजेता टीमें सिल्वर मेडल व ट्रॉफी से सम्मानित

खेल से बढ़ता आत्मविश्वास : चौधरी

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेलों से बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से नियमित अभ्यास करते हुए आगे बढ़ने और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। सांसद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। आवश्यकता है कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उचित अवसर और मार्गदर्शन मिले। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी करने की बात कही।

सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान

तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों एवं आयोजन से जुड़ी तमाम व्यवस्थाओं में सहयोग करने वाले भामाशाहों का भी समारोह में सम्मान किया गया। आयोजन में सहयोग के लिए छगनलाल पुत्र पुराजी, बाबूलाल पुत्र उखरडाजी, कान्तीलाल पुत्र भेमाजी एवं गवराराम पुत्र जवाजी पुरोहित को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भामाशाहों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलती है। समापन समारोह में विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सिल्वर मेडल, ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जीके गोवानी महाविद्यालय

ईएलसी कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। स्थानीय जीके गोवानी राजकीय महाविद्यालय में इलेक्शन लिटरेसी क्लब ईएलसी की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ईएलसी कार्यकारिणी के सदस्यों एवं विद्यार्थियों को जाति, धर्म, भाषा तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। महाविद्यालय प्राचार्य नरेश कुमार महला ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जागरूक एवं सजग मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से मतदान के महत्व को समझने तथा समाज में अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। सहायक आचार्य डॉ. लखमसिंह राठौड़ ने कहा कि विद्यार्थियों को मतदान के प्रति अधिक से अधिक जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए मतदान के महत्व का संदेश समाज तक पहुंचा सकता है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की ईएलसी एम्बेसडर किरण देवल ने उपस्थित सदस्यों एवं विद्यार्थियों को निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान महाविद्यालय के शिक्षकगण, ईएलसी कार्यकारिणी के सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

■ निष्पक्ष मतदान को किया जागरूक

टाट-पट्टी से राष्ट्रीय सम्मान तक

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

भीनमाल। महाकवि माघ की जन्मभूमि भीनमाल के लिए गौरव का क्षण है। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वडली नाडी, नवापुरा चौपावतान के प्रबोधक शिक्षक, अखिल भारतीय महाकवि माघ विकास संस्थान के संयोजक एवं राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, स्थानीय संघ भीनमाल के सचिव डॉ. घनश्याम कुमार व्यास का चयन कुरुक्षेत्र में आयोजित राष्ट्रीय नवाचार शोध अवार्ड-2026 के लिए हुआ है। 26 एवं 27 सितंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित समारोह में देश के 26 राज्यों से चयनित 200 नवाचारियों के बीच डॉ. व्यास को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया जाएगा।

▸▸ महाकवि माघ की धरा के लाल का कुरुक्षेत्र में होगा वंदन

पद्म पुरस्कार को छह बार की अनुशंसा

■ डॉ. व्यास की सेवाओं को देखते हुए उन्हें कलेक्टर, जालोर द्वारा दो बार तथा भारत सरकार के चार मंत्रालयों—संस्कृति, कृषि, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास मंत्रालय—द्वारा पद्म पुरस्कार के लिए अनुशंसित किया जा चुका है।

28 साल में अंतिम ढाणियों तक पहुंचाई शिक्षा

■ डॉ. व्यास ने वर्ष 1997 से 2008 तक करीब 11 वर्ष निजी विद्यालयों में सेवा दी। इसके बाद वर्ष 2010 से राजकीय सेवा में रहते हुए विविध बैतराना, भादरड़ा और वडली नाडी नवापुरा चौपावतान जैसी अंतिम ढाणियों में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य किया। जनसहभागिता और भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से युक्त एवं हरित वातावरण वाला शिक्षण केंद्र बनाने की दिशा में कार्य किया। विद्यालय में सीसीटीवी कैमरे, आरओ का शुद्ध पेयजल जैसी विभिन्न प्रकार गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और जीवदया की भावना विकसित करने पर जोर दिया गया। उनका कार्य मंत्र रहा—"एक सबके लिए, सब एक के लिए और 36 कौम का सर्वांगीण विकास।"

स्काउटिंग के माध्यम से जीवन कौशल

■ राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड, स्थानीय संघ भीनमाल के सचिव के रूप में उन्होंने क्षेमकरी माताजी की पहाड़ी तलहटी में विभिन्न जनजागरुकता एवं विधिक साक्षरता गतिविधियों को बढ़ावा दिया। इन आयोजनों में न्यायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न समाजों की सहभागिता रही। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकताः डॉ. व्यास ने समाज में व्याप्त 16 कुरीतियों के विरुद्ध पुस्तक लेखन और जनजागरण का कार्य किया। इसके साथ ही विप्र फाउंडेशन, श्रीमाली समाज एवं भारत विकास परिषद के माध्यम से सामाजिक एवं राष्ट्र सेवा में योगदान दिया।

पहले भी मिल चुके राष्ट्रीय सम्मान

■ डॉ. व्यास को वर्ष 2005 में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुरस्कार, वर्ष 2020 में आदर्श शिक्षक पुरस्कार तथा राष्ट्रीय जंबूरी, मैसूर में भारत स्काउट एवं गाइड की ओर से फेलोशिप राष्ट्रीय गोल्ड मेडल सहित विभिन्न सम्मान मिल चुके हैं। राष्ट्रीय नवाचार शोध अवार्ड-2026 के लिए चयन को भीनमाल की 36 कौम, महाकवि माघ की गौरवशाली धरती और विद्यार्थियों की उपलब्धि से जोड़कर देखा जा रहा है। डॉ. व्यास का यह सम्मान शिक्षा, नवाचार, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए लंबे प्रयासों की राष्ट्रीय पहचान के रूप में सामने आया है।

पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल

फैब्रिकेशन एवं इरेक्शन कार्य

ई-निविदा सूचना संख्या: DYCE-BR-BRC-13-R-2026-27 भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन), वडोदरा, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा – 390004 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्या: DYCE-BR-BRC-13-R-2026-27 कार्य का नाम:** रतलाम मंडल:- रतलाम-खंडवा सेक्शन में ब्रिज नं.-519 (3x45.73 मी.), 530 (3x45.73 मी.) और 534 (1x30.5 मी.) तथा 367 (11x30.5 मी.) के ओपन वेब थ्रू गर्डर्स पर इंस्पेक्शन प्लेटफॉर्म हेतु स्ट्रक्चरल स्टील की आपूर्ति, निर्माण (फैब्रिकेशन) एवं इरेक्शन कार्य; तथा गोधरा-रतलाम सेक्शन में ब्रिज नं.-89 DN, 142 UP, 226 UP, 226 DN और चंदेरिया-रतलाम सेक्शन में ब्रिज नं.-491, 232 UP, 232 DN पर सैंड/ग्रिट ब्लास्टिंग एवं मेटलाइजिंग कार्य (शेष मात्रा)। (पुनः आमंत्रित-1)। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 2,02,63,483.12 **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा राशि:** ₹ 4,05,300.00 **ई-निविदा जमा करने एवं खोलने की तिथि और समय:** ऑनलाइन निविदा 16.10.2026 को 15:00 बजे से पहले जमा की जानी है तथा उसी दिन 15:30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट का विवरण एवं वह स्थान जहाँ पूरी जानकारी आदि देखी जा सकती है:** वेबसाइट: www.ireps.gov.in उप मुख्य अभियंता (ब्रिज-लाइन), वडोदरा, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा – 390004 BRC-249

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

आसनगांव-कसारा के बीच चौथी रेल लाइन की प्रावधान

उप मुख्य अभियंता(नि) घाटकोपर मध्य रेलवे के पास घाटकोपर रेलवे आरक्षण कार्यालय, जवाहरमार्ग, घाटकोपर (पूर्व), मुंबई- 400077 के लिए और भारत के राष्ट्रपति की ओरसे ई-निविदाओंको निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारोंसे आमंत्रित किया जाता है। **ई-निविदा सूचना सं उप सीई / घाटकोपर / आसनगांव कसारा / एलए / 4थी लाइन / 04 / दिनांक 24.09.2026. काम के नाम:** आसनगांव -कसारा (34.97 किमी) के बीच प्रस्तावित चौथी रेलवे लाइन के प्रावधान के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया (वन पैकेट सिस्टम) कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 1,68,27,857.92. **अग्रिम धन:** रु. 3,36,600/-. **पूरा होने की अवधि:** 12(बारह) महीने मानसून सहित। **निविदा फार्म की लागत:** रु. 0/-. **निविदा दस्तावेजों की उपलब्धत:** उपरोक्त कार्य के लिए निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। **तिथि व जमा करने और निविदा खोलने के समय:** ई- निविदा विधिवत सभी संबंध में पूरा ई- निविदा 16.10.2026 को 11.00 बजे तक इलेक्ट्रॉनिक रूप से ऊपर उल्लेख किया। वेबसाइट पर प्रस्तुत की जानी चाहिए। **निविदाकर्ता ओंके लिए महत्वपूर्ण नोट: a)** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि अपनी पेशकश इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत करने से पहले, उन्हें निविदा विवरण में नियम एवं शर्तों, पात्रता मानदंड, EMD एवं निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने की विधि के संबंध में जानकारी देख लेनी चाहिए। **b)** मध्य रेलवे ने हाल ही में "ई-निविदा" की प्रणाली शुरू की है। सभी इच्छुक निविदाकारों को पहले IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर पंजीकरण करना आवश्यक है। **c)** निविदा दस्तावेज और समय-समय पर जारी किए गए शुद्धिपत्र, निविदा खोलने से कम से कम 15 दिन पहले उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होते हैं और इस वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं। AK-611

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल

ई- निविदा सूचना

ई-निविदा क्रं.: M-DL-EL91-721043 • **कार्य का नाम:** LCC-RTM में 2 साल के लिए पारंपरिक लोकोमोटिव के सहायक मोटर्स की मरम्मत एवं ओवरहॉलिंग। • **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 1,34,99,164.60/- (सभी करों सहित), अर्थात रु. एक करोड़ चौतीस लाख निन्यानबे हजार एक सौ चौंसठ एवं साठ पैसे मात्र। • **बयाना राशि:** रु.2,70,000/- (रु.दो लाख सत्तर हजार मात्र) • **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** निशुल्क • **कार्य की अवधि:** 24 माह • **ऑफर की वैधता:** 60 दिन • **निविदा फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि:** 14.10.2026, 15:00 बजे तक • **निविदा खोलने की तिथि:** 14.10.2026, 15:30 बजे • **वेबसाइट विवरण:** यह टेंडर वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदाकार के पास डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा निविदाकार का IREPS पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। उक्त ई-टेंडर की प्रक्रिया में केवल पंजीकृत निविदाकार ही भाग ले सकते हैं। निविदा प्रक्रिया में भाग लेते समय निविदा से संबंधित सभी दस्तावेज एवं आवश्यक जानकारी पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। V/0271

Like us on: facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

मरम्मत और रखरखाव कार्य

खुलीई- निवीदासूचनासं–मरे/मरेप्र(कार्य) बीबी/2026/48 दिनांक-24.09.2026

क्रमसंख्या-1. कार्य का नाम: A) कुर्ला - साल 2025-26 के लिए एसएसई (वर्क्स) कुर्ला के तहत ज़ोनल काम के बजाय क्वार्टरों का सालाना मेंटेनेंस का काम, **B)** एडीईएन (वर्क्स)बायकुला के तहत एसएसई (वर्क्स)कुर्ला के अंतर्गत एलटीटी में लीकी पिट व्हील लेथ, शेड पिट व्हील लेथ, वैली गटर, प्लास्टर पेंटिंग और खिड़की की मरम्मत, **C)** एसएसई (वर्क्स) कुर्ला के तहत एलटीटी में पुराने आईओएच शेड में खराब फर्श और खराब पाइप चैंबर की मरम्मत, **D)** एसएसई (वर्क्स) कुर्ला के तहत डीजल शेड में भारी मरम्मत के लिए जाने वाली लाइन नंबर 3 के दोनों ओर रास्ते की मरम्मत, **E)** एसएसई (वर्क्स) कुर्ला के तहत घाटकोपर सेंट्रल केबिन में सर्कुलेटिंग एरिया और सेंट्रल केबिन की मरम्मत। **अनुमानित मूल्य:** रु. 643.02 लाख। **ईएमडी:** रु. 12,86,000/-. **काम पूरा होने की अवधि:** 12 महीने।

क्रमसंख्या- 2. कार्य का नाम: कल्याण-इगतपुरी: भाग (A) TBR - 40.442 T km; भाग (B) - मेन और यार्ड लाइनों में स्लीपर के साथ TWSEJ द्वारा SEJ का नवीनीकरण - 50 नग; भाग (C) - TTR (सेट में) - FS+TWS+WCMS 20 नग (1:12) और 18 नग (1:8.5), CS+CMSC - 4 (1:12) और 19 (1:8.5) और DS - 22. **अनुमानित मूल्य:** रु. 556.21 लाख। **ईएमडी:** रु. 11,12,400/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 12 महीने।

क्रम संख्या 3. कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पूर्व)बी.बी.के अधिकार क्षेत्र में दीवा-पनवेल, पनवेल-जेएनपीटी, पनवेल-रोहा और दीवा-वसई रोड सेक्शन के बीच ट्रैक अलाइनमेंट को ठीक करने के लिए प्रिज्म ट्रॉली सर्वे। **अनुमानित मूल्य:** रु. 138.58 लाख। **ईएमडी:** रु. 2,77,200/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 12 महीने है।

क्रम संख्या 4. कार्य का नाम: मुंबई डिवीज़न में 2 साल के लिए आरडीएसओ द्वारा जारी 'रेल्स/वेल्ड्स की अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (प्रोविज़नल) के लिए इंडियन रेलवे स्टैंडर्ड स्पेसिफिकेशन (संशोधित 2022)' के अनुसार वेल्ड्स की टेस्टिंग। **अनुमानित मूल्य:** रु. 441.81 लाख। **ईएमडी:** रु. 8,83,600/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 24 महीने।

क्रम संख्या 5. कार्य का नाम: यार्ड में सुधार के काम: वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (नॉर्थ ईस्ट) बी.बी सेक्शन के तहत कल्याण, कसारा और इगतपुरी यार्ड में सेस को कम करके यार्ड ड्रेनेज में सुधार करना। **अनुमानित लागत:** रु. 409.05 लाख। **ईएमडी:** रु. 8,18,100/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 08 महीने है।

क्रम संख्या 6. कार्य का नाम: A) दादर -परेल -माटुंगा -सायन -जीटीबीएन सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) दादर के तहत कॉलोनियों के लिए 24 महीनों तक मटीरियल की सप्लाई सहित रखरखाव का काम। **B)** कुर्ला-विद्याविहार-टीएमबीवाई सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) कुर्ला के तहत कॉलोनियों के लिए 24 महीनों तक मटीरियल की सप्लाई सहित रखरखाव का काम। **अनुमानित मूल्य:** रु.472.98 लाख। **ईएमडी:** रु.3,86,500/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 24 महीने।

क्रम संख्या 7. कार्य का नाम: ठाणे-कलवा - सीनियर सेक्शन इंजीनियर (वर्क्स) ठाणे के अंतर्गत कॉलोनियों के लिए 24 महीनों तक रखरखाव के काम (सामग्री की आपूर्ति सहित) की सेवा देना। **अनुमानित मूल्य:** रु.135.93 लाख। **ईएमडी:** रु.2,18,000/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 24 महीने।

क्रम संख्या 8. कार्य का नाम: सीनियर डीईएन (एनई)सीएसएमटी के अधिकार क्षेत्र में टिटवाला, वासिंद, खडावली से आसनगांव स्टेशन कॉलोनी तक क्वार्टरों की मामूली मरम्मत और रखरखाव।। **अनुमानित मूल्य:** रु.164.11 लाख। **ईएमडी:** रु.3,28,200/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 12 महीने।

क्रम संख्या 9. कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (नॉर्थ ईस्ट) बी.बी सेक्शन के तहत सीनियर सेक्शन इंजीनियर (पी. वे) कसारा के अंतर्गत 2026 के लिए तीसरी लाइन से जुड़े विविध पी. वे कार्य। **अनुमानित मूल्य:** रु.112.11 लाख। **ईएमडी:** रु.2,24,200/-. **काम पूरा करने की अवधि:** 12 महीने है।

I) ऊपर बताए गए टेंडर के बंद होने की तारीख और समय: सीरियल नंबर 2, 4, 5, 6, 7 और 9 के लिए 13.10.2026, सीरियल नंबर 1, 3 और 8 के लिए 16.10.2026 को 15:00 बजे तक; इन्हें 15:00 बजे के बाद खोला जाएगा। II) इच्छुक टेंडर भरने वालों से अनुरोध है कि वे टेंडर और किसी भी सुधार (corrigendum) की जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। **III)** टेंडर भरने वाले ऊपर दिए गए ई-टेंडर में केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के ज़रिए इलेक्ट्रॉनिक रूप से भाग ले सकते हैं; ई-टेंडर के लिए मैन्युअल रूप से ऑफ़र जमा करने की अनुमति नहीं है। अगर मैन्युअल रूप से जमा किया जाता है, तो उसे न तो खोला जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। **IV)** बिड सिक्योरिटी (Bid Security) या तो ई-पेमेंट गेटवे के ज़रिए नकद जमा की जानी चाहिए, या भारत के किसी शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक से बैंक गारंटी बॉन्ड के रूप में, या टेंडर डॉक्यूमेंट में बताए गए तरीके से जमा की जानी चाहिए। **V)** अधिक जानकारी के लिए, डिविज़नल रेलवे मैनेजर (वर्क्स) ऑफिस, सेंट्रल रेलवे से फ़ोन नंबर 022-67455323 पर संपर्क किया जा सकता है। **VI)** यह टेंडर 16-9-2017 के पब्लिक प्रोक्योरमेंट पॉलिसी ऑर्डर 2017 का पालन करता है। टेंडर की पूरी जानकारी वेबसाइट "**www.ireps.gov.in**" पर उपलब्ध है। टेंडर की पूरी जानकारी डिविज़नल रेलवे मैनेजर (वर्क्स) ऑफिस, मुंबई CSMT के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है। AK-613

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

चौमूं में निशानेबाजों का दमदार प्रदर्शन, 70वीं जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता का समापन

18 होनहार खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल से किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चौमूं। शहर के जयपुर रोड स्थित अमन टावर में संचालित ईलाइट शूटिंग एकेडमी में ए.एन. पब्लिक स्कूल, राधास्वामी बाग द्वारा आयोजित 70वीं जिला स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता अंडर-14 का शनिवार को भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 23 सितंबर से 26 सितंबर 2026 तक किया गया। समापन समारोह में नगर परिषद चौमूं के सभापति आशीष दुसाद मुख्य अतिथि रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं उद्योगपति ऋतुराज यादव ने की। कार्यक्रम में एएन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या सविता गजराज, पार्षद गजेंद्र यादव, डॉ. सुरेंद्र शेरावत, पार्षद आलोक जांगिड़, अकेडमी के निदेशक सुरेश कुमार यादव, श्री श्याम शूटिंग एकेडमी के निदेशक मनजीत यादव एवं प्रतियोगता समिति की प्रभारी सपना यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह के दौरान अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। इसके बाद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 18 खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल हासिल करने वाले ए.एन. पब्लिक स्कूल के छात्र अर्नव कुमावत एवं उनके पिता कोऑर्डिनेटर डॉ. के.एल. कुमावत का भी सम्मान किया गया। वहीं अंडर-17 वर्ग में ए.एन. पब्लिक स्कूल के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। युदेश चौधरी ने गोल्ड मेडल, जबकि तन्मय यादव ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया।

शिक्षा के साथ खेलों को भी मिल रहा प्रोत्साहन : कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि एएन पब्लिक स्कूल द्वारा विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखा जा रहा, बल्कि खेल और अन्य गतिविधियों में भी उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर दिया जा रहा है। विद्यालय द्वारा शूटिंग एकेडमी के संचालन के माध्यम से विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जा रहा है। वक्ताओं ने इलाइट शूटिंग एकेडमी की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि एकेडमी में खिलाड़ियों को उचित प्रशिक्षण, अनुशासन और प्रतिस्पर्धी मंच उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे प्रयासों से चौमूं क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है। इस मौके पर सभापति आशीष दुसाद ने कहा कि चौमूं के इन होनहार खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से शहर का ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया है। खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रोत्साहन मिलना चाहिए। तो वहीं ए एन पब्लिक की प्राचार्या सविता गजराज ने कहा कि एएन पब्लिक स्कूल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ाना है। शूटिंग एकेडमी के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने और बड़े मंच पर चौमूं का नाम रोशन करने का अवसर मिल रहा है। समापन समारोह में विजेता खिलाड़ियों के अभिभावक, जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अधिकारी, एएन पब्लिक स्कूल का स्टाफ एवं इलाइट शूटिंग एकेडमी की टीम मौजूद रही। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर अतिथियों एवं अभिभावकों ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

ग्राम महारकला बस स्टैंड से मालेश्वर नाथ महादेव मंदिर तक बनेगी सीसी सड़क

4 करोड़ रुपए की सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

चौमूं। भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से चौमूं विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख आस्था का केंद्र ग्राम महार कला स्थित श्रीमालेश्वर नाथ महादेव मंदिर के लिए राज्य सरकार द्वारा बजट 2026-27 में स्वीकृत ग्राम महार कला बस स्टैंड से मालेश्वर नाथ महादेव मंदिर तक 4 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सुदृढ़ सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। शुभारंभ अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि मालेश्वर नाथ महादेव मंदिर संपूर्ण चौमूं क्षेत्र के श्रद्धालुओं की अगाध श्रद्धा और आस्था का केंद्र है। 4 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली यह सीसी सड़क न केवल मंदिर आने वाले हजारों कांवड़ियों, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की यात्रा को सुगम व सुरक्षित बनाएगी, बल्कि आसपास के क्षेत्र की रोड कनेक्टिविटी को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। रामलाल शर्मा ने चौमूं क्षेत्र की जनता की ओर से राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश की उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी का विकास कार्य की स्वीकृति एवं बजट प्रावधान के लिए आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान बाबा अमरनाथ कांवड़िया संघ चौमूं एवं महारकला ग्रामवासियों द्वारा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का साफा व माला पहनाकर आत्मीय स्वागत व अभिनन्दन किया गया। शर्मा ने सभी ग्रामवासियों एवं संघ के कार्यकर्ताओं का इस स्नेह एवं सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर लाल गागोरिया, प्रधान रामस्वरूप यादव, महंत महेश शर्मा, पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, भाजपा देहात मंडल बांसा महामंत्री महेश योगी, प्रकाश हाटवाल, एडवोकेट गोपाल दीक्षित, बाबूलाल मालेरिया, चंद्रवीर टाक, राजेंद्र शर्मा, संतोष सैनी, पवन सैनी, वीरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

करंट की चपेट में आने से मासूम भाई-बहन की मौत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

अलवर। अलवर जिले के रैणी थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह करंट की चपेट में आने से 2 बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे खेत में बने मकान के पास लगी बोरिंग के पास खेल रहे थे। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चों के मोटर चलाने के स्टार्टर से करंट लग गया जिनको लेकर परिजन सीएचसी रैणी आए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया गया है। घटना शनिवार सुबह करीब 8 बजे रैणी थाना क्षेत्र के करणपुरा गांव की है। मृतकों की पहचान गौरव मीणा (4) और हर्षिता मीणा (7) पिता रतिराम मीणा निवासी करणपुरा के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चों के साथ एक बच्चा और भी खेत के पास खेल रहा था। वह कुछ दूरी पर था, जबकि हर्षिता और गौरव बोरिंग के स्टार्टर के बिल्कुल पास थे। रैणी थाने के बने सिंह ने बताया कि सिंगल फेस की बोरिंग की मोटर के वायर के संपर्क में आने से दोनों बच्चों को करंट लग गया। हादसे के बाद दोनों बच्चे वहीं गिर गए। उनके साथ खेल रहे तीसरे बच्चे ने खेत में काम कर रहे परिजनों को चिल्लाकर घटना की जानकारी दी। परिजन तुरंत स्टार्टर के पास पहुंचे और दोनों बच्चों को करंट के तार से दूर किया। इसके बाद दोनों को तुरंत रैणी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, हादसे से पहले दोनों बच्चे घर पर थे और परिवार के लोगों ने उन्हें खेत पर पानी लेकर आने के लिए कहा था।

मुंबई सेंट्रल मंडल : 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान तेज

मुंबई। राष्ट्रव्यापी "स्वच्छता ही सेवा" (SHS) 2026 अभियान के अंतर्गत पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल मंडल द्वारा स्वच्छता, कचरा प्रबंधन एवं नागरिक जागरुकता से संबंधित विभिन्न पहलों को और तेज किया गया है। 21 से 24 सितंबर तक लगातार चार दिनों के दौरान चलाए गए इस अभियान में स्टेशनों, कोचिंग डिपो, कारशेड, अस्पतालों और रेलवे कॉलोनियों में रेल कर्मचारियों, नागरिक निकायों, स्वयंसेवी संगठनों एवं यात्रियों की व्यापक भागीदारी देखी गई। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चार दिनों की इस अवधि के दौरान मंडल में चलाए गए गहन स्वच्छता अभियानों के परिणामस्वरूप 10 टन से अधिक पृथक्कृत कचरा एकत्र किया गया, जिसमें 6,300 किलोग्राम गीला कचरा, 3,700 किलोग्राम सूखा कचरा, 83 किलोग्राम विशेष देखभाल वाला कचरा तथा 47 किलोग्राम सैनिटरी कचरा शामिल है। सूरत के कोच केयर सेंटर में एक प्रमुख क्लीनलिनेस टारगेट यूनिट (CTU) के कायाकल्प अभियान के अंतर्गत लगभग 200 किलोग्राम कचरा हटाकर सूरत नगर निगम के अधिकारियों को सौंपा गया तथा इस साफ किए गए स्थल को उद्यान विकास के लिए प्रस्तावित किया गया है। इसके अलावा, मुंबई सेंट्रल एवं विरार स्थित कारशेड में भी व्यापक स्वच्छता अभियान चलाए गए, जिनमें कोचों के अंदरूनी हिस्सों, शौचालयों, फर्श, फिटिंग्स और बाहरी सतहों की विशेष सफाई शामिल थी। इसके अतिरिक्त, लगभग 150 रेलवे अधिकारियों एवं अन्य प्रतिभागियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिससे कचरा पृथक्करण तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया गया। अभियान के दौरान सूरत, उमरगाम, भायंदर, घोलवड तथा कई अन्य स्टेशनों पर श्रमदान एवं जागरुकता गतिविधियों के माध्यम से आम जनता की सक्रिय भागीदारी भी देखी गई। मुंबई सेंट्रल मंडल ने इन समन्वित प्रयासों के माध्यम से "स्वच्छता में सहभाग स्वच्छ भारत विकसित भारत" की भावना के अनुरूप स्वच्छ रेलवे परिसरों, सर्कुलर वेस्ट मैनेजमेंट और सक्रिय जन भागीदारी के प्रति पश्चिम रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को दोहराया है।

रामलीला के लिए ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

नोहर। श्रीराम नवयुवक विजय नाट्य परिषद के तत्वावधान में मंचित होने वाली ऐतिहासिक श्री बाड़ी वाली रामलीला के लिए आज ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेठ ईशरदास थिरानी रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पंडित बजरंग लाल शास्त्री ने पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चारण के साथ ध्वज पूजन करवाया। वैदिक मंत्रों के बीच भगवान श्रीराम के जयकारों के साथ ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के साथ ही इस वर्ष की रामलीला महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष चौथमल पांडिया, सचिव बाल कृष्ण व्यास, कोषाध्यक्ष भुवनेश कंदोई, संरक्षक पवन कंदोई, हनुमान प्रसाद व्यास, महावीर प्रसाद व्यास, श्याम मथेरन, मनोज कौशिक, राजेश कंकर, मनोज जोशी, विष्णु मित्रुका, नंदलाल तंवर, किशन चाचाण, नरेश वर्मा, महेंद्र भाटी, पवन व्यास, मनोज जोशी सहित परिषद के सभी पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। विदित रहे कि 5 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा इसके लिए आज ध्वजारोहण के साथ ही आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई हैं। रामलीला के मंचन के लिए रिहर्सल 27 सितंबर से शुरू होगी। ध्वज पूजन के पश्चात पंडित बजरंग लाल शास्त्री ने बताया कि ध्वज धर्म, विजय और मर्यादा का प्रतीक है। ध्वजारोहण से ही किसी भी धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत मानी जाती है।

स्काउट-गाइड ने श्रमदान कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

चूरू। राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला मुख्यालय चूरू के तत्वावधान में आयोजित अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस शनिवार को स्काउट-गाइड ने नेचर पार्क का भ्रमण कर श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान शिविरार्थियों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पार्क परिसर की साफ-सफाई की। सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में स्काउट-गाइड को प्रशिक्षण के साथ समाजसेवा, श्रमदान, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक सेवा जैसी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में शिविरार्थियों को नेचर पार्क ले जाकर पार्क परिसर में श्रमदान करवाया गया। स्काउट-गाइड ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए परिसर में फैले कचरे, सूखे पत्तों तथा अनावश्यक घास-फूस को एकत्र कर आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। इस अवसर पर स्काउट-गाइड ने स्वच्छ पर्यावरण, स्वस्थ जीवन, पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं तथा स्वच्छता ही सेवा है जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि प्राकृतिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

राजस्थान पर्यटन में नया रिकॉर्ड

जयपुर। राजस्थान के पर्यटन नक्शे की तस्वीर तेजी से बदल रही है। जनवरी से जून 2026 के बीच प्रदेश में 10.92 करोड़ पर्यटक यात्राएं दर्ज हुईं। इनमें 10.83 करोड़ घरेलू और 8.44 लाख विदेशी पर्यटक शामिल हैं। आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान के पर्यटन कारोबार की सबसे बड़ी ताकत अब भी घरेलू पर्यटक हैं, लेकिन उनकी पसंद पारंपरिक पर्यटन केंद्रों से आगे बढ़ रही है। सबसे दिलचस्प बदलाव घरेलू पर्यटन में नजर आया। सीकर 1.56 करोड़ यात्राओं के साथ प्रदेश में सबसे आगे रहा, जबकि चित्तौड़गढ़ 1.34 करोड़ और जैसलमेर 1.18 करोड़ यात्राओं के साथ उसके बाद रहे। अजमेर में 99.28 लाख और जयपुर में 81.49 लाख घरेलू पर्यटक यात्राएं दर्ज हुईं। करौली, सवाई माधोपुर, सिरोही, उदयपुर और चूरू भी प्रमुख पर्यटन जिलों में शामिल रहे। सीकर का शीर्ष पर पहुंचना राजस्थान के पर्यटन में बदलती पसंद का संकेत है। जिले में धार्मिक पर्यटन, खासकर खाटूश्यामजी आने वाले श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने फुटफॉल बढ़ाया है। 2026 की पहली छमाही में सीकर की घरेलू पर्यटक यात्राएं 1,56,18,987 रहीं।

मध्य रेल : विशेष ट्रेनों का संचालन

मुंबई। 01015 साप्ताहिक वातानुकूलित विशेष ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रत्येक बुधवार को 14 अक्टूबर से 18 नवंबर तक 00.35 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 23.30 बजे चेन्नई बीच स्टेशन पहुंचेगी। 01016 साप्ताहिक वातानुकूलित विशेष ट्रेन चेन्नई बीच स्टेशन से प्रत्येक गुरुवार को 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक 04.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04.05 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, दौंड, कुर्डूवाड़ी, सोलापुर, कलबुरगी, वाड़ी, कृष्णा, रायचूर, मंत्रालयम रोड, आदोनी, गुंतकल, गूटी, ताडिपत्री, येर्रागुंटला, कडपा, राजमपेट, रेणिगुंटा, अरक्कोनम और पेरंबूर पर ठहरेगी। 01013 साप्ताहिक वातानुकूलित विशेष ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रत्येक शनिवार को 10 अक्टूबर से 21 नवंबर तक 00.35 बजे प्रस्थान करे उसी दिन 23.55 बजे एसएमवी बेंगलुरु पहुंचेगी। 01014 साप्ताहिक वातानुकूलित विशेष ट्रेन एसएमवी बेंगलुरु से प्रत्येक रविवार को 11 अक्टूबर से 22 नवंबर तक 04.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04.05 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, लोनंद, सातारा, कराड, सांगली, मिरज, कुडाची, रामगंगा, घटप्रभा, बेलगावी, लोंडा, धारवाड़, हुब्बली, हावेरी, राणेबेन्नूर, हरिहर, दावणगेरे, बिरूर, अरसीकेरे और तुमकुरु पर ठहरेगी। 01105 द्विसाप्ताहिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को 13 अक्टूबर से 24 नवंबर तक 00.35 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 11.40 बजे लातूर पहुंचेगी। 01106 द्विसाप्ताहिक लातूर से प्रत्येक मंगलवार और गुरुवार को 13 अक्टूबर से 24 नवंबर तक 16.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04.10 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, उरुली, दौंड, भिगवण, जेऊर, कुर्डूवाड़ी, बार्शी टाउन, धाराशिव और हरंगुल पर ठहरेगी।

01417 साप्ताहिक विशेष ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार को 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक 14.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 04.20 बजे कोल्हापुर पहुंचेगी। 01418 साप्ताहिक विशेष ट्रेन कोल्हापुर से प्रत्येक गुरुवार को 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक 00.05 बजे प्रस्थान कर दिन 13.30 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। दादर, ठाणे, कल्याण, लोनावला, पुणे, जेजुरी, लोनंद, सातारा, कराड, किर्लोस्करवाड़ी, सांगली, मिरज और हातकणंगले पर ठहरेगी। 01463 साप्ताहिक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक गुरुवार को 15 अक्टूबर से 19 नवंबर तक 16.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23.30 बजे तिरुवनंतपुरम उत्तर पहुंचेगी। 01464 साप्ताहिक तिरुवनंतपुरम उत्तर से प्रत्येक शनिवार को 17 अक्टूबर से 21 नवंबर तक 14.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23.55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, खेड़, चिपलूण, संगमेश्वर रोड, रत्नागिरी, कणकवली, सिंधुदुर्ग, कुडाल, सावंतवाड़ी रोड, थिविम, करमाली, मडगाँव, कारवार, गोकर्ण रोड, कुमटा, मुरुडेश्वर, भटकल, मूकांबिका रोड बायंदूर, कुंडापुरा, उडुपी, सुरतकल, मंगलूरु, कासरगोड, कन्नूर, कोझिकोड, तिरूर, शोरनूर, त्रिशूर, अलुवा, एर्नाकुलम टाउन, कोट्टायम, चंगनाश्शेरी, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मवेलिक्करा, कायंकुलम जंक्शन, करुनागप्पल्ली, शास्तामकोट्टा, कोल्लम और वर्कला शिवगिरी पर ठहरेगी। 01179 साप्ताहिक विशेष लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक शुक्रवार को 09 अक्टूबर से 20 नवंबर तक 08.20 बजे प्रस्थान करेगी। 09 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर को मानसून समय-सारणी के अनुसार उसी दिन 22.10 बजे मडगांव पहुंचेगी तथा 23 सितंबर से 20 नवंबर तक गैर-मानसून समय-सारणी के अनुसार 20.30 बजे पहुंचेगी। 01180 साप्ताहिक विशेष मडगांव से प्रत्येक शुक्रवार को 23 सितंबर से 20 नवंबर तक 22.00 बजे (गैर-मानसून समय-सारणी) तथा 09 अक्टूबर एवं 16 अक्टूबर को 23.00 बजे (मानसून समय-सारणी) प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11.25 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ठाणे, पनवेल, पेन, रोहा, खेड़, चिपलूण, रत्नागिरी, कणकवली, सिंधुदुर्ग, थिविम और करमाली पर ठहरेगी। 01051 द्विसाप्ताहिक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से प्रत्येक बुधवार और गुरुवार को 14 अक्टूबर से 19 नवंबर तक 12.15 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.05 बजे बनारस पहुंचेगी। 01052 द्विसाप्ताहिक बनारस से प्रत्येक गुरुवार और शुक्रवार को 15 अक्टूबर से 20 नवंबर तक 20.30 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 04.40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, जलगाँव, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदन महल, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी और वाराणसी जंक्शन पर ठहरेगी। 01451 विशेष ट्रेन कोल्हापुर से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शनिवार और रविवार को 10 अक्टूबर से 15 नवंबर तक 06.10 बजे प्रस्थान कर उसी दिन 16.10 बजे कलबुरगी पहुंचेगी। 01452 विशेष ट्रेन कलबुरगी से प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शनिवार और रविवार को 10 अक्टूबर से 15 नवंबर तक 18.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 05.40 बजे कोल्हापुर पहुंचेगी। हातकणंगले, जयसिंगपुर, मिरज, अरग, बेलंकी, सुगले, कवठे महांकाळ, लंगरपेठ, ढालगाँव, म्हसोबा डोंगरगांव, जावळे, वासुद, सांगोला, पंढरपुर, मोडनिंब, कुर्डूवाड़ी और सोलापुर पर ठहरेगी। ट्रेन संख्या 01079, 01015, 01013, 01105, 01106, 01417, 01418, 01123, 01431, 01201 और 01202 की विशेष ट्रेनों के लिए आरक्षण 27 सितंबर एवं ट्रेन संख्या 02139, 02140, 01463, 01179, 01051, 01403, 01404, 01415, 01209, 01210, 01451 और 01452 की विशेष ट्रेनों के लिए आरक्षण 28 सितंबर को शुरू होगा।

उत्तर मध्य रेलवे
L. No. JHS-ELG-W-T-26-2026-27 — दिनांकः 24.09.2026
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन **(ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
कार्य का विवरणः विधुत सामान्य कार्य:- झांसी डिवीजन : झांसी डिवीजन के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों और आवासीय कॉलोनी क्षेत्रों में लाइटिंग (रोशनी) में सुधार की व्यवस्था।
निविदा राशिः रू. 2,71,28,514/- मात्र | **बयाना राशिः** रू. 5,42,600/- मात्र
निविदा संः झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-26-2026-27 | **कार्य समापन अवधिः** 06 माह
निविदा बंद होने की तिथिः- 16.10.2026 (15:00 बजे तक), निविदाकार निविदा दिनांक **16.10.2026** को **15:00 बजे** तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **2185/26 (D)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।
निविदा संख्याः AGCTRDT202627RI | **अनुमानित लागतः** ₹ 1,19,05,995.80
कार्य का नामः आगरा डिवीज़न के RDE और RNKA स्टेशनों पर विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों के कारण OHE में संशोधन।
धरोहर राशिः ₹ 2,38,100/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह
1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते है। 2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. **19.10.2026** को **15:30** बजे तक भरा जा सकता है। **2198/26(AK)**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु आनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
ई-निविदा सूचना संख्या : डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-103
कार्य का नाम : आरएसके/ एसटीएलआई-आरएसके/ एसटीएलआई में व्यापक बुनियादी ढांचे का उन्नयन।
अनुमानित लागत (रूपये) : 32402387.45 (तीन करोड़ चौबीस लाख दो हजार तीन सौ सत्तासी रूपये और पैंतालीस पैसे मात्र।)
अमानत राशि (रूपये) : 648100/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रूपये :** कुछ नही
निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय : 22.10.2026 15:30 बजे
स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह
• पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2175/26 (AS)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
नं.: एजीसी/टीआरडी/टी/2026/26R1 — दिनांकः 25.09.2026
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क.वि.), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।
निविदा संख्याः AGCTRDT202626R1 | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह।
कार्य का नामः आगरा डिवीज़न में मौजूदा 105 sqmm 'G' जम्पर को 160 sqmm 'G' जम्पर से अपग्रेड करना।
अनुमानित लागत : ₹ 1,44,05,965.24/- | **धरोहर राशि :** ₹ 2,88,100/-
नोटः (1) निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। **(2)** निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दिनांक **19.10.2026** को **15:30** बजे तक भरा जा सकता है। **2197/26 (MG)**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
L.No.: JHS-ELG-W-T-24-2026-27 — दिनांकः 22.09.2026
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन **(ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।
निविदा सं.: झॉसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-24-2026-27, **कार्य का विवरणः विद्युत सामान्य कार्य** झांसी डिवीज़नः झांसी डिवीज़न में 1 MWp SPV ऑन-ग्रिड प्लांट की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग (फेज़-2)।
निविदा राशि : ₹ 4,70,80,000/- मात्र | **बयाना राशि :** ₹ 9,41,600/- मात्र
कार्य समापन की अवधिः 06 माह। | **निविदा बंद होने की तिथिः** 15.10.2026 (15:00 बजे तक)
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह।
(1) निविदाकार निविदा दिनांक **15.10.2026 को 15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **2181/26 (MG)**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
L.No. JHS-ELG-W-T-27-2026-27 — Date : 23.09.2026
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झांसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।
निविदा सं. : झांसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-27-2026-27
कार्य का विवरण : विद्युत सामान्य कार्य :- झांसी डिवीज़न : झांसी डिवीज़न में सब-स्टेशनों की क्षमता बढ़ाना और सब-स्टेशनों पर अन्य बिजली संबंधी कार्य।
निविदा राशि : रू. 3,17,68,037/- मात्र | **बयाना राशि :** रू. 6,35,400/- मात्र
कार्य समापन अवधि : 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथि :** 16.10.2026 (15:00 बजे तक)
निविदाकार निविदा दिनांक **16.10.2026** को **15:00** बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें। **2186/26 (PH)**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना सं0 : 2026 - सितम्बर-02 — दिनांक : 24.09.2026
ई-निविदा सूचना
मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।
1 **निविदा सं. :** 2026 सितम्बर-02-01 | **अनुमानित लागत रू.:** 14245280.24
कार्य का विवरण : सहायक मण्डल इंजी0 (लाइन) आगरा के अधीन बिचपुरी-भरतपुर-खंड में टी आर आर (पी) - 42.300 ट्रैक किमी का कार्य।
2 **निविदा सं. :** 2026 सितम्बर-02-02 | **अनुमानित लागत रू.:** 6924193.11
कार्य का विवरण : सहायक मण्डल इंजी0 (लाइन) आगरा और सहायक मण्डल इंजी0 (धौलपुर) के अधीन मोबाइल फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट द्वारा फ्लैश बट वेल्डिंग और अन्य विविध कार्य।
3 **निविदा सं. :** 2026 सितम्बर-02-03 | **अनुमानित लागत रू.:** 11960764.78
कार्य का विवरण : सहायक मण्डल इंजी0 (द्वितीय) मथुरा के अधीन मथुरा-अछनेरा खंड में विभिन्न यार्ड और अन्य विविध कार्यों में सुधार कार्य।
• निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें • निविदायें केवल वेब पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से दिनांक **15.10.2026** को **15:00** बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। **2184/26 (C)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।
निविदा संख्याः AGCTRDT202629 | **अनुमानित लागतः** ₹ 44,59,077/-
कार्य का नामः आगरा डिवीज़न के TDL-BXN सेक्शन में विभिन्न इंजीनियरिंग कार्यों के कारण ट्रैक्शन बॉन्ड को बदलना और अन्य कार्य।
धरोहर राशिः ₹ 89,200/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह
1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं। 2.निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर दिनांक **19.10.2026** को **15.15 बजे** तक भरा जा सकता है। **2171/26(K)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

नगरपालिका चुनाव 2026

चार से आठ सीटों तक पहुंची कांग्रेस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। नगरपालिका चुनाव 2026 में कांग्रेस ने पिछले चुनाव के मुकाबले अपनी सीटों की संख्या दोगुनी करते हुए 4 से बढ़ाकर 8 वार्डों तक पहुंचाई। हालांकि 25 सदस्यीय बोर्ड में भाजपा 12 सीटों के साथ सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई, लेकिन बहुमत के लिए जरूरी 13 सीटों से एक कदम पीछे रही। कांग्रेस के 8 और निर्दलीयों के 5 पार्षद निर्वाचित हुए। कांग्रेस की इस वापसी में विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा की चुनावी भूमिका और वार्ड स्तर पर समन्वय चर्चा में रहा। टिकट वितरण से लेकर प्रत्याशियों के साथ संपर्क और मतदान तक पार्टी ने वार्डवार समीकरणों पर फोकस किया। हालांकि 8 सीटों का परिणाम सामूहिक संगठनात्मक प्रयास का परिणाम है, लेकिन चुनाव के दौरान हरिशंकर मेवाड़ा की सक्रियता कांग्रेस की रणनीति के प्रमुख हिस्से के रूप में सामने आई।

चर्चा में रही हरिशंकर मेवाड़ा की वार्डवार रणनीति

भाजपा 13 के बहुमत आंकड़े से एक सीट दूर

भाजपा 12 और कांग्रेस 8 वार्ड में विजयी

■ 2026 के परिणाम में कांग्रेस ने वार्ड 1, 11, 12, 15, 16, 17, 18 और 19 में जीत दर्ज की। इनमें कई वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशियों ने स्पष्ट अंतर से जीत हासिल की। वार्ड 16 में सरोज मेवाड़ा ने 250 वोट लेकर 81 मतों से जीत दर्ज की, जबकि वार्ड 12 में भंवरलाल 314 वोट लेकर 82 मतों से विजयी रहे। वार्ड 18 में मनोहर कुमार ने 176 वोट लेकर 82 मतों से जीत दर्ज की। इसके विपरीत भाजपा 12 वार्डों में विजयी रही। भाजपा को वार्ड 9 का मुकाबला सबसे करीबी रहा, जहां उत्तम कुमार 255 वोट के साथ विजयी रहे।

निर्दलीयों की भूमिका अहम

बड़े नेताओं के बीच वार्ड स्तर की रणनीति

■ चुनाव के दौरान भाजपा की ओर से सांसद पीपी चौधरी, कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ समेत वरिष्ठ नेताओं की सक्रियता रही। कांग्रेस की रणनीति में स्थानीय प्रत्याशियों और वार्ड स्तर के कार्यकर्ताओं के जरिए मतदाताओं तक पहुंच बनाने पर जोर दिखाई दिया। दोनों दलों ने तखतगढ़ के सभी 25 वार्डों में प्रत्याशी उतारे थे। कांग्रेस के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव यह रहा कि पार्षद चुनाव में उसका प्रतिनिधित्व 4 से बढ़कर 8 हो गया। दूसरी ओर भाजपा 12 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल तो बनी, लेकिन स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर सकी। ऐसे में पांच निर्दलीय पार्षदों की भूमिका भी बोर्ड की राजनीति में महत्वपूर्ण हो गई।

सुमेरपुर : पंचायत चुनाव को लेकर ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

▶▶ जिला परिषद व पंचायत समिति सीटों पर मंथन

सांडेराव। आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आज सांडेराव के होटल ड्रीमलैंड में आयोजित की गई। यह बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरिशंकर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष नेपाल सिंह पावा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य के चुनावों को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई। नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच इस बात पर गहन और महत्वपूर्ण चर्चा हुई कि क्षेत्र में प्रधान और उपप्रधान की सीटों पर कांग्रेस का कब्जा कैसे सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जातिगत समीकरणों, जिताऊ उम्मीदवारों के चयन और वार्ड स्तर पर मजबूत किलाबंदी को लेकर विशेष रोडमैप तैयार किया गया। मुख्य अतिथि हरिशंकर मेवाड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायत समिति और जिला परिषद में अपना बोर्ड बनाने के लिए हमें जमीनी स्तर पर जुटना होगा। नेपाल सिंह पावा ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए प्रत्येक वार्ड में अभी से सक्रिय होने का आह्वान किया। इस दौरान संगठन पूर्व ब्लाक अध्यक्ष ललकार सिंह राणावत, सुमेरसिंह मनवार, महामंत्री लक्ष्मण दान चारण, जिला उपाध्यक्ष जयदेवसिंह राणावत , भंवर सिंह चंदावत और जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव जाफ़र सिलावट ने भी चुनाव प्रबंधन और बूथ स्तर की कमेटियों के गठन को लेकर अपने विचार रखे। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए सरपंचों, पूर्व जन-प्रतिनिधियों और बूथ एजेंटों ने पंचायती राज चुनाव में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक चर्चा की।

सांडेराव : राजतिलक के साथ रामलीला महोत्सव संपन्न

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सांडेराव। स्थानीय आदर्श विद्या मंदिर प्रांगण, आखरिया चौक में चल रहा 10 दिवसीय भव्य रामलीला महोत्सव भगवान श्री रामचंद्र जी के राजतिलक के साथ अत्यंत हर्षोल्लास और आनंदमय माहौल में संपन्न हो गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव के समापन पर पूरा पंडाल 'जय श्री राम' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा। महोत्सव के अंतिम (दसवें) दिन की शुरुआत में कुंभकरण वध और मेघनाद वध का भावपूर्ण मंचन किया गया। इसके बाद जैसे ही भगवान श्री राम द्वारा रावण का वध कर अधर्म पर धर्म की विजय पताका फहराई गई, दर्शकों ने खड़े होकर करतल ध्वनि से पंडाल को गुंजा दिया। 14 वर्ष का वनवास पूर्ण कर प्रभु श्री राम के अयोध्या लौटने की खुशी में वरिष्ठ जनों एवं सभी नगर वासियों ने उमड़े अपार जनसैलाब के बीच स्वयं अपने हाथों से भगवान का राजतिलक किया। आयोजन को लेकर नगर वासियों ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार स्थापित करने के लिए हर दो से चार साल में नगर में ऐसी रामलीलाओं का मंचन निरंतर होना बेहद आवश्यक है।

यह प्रबुद्धजन रहे उपस्थित

इस पावन अवसर पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रचारक महावीर मेवाड़ा सांडेराव, प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रभारी बीके कंचन, बीके उमा, एडवोकेट नारायण लाल भाटी, रमेश सिंह राजपुरोहित, भवानी सिंह राठौड़ एवं महेंद्र सिंह राठौड़, प्रकाश कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक और प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। राजतिलक के पावन अवसर पर पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान भक्तिमय माहौल में 5,100 हनुमान चालीसा की कॉपियाँ बांटी गईं और सभी ने मिलकर सामूहिक पाठ किया। रामलीला परिवार रामलीला मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि मंडल द्वारा अब तक पूरे राजस्थान में 6 लाख से अधिक हनुमान चालीसा का निःशुल्क वितरण कर एक अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया जा चुका है।

मतदाता सूचियों को लेकर ग्रामीणों से अपील

आरक्षण आवंटन के बाद पंचायत चुनाव की तैयारियां तेज

पाली। पंचायती राज आम चुनाव 2026 को लेकर आरक्षण आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रशासन ने चुनावी तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। पाली पंचायत क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में प्रधान, सरपंच, वार्ड पंच एवं पंचायत समिति सदस्यों के विभिन्न पदों के लिए निर्धारित प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से आरक्षण आवंटन किया गया। आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही निर्वाचन संबंधी आवश्यक कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि पंचायती राज आम चुनाव को लेकर पाली क्षेत्र की 24 ग्राम पंचायतों में विभिन्न पदों के लिए आरक्षण आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित करवाई गई है। अब निर्वाचन से संबंधित तैयारियों एवं मतदाता सूचियों को अद्यतन करने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। एसडीएम राणावत ने पाली पंचायत क्षेत्र के अधीनस्थ 24 ग्राम पंचायतों में निवासरत ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से संपर्क कर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज है या नहीं, इसकी जांच अवश्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा, जिन्होंने 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है, वे भी मतदाता सूची में अपना नाम आवश्यक रूप से पंजीकृत करवाएं, ताकि पात्र मतदाता आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। ई.आर.ओ ने बताया कि मतदाता सूचियों को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए ग्रामीणों की सहभागिता भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी मतदाता की दोहरी प्रविष्टि हो गई है अथवा किसी मतदाता की मृत्यु हो चुकी है या वह स्थायी रूप से अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो चुका है, तो संबंधित जानकारी प्रशासन एवं बीएलओ को उपलब्ध करवाकर ऐसे नाम मतदाता सूची से विलोपित करवाए जाएं। निर्वाचन संबंधी तैयारियों के दौरान सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, रमेश कुमार अणकिया, लोकेश कुमार दवे, जयगिरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मेवी की विप्रासिंह का तीरंदाजी में राज्य स्तर पर चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

खिंवाड़ा। अंडर 14 वर्षीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में मेवीं गांव की बेटी विप्रासिंह राठौड़ का राज्य स्तर पर चयन हुआ। जिला स्तरीय 14 वर्षीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय डागोल फलासिया में हुआ था। आगामी एक अक्टूबर को श्रीगंगानगर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में विप्रासिंह भाग लेगी।

जीनल प्रजापत का राज्य स्तर पर चयन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। बाली की जीनल प्रजापत ने सैंट पॉल स्कूल फालना का प्रतिनिधित्व करते हुए पाली में आयोजित 70 वीं अन्डर-17 जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना स्थान राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सुनिश्चित किया। जीनल ने अपनी सफलता का श्रेय दादा केराराम जी, दादी फुलीदेवी, पिता विवेक एवं माता लता प्रजापत को दिया एवं अपने गुरुजनों को दिया।

फालना उद्योग मंडल की 64वीं वार्षिक साधारण सभा संपन्न

जागरूक टाइम्स संवाददाता

फालना। फालना उद्योग मंडल लिमिटेड़ फालना की 64वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 25 सितम्बर शुक्रवार को मंडल के पंजीकृत कार्यालय सागर भवन में अध्यक्ष बहादुरसिंह खालसा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मंडल के अंशधारियों ने भाग लिया। अध्यक्ष द्वारा मंडल की वार्षिक प्रतिवेदन अंशधारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जिसमें मंडल द्वारा किए गए विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत करते हुए भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों पर भी चर्चा की गयी। इस वर्ष निवृत होने वाले बहादुरसिंह खालसा व शान्तिलाल कंसारा को पुनः संचालक पद पर समस्त उपस्थित अंशधारियों द्वारा समर्थन करने पर नियुक्त किया गया। इस दौरान संचालक मंडल के रामकिशोर गोयल, हेमन्त राणाावत, शांतिलाल कंसारा, नरेन्द्र आर सुथार व सुनिल कुमार चौधरी ने चर्चा में भाग लिया। इस दौरान विमलभाई राणावत, बस्तीमल मेहता, नरसिंग पवार, देवेन्द्र चौपडा, रूपाराम सुथार, हरिपाल शर्मा, भैरूलाल सहित बडी संख्या में मंडल के अंशधारी उपस्थित थें।

लगातार चौथी बार बनीं जिला विजेता

कोटड़ी की बेटियों ने रचा इतिहास

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

नाडोल। 70वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता 2026 में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी, देसूरी की 19 वर्ष बालिका हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार चौथी बार जिला विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, घाणेराव के तत्वावधान में 23 से 26 सितंबर तक हुआ। 19 वर्ष बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में कोटड़ी की टीम ने सांडिया टीम को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। लगातार चौथी बार खिताब जीतकर कोटड़ी की बालिकाओं ने विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इस शानदार उपलब्धि के पीछे खिलाड़ियों की नियमित मेहनत, अनुशासन और समर्पण के साथ हॉकी कोच अमृत लाल, कार्यवाहक प्रधानाचार्य हिम्मत मेंशन, मोहन लाल मेघवाल, मगाराम, ललित कुमार भटनागर, किरण कुमारी, ताराचंद भादरु एवं समस्त विद्यालय स्टाफ तथा गांव के भामाशाहों एवं खेलप्रेमी ग्रामीणों का सहयोग भी महत्वपूर्ण रहा। सीमित संसाधनों के बावजूद खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए लगातार प्रोत्साहन मिलता रहा है। विद्यालय परिवार ने विजेता टीम की सभी खिलाड़ियों, हॉकी कोच तथा सहयोग करने वाले भामाशाहों और ग्रामवासियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में बालिकाओं के बीच हॉकी के प्रति उत्साह और बढ़ा है। कोटड़ी की बेटियों का यह लगातार चौथा जिला खिताब उनकी मेहनत, टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण की मिसाल है।

पश्चिम रेलवे

ब्रिज का सशक्तिकरण

मंडल रेलवे प्रबंधक (रोलिंग स्टॉक), ईएमयू कारशेड, मुंबई सेंट्रल मंडल, मुंबई 400034 द्वारा **ई-निविदा क्र. डीआरएम/आरएस/2025-26/25-आर दिनांक 21.09.2026** आमंत्रित है। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष की अवधि हेतु ईएमयू रैक्स में उपयोग की गई 415वी एसी3 ϕ मोटर एवं 110 वी 1 ϕ मोटर का संधारण। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 13,16,329.52, **धरोहर राशि:** रु. 26,300/-, **जमा करने की दिनांक व समय:** 16.10.2026 को 15.00 बजे तक। **खुलने की दिनांक व समय:** 16.10.2026 को 15.30 बजे। आगामी जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.ieps.gov.in देखें। 0633

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

छात्राओं को दी संवैधानिक अधिकारों और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

विशेषज्ञों ने साझा की उपयोगी व व्यावहारिक जानकारी

पाली। राजकीय बालिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पाली में सांस्कृतिक चेतना मंच की ओर से ज्ञानवर्धक एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को संवैधानिक अधिकारों, भारतीय संस्कृति एवं विरासत के साथ ही स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण एवं व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता नंदकिशोर बंसल ने छात्राओं को संविधान में बच्चों के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी दी। प्रश्नोत्तर के माध्यम से भारतीय संस्कृति से कराया परिचित -कार्यक्रम के संयोजक एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि भारत को समझने के लिए उसकी समृद्ध विरासत एवं सांस्कृतिक परंपराओं को जानना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तर एवं विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सुंदरकांड की पुस्तकें प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। डॉ. हजारी मल चौधरी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की जानकारी दी। प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराते हुए स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रतिभा पांडेय ने किया। इस अवसर पर जय नारायण अरोड़ा, घनश्याम भटनागर, हीरा लाल व्यास सहित विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

सांपनी के नाम पर झाड़-फूंक से मरीजों की हालत गंभीर

जागरूक टाइम्स संवाददाता

बाली। ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी तरह के त्वचा संक्रमण या घाव को 'सांपनी' बताकर झाड़-फूंक और मंत्र कराने की परंपरा मरीजों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन रही है। सरकारी अस्पतालों में जिनका संक्रमण शुरुआती स्तर पर इलाज से नियंत्रित हो सकता था, लेकिन झाड़-फूंक के चक्कर में इलाज में देरी होने से उनकी हालत गंभीर हो गई। डॉक्टर मांगीलाल सीरवी ने बताया कि प्रतिदिन तथाकथित 'सांपनी' के बिगड़े हुए केस अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें बड़ी संख्या ऐसे मरीजों की होती है, जिन्हें वास्तव में सांपनी नहीं, बल्कि सॉफ्ट टिश्यू इंफेक्शन या सेल्युलाइटिस जैसी समस्या होती है। समय पर उपचार नहीं मिलने पर संक्रमण तेजी से फैल सकता है और गंभीर स्थिति में सेप्सिस जैसी जटिलता भी पैदा हो सकती है।

पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद मण्डल

एसी कोच इलेक्ट्रिकल अटेंडेंट की आउटसोर्सिंग

ई-निविदा सूचना संख्या. Sr. DEE/ADI/37 (26-27), दिनांक 25.09.2026; निविदा संख्या: EL-ADI-G-T-39-2026-27; कार्य का नाम: अहमदाबाद डिवीज़न - कच्छ क्षेत्र गांधीधाम (GIMB) और भुज (BHUJ) की प्राइमरी मेंटेनेंस वाली ट्रेनों के LHB AC, SG AC और वंदे भारत कोचों के एस्कॉर्टिंग, ऑपरेशन और ट्रबलशूटिंग के लिए AC कोच इलेक्ट्रिकल अटेंडेंट की आउटसोर्सिंग (दो साल के लिए); **अनुमानित लागत:** ₹3,48,85,842.12/-; **धरोहर राशि:** ₹ 3,24,400.00/-; **निविदा प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय:** 26.10.2026 को 15:00 बजे तक; **निविदा प्रपत्र खुलने की तारीख एवं समय:** 26.10.2026 को 15:30 बजे; **ऑफिस का पता:** वरि. मण्डल बिजली इंजीनियर.- डी. आर. एम. ऑफिस, चामुंडा पुल के पास, जी.सी.एस. अस्पताल के सामने, नरोड़ा रोड, अमदुपुरा, अहमदाबाद - 382345; **वेब साइट का पता:** www.ireps.gov.in ADI – 174

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly

मध्य रेल

सोलापुर मंडल

इलेक्ट्रिकल जनरल सर्विस का काम

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विदयुत इंजीनियर, सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.: सोला/वि/नि/2026/01, दिनांक: 24.09.2026. कार्य का नाम:** सोलापुर डिवीज़न के लातूर लातूर रोड सेक्शन के बीच नए ब्लॉक स्टेशन घरणी के निर्माण से जुड़े इलेक्ट्रिकल जनरल सर्विस का काम। **कार्य की लागत:** रु. 1,51,18,589.31. **बोली प्रतिभूति:** रु. 3,02,400/-. **कार्य पुरा करने की अवधि:** 12 माह। **निविदा प्रस्ताव की वैधता:** 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद करने की तिथि और समय:** दि. 19.10.2026 को 15:00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई-पेमेंट द्वारा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर करना है।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.), मध्य रेल्वे, सोलापुर

AK/Sur-52

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

अवकाश के दिन सेवा शिविर का विरोध

जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ संयुक्त संघर्ष समिति ने किया बहिष्कार

बाली। 26 सितंबर को अवकाश के दिन विकसित भारत अभियान सेवा शिविर आयोजित किए जाने के विरोध में संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने शिविर का बहिष्कार किया। इस दौरान ग्राम सेवक संघ (पंचायती राज विभाग), पटवार संगठन (राजस्व विभाग) एवं कृषि पर्यवेक्षक संगठन (कृषि विभाग) के कर्मचारियों ने विरोध दर्ज कराया। कर्मचारियों का कहना था कि अवकाश के दिन शिविर आयोजित किए जाने से कर्मचारियों को अवकाश के दिन भी कार्य करना पड़ रहा है। संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से इस संबंध में उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों एवं विरोध से अवगत कराया गया। ज्ञापन सौंपने वालों में राजेन्द्र सिंह चम्पावत, मालम सिंह, हरचंद, रामचन्द्र यादव, शक्ति पाल सिंह, अशफाक अली एवं प्रताप राम बोराणा सहित कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

अंडर 17 में राजकीय विद्यालय सांडिया और अंडर 19 में चंडावल नगर की टीम प्रथम

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुमेरपुर में चल रही 70वीं जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का शुक्रवार को रोमांचक मुकाबलों के साथ समापन हुआ। प्रतियोगिता में 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग की टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अशोक कुमार ने प्रतियोगिता के आयोजन एवं परिणामों की जानकारी दी। 17 वर्ष आयु वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांडिया की टीम विजेता रही। बासनी की टीम ने दूसरा तथा धामली की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 19 वर्ष आयु वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंडावल नगर प्रथम, राणावास द्वितीय तथा सांडिया की टीम तृतीय स्थान पर रही।

मध्य रेल

सोलापुर मंडल

सिग्नलिंग का कार्य

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर (परियोजना) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों/ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है: **निविदा सूचना संख्या. SUR-SNT-PROJ-ABS-01-2026, दिनांक: 25.09.2026. इलाके के साथ काम का नाम:** मध्य रेलवे के सोलापूर मंडल के माढा - टिकेकरवाड़ी खंड के बीच ऑटो ब्लॉक हट (एस एंड टी सर्विस बिल्डिंग) के निर्माण और विद्युतीकरण सहित संबंधित कार्यो के साथ ऑटो ब्लॉक हट्स में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग और साथ लगा हुए स्टेशनों पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक/ रिले इंटरलॉकिंग में परिवर्तन के साथ निरंतर ट्रैक सर्किटिंग के लिए मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर का उपयोग करके स्वचालित सिग्नलिंग कार्य के सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का संयुक्त कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 80,52,10,740.79. **टेंडर फॉर्म की कीमत:** शुन्य। **जमा की जाने वाली धरोहर राशि:** रु. 1,61,04,200/-. **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 24 महीने। **निविदा के समापन की तिथि और समय:** 30.10.2026 after 15:00 Hrs. अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in देखें।

सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर (परियोजना), मध्य रेल्वे, सोलापुर

AK/Sur-54

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

मध्य रेल

सोलापुर मंडल

विभिन्न कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-निविदये आमंत्रित करते है। **क्र. सं.: 1. निविदा क्र.: 30-2026-SrDENC. कार्य का नाम:** डीडी (छोड़कर) कुर्डुवाडी खंड, शेंदरी, बार्शी एवं मोडलिंब स्टेशनों पर आरपीएफ कर्मचारियों के लिए सिग्नल गुमटी की मरम्मत एवं संवर्द्धन। **अनुमानित लागत:** रु.75,42,811.15. **बयाना रक्कम:** रु.1,50,900/-. **समापन की अवधी:** 06 Months. **अनुरक्षण की अवधी:** 12 Months. **टेंडर खुलने का दिनांक:** 05.10.2026. **क्र. सं.: 2. निविदा क्र.: 31-2026-SrDENC. कार्य का नाम: 1)** माढा (MADHA) यार्ड में गिट्टी साइडिंग (ballast siding) के विस्तार के लिए, किमी 391 /9-10 पर स्थित मौजूदा पुल संख्या 391/4 (स्पैन 2x1.21 मीटर आरसीसी स्लैब) का विस्तार। **2)** मक्खा / मकष्ट (MKPT) यार्ड में ट्रैक मशीन साइडिंग के विस्तार और नई गिट्टी साइडिंग के निर्माण के लिए, किमी 412/6-7 पर स्थित मौजूदा पुल संख्या 412/2 (स्पैन 1x2.30 मीटर, आर्च) का विस्तार। **अनुमानित लागत:** रु. 1,79,66,873.95. **बयाना रक्कम:** रु. 3,59,300/-. **समापन की अवधी:** 06 Months. **अनुरक्षण की अवधी:** 06 Months. **टेंडर खुलने का दिनांक:** 05.10.2026. **क्र. सं.: 3. निविदा क्र.: 32-2026-SrDENC. कार्य का नाम:** सोलापुर मंडल में 2 वर्ष की अवधि के लिए **1)** वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य) सोलापुर [Sr.DEN (C) SUR] खंड के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता / पथ / भिगवन एवं मोहे [SSE / P. Way/BGVN & MO] तथा **2)** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) सोलापुर (Sr. DEN (S) SUR) खंड के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता / पथ / होटगी एवं गाणगापुर रोड [SSE/ P. way/HG & GUR] के लिए प्रति माह 1500 किलोमीटर तक रेल पथ (P Way) सामग्रियों के परिवहन हेतु 10 मीट्रिक टन (MT) क्षमता के ट्रक किराए पर लेना। (2 वर्ष की अवधि के लिए 10 मीट्रिक टन क्षमता के कुल 04 ट्रक)। **अनुमानित लागत:** रु. 91,71,444.80. **बयाना रक्कम:** रु. 1,83,400/-. **समापन की अवधी:** 24 Months. **अनुरक्षण की अवधी:** NA. **टेंडर खुलने का दिनांक:** 08.10.2026. **क्र. सं.: 4. निविदा क्र.: 33-2026-SrDENC. कार्य का नाम:** सोलापुर मंडल में मूल उपकरण निर्माता (OEM) / OEM के अधिकृत डीलर से 02 वर्ष की अवधि के लिए 04 अदद पारस इलेक्ट्रॉनिक्स निर्मित डीडब्ल्यूटी यूएसएफडी (DWT USFD) मशीनों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (AMC)। **अनुमानित लागत:** रु. 18,40,000/-. **बयाना रक्कम:** रु. 36,800/-. **समापन की अवधी:** 24 Months. **अनुरक्षण की अवधी:** NA. **टेंडर खुलने का दिनांक: 19.10.2026**. निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोई बदलाव / शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in**. पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

AK/Sur-51

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मध्य रेल्वे, सोलापुर

सुरक्षित यात्रा करें, फुटबोर्ड पर यात्रा न करें

अगले बरस तू जल्दी आ... के जयघोष के साथ गणपति बप्पा का विसर्जन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

सुमेरपुर। घाचियों का वास स्थित असोटिया हनुमानजी मंदिर प्रांगण में विराजमान गणपति बप्पा को शुक्रवार रात गणपति युवा मंडल की ओर से 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इसके बाद 101 दीप जलाकर महाआरती की गई। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती में भाग लेकर गणेशजी के दर्शन किए और सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। आरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। शनिवार दोपहर बाद गणपति बप्पा को गाजे-बाजे के साथ विसर्जन के लिए रवाना किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के जयघोष लगाए।

गजानंद महाराज को चढ़ाया 56 भोग, 101 दीपों से महाआरती

एशियन गेम्स 2026

एशियाड में भारत के नाम स्वर्ण पदक

नागोया। भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत ने फाइनल में ईरान को 40-34 से हराया और एशियाड में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा जमा लिया है। भारतीय टीम शुरुआत में ईरान के खिलाफ पिछड़ रही थी और पहले हाफ में मामूली अंत में पीछे थी। लेकिन दूसरे हाफ में टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण जीतने में सफल रही। भारत ने एशियन गेम्स की कबड्डी स्पर्धा में स्वीप किया। पुरुषों से पहले महिलाओं ने भी ईरान की हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

पुरुष कबड्डी में भारत ने ईरान को हराया

पिछड़ने के बाद भारत की जोरदार वापसी

पहले हाफ में पिछड़ने के बाद ईरान के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और ईरान की टीम को ऑलआउट कर बढ़त हासिल की। मैच खत्म होने में जब 10 मिनट शेष था तो भारत ने ईरान पर पांच अंकों की बढ़त ली हुई थी। भारतीय टीम ने इस लय को बरकरार रखा और लगातार ईरान पर दबाव बढ़ाते रहे। असलम ने अंतिम क्षणों में शानदार प्रयास किया। ईरान ने उनके लिए घेरा बनाया हुआ था, लेकिन उन्होंने बड़ी चतुराई से वॉकलाइन को पार किया। भारत ने इस तरह ईरान पर नौ अंकों की बढ़त ले ली। भारत ने ईरान के हर हमलों का करारा जवाब दिया और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही।

भारतीय महिला कबड्डी टीम ने जीता स्वर्ण

नागोया। भारतीय महिला कबड्डी टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारत ने दूसरे हाफ में शानदार वापसी करते हुए ईरान को 37-34 से हराया। भारतीय टीम ने इससे पहले हांग्झू एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया है और अजेय रहते हुए स्वर्ण का बचाव करने में सफल रही। पहला हाफ भारत ने अपने नाम किया और फिर दूसरे हाफ में पिछड़ने के बाद वापसी की। दूसरे हाफ में ईरान ने शानदार वापसी की और भारत को दबाव में रखा। लेकिन भारत ने भी वापसी की। भारत ने अंतिम पांच मिनट में आक्रामण जारी रखा और ईरान को बैकफुट पर ढकेल दिया।

दूसरे हाफ में ईरान की वापसी

ईरान ने पहले हाफ में पिछड़ने के बाद दूसरे हाफ में वापसी की। ईरान ने भारतीय खिलाड़ियों पर दबाव बनाया और उनके लिए दिक्कतें बढ़ा दी। भारत और ईरान के बीच फासला भी कम हुआ। ईरान ने इस दौरान भारत को ऑलआउट किया, लेकिन भारत एक अंक की बढ़त अपने पास रखने में कामयाब रहा। हालांकि, ऑलआउट के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने वापसी की और डिफेंस में शानदार खेल दिखाया। भारत ने फिर लगातार अंक हासिल किए और दोबारा बढ़त मजबूत की।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

▸▸ अभिषेक-हरमनप्रीत ने दागे गोल

नागोया। गत चैंपियन भारत ने शनिवार को पूल ए के कड़े मुकाबले में मेजबान जापान को 2-0 से हराकर एशियन गेम्स की पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने इससे पहले अपने शुरुआती तीन पूल मुकाबलों में इंडोनेशिया को 13-1, श्रीलंका को 16-1 और दक्षिण कोरिया को 8-2 से करारी शिकस्त दी थी। यह भारत की लगातार चौथी जीत थी जिससे उनका अजेय अभियान जारी रहा।

▸▸ जापान को दी मात

अंतिम पूल मैच में बांग्लादेश से मुकाबला

▪ भारत 28 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ अपना अंतिम पूल मैच खेलेगा, जिसमें उसके शानदार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। जापान के खिलाफ अभिषेक (15वें मिनट) ने मैदानी प्रयास से गोल किया, जबकि कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। पहले दो क्वार्टर बेहद रोमांचक रहे जिसमें जापान ने अपने आक्रामक खेल से भारत को कड़ी टक्कर दी लेकिन गत चैंपियन ने ब्रेक तक एक गोल की मामूली बढ़त बनाई हुई थी। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन नॉकआउट से पहले काफी चिंतित रहेंगे विशेषकर पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में क्योंकि भारत ने शनिवार को 10 सेट पीस हासिल किए लेकिन केवल एक को गोल में बदला। भारत ने छठे मिनट में जल्दी ही एक पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन कप्तान हरमनप्रीत इसका ज्यादा फायदा नहीं उठा सके।

स्क्वाश : अनाहत-अभय स्वर्ण जीतने से एक कदम दूर

▸▸ दोनों खिलाड़ी फाइनल में पहुंचे

नागोया। भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह महिला एकल और अभय सिंह पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं, भारत की जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार को एशियन गेम्स में शनिवार को स्क्वाश प्रतियोगिता के मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हॉन्गकॉन्ग के तांग मिंग हांग और ली का यी से हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना

फाइनल से चूकी जोशना-सेंथिलकुमार की जोड़ी

▪ जोशना और सेंथिलकुमार की जोड़ी नागोया किंजो फुटो एरिना में खेले गए तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में (1-2) 10-11, 11-2, 10-11 से हार गई। भारतीय जोड़ी को पहले गेम में ली का यी और तांग मिंग हांग के सामने मामूली अंतर से हार झेलनी पड़ी। भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए दूसरा गेम जीत लिया। तीसरे गेम में भी कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन आखिर में हॉन्गकॉन्ग के खिलाड़ियों ने अपना संयम बनाए रखा और विजेता बनकर फाइनल में प्रवेश किया।

आयुष शेट्टी-उन्नति हुड्डा ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

नागोया। एशियन गेम्स 2026 में आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन सिंगल्स मुकाबलों के राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह बना ली है। दोनों खिलाड़ियों ने अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल की और भारत की सिंगल्स स्पर्धा में मेडल की उम्मीदों को बरकरार रखा। वहीं, पीवी सिंधू भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। आयुष को जहां कजाखस्तान के

मखसुत ताजीबुल्लायेव को 21-7, 21-7 से हराने में सिर्फ 21 मिनट लगे, वहीं उन्नति को मलयेशिया की वोंग लिंग चिंग से कड़ी टक्कर मिली और उन्हें 79 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 20-22, 21-19 से जीत हासिल करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अपने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। सिंधू ने चीनी ताइपे की चू पिन-चियान को 21-19, 21-14 से सीधे गेम में हराया। उन्हें कोर्ट पर जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, लेकिन स्टार शटलर ने सीधे गेम में मुकाबला खत्म कर राहत की सांस ली होगी।

धीरज बोम्मादेवरा ने तोड़ा एशियाड का रिकॉर्ड

आइची नागोया। भारत के धीरज बोम्मादेवरा ने शनिवार को यहां ओकाजाकी चुओ सोगो पार्क मल्टीपर्पस स्क्वायर में रिकर्व इंडिविजुअल आर्चरी क्वालीफिकेशन इवेंट में एशियन गेम्स का रिकॉर्ड तोड़कर टॉप किया। धीरज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 698 का स्कोर किया और टॉप सीड हासिल की, जबकि भारत की टीम क्वालीफिकेशन में दूसरी सीड पर रही। धीरज ने 690 पॉइंट्स का पिछला एशियाड रिकॉर्ड तोड़ा, जो कोरिया के ली वू का था।

महिलाओं के 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में भारत को सिल्वर

तिलोत्तमा-विदर्सा व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचीं

नागोया। भारत की तिलोत्तमा सेन, विदर्सा विनोद कोचलुमकल और आशी चौकसे ने एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। तीनों ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 1763 पॉइंट्स बनाए। चीन ने 1773 पॉइंट्स के साथ टीम गोल्ड, जबकि कजाकिस्तान ने 1754 पॉइंट्स के साथ ब्रॉन्ज जीता। भारतीय तिकड़ी पूरे क्वालिफिकेशन में मेडल की दौड़ में बनी रही।

भारत बनाम वेस्टइंडीज

गिल से प्रभावित कोहली

तिरुवनंतपुरम। भारत और वेस्टइंडीज के बीच रविवार से तीन मैचों की वनडे सीरीज शुरू होने जा रही है। भारतीय टीम शुभमन गिल की अगुआई में खेलते हुए नजर आएगी। इस सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ी भी खेलेंगे। सीरीज से पहले कोहली ने कप्तान शुभमन गिल की जमकर प्रशंसा की है। कोहली ने कहा, शुभमन अभी कप्तानी के गुर सीख रहे हैं। इस भूमिका में वह अभी नए हैं, लेकिन उनके पास भारतीय टीम का नेतृत्व करने के लिए सही दृष्टिकोण और इच्छाशक्ति है। निश्चित तौर पर अधिक अनुभव लेने और परिस्थितियों की समझ के साथ वह सुधार करते रहेंगे जैसा कि प्रत्येक कप्तान करता है। लेकिन उनमें भारतीय क्रिकेट टीम का सही तरीके से नेतृत्व करने की इच्छाशक्ति है, जो महत्वपूर्ण होता है। इसलिए मुझे लगता है कि वह लंबे समय तक कप्तानी करेंगे।

शुभमन की कप्तानी कौशल को सराहा

कोहली को लगता है कि गिल में अपने विरोधियों से एक कदम आगे रहने की योग्यता है। वह बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के लिए अलग-अलग तरह से क्षेत्ररक्षण सजाते हैं। कोहली ने पिछले 10 वनडे मैचों में तीन शतक, एक 90 से अधिक रन की पारी और चार अर्धशतक बनाए हैं। वह अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर केवल वनडे प्रारूप में खेलते हैं। अपने खेल में आए बदलाव के बारे में कोहली ने कहा, जो सबसे महत्वपूर्ण बदलाव आया है, वह यह है कि मैंने खुद से वादा किया है कि मैं और अधिक खुलकर खेलूंगा, लेकिन परिस्थितियां अनुकल न हों और आप किसी मुश्किल पिच पर खेल रहे हों, तो फिर आप ऐसी स्थिति में आ जाते हैं जहां आप सोचते हैं कि मैं शॉट तो लगा सकता हूं, लेकिन मुझे एक विशेष भूमिका निभानी होगी।

मनोरंजन

'लव एंड वॉर' से विकी कौशल का लुक वायरल



संजय लीला भंसाली के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'लव एंड वॉर' का बेसब्री से इंतजार हो रहा है। फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विकी कौशल की तिकड़ी नजर आने वाली है। हाल में मेकर्स ने रणबीर और आलिया का फिल्म से फर्स्ट लुक शेयर किया था। अब विकी कौशल की भी झलक सामने आ गई है। विकी का ये लुक रणबीर को कड़ी टक्कर देता नजर आ रहा है। विकी कौशल के इस लुक के सामने आने एक बाद यूजर्स ने अपना रिएक्शन दिया है। संजय लीला भंसाली प्रोडक्शन हाउस ने अपने सोशल मीडिया पर विकी कौशल का लुक शेयर किया है। पोस्टर में उनका 70 के दशक वाला लुक दिखाई दे रहा है। उस दौर में कैसे मूंछे और औरा बढ़ाने के लिए एक शानदार लाइटर रखा जाता था। इस पोस्टर में विकी का अंदाज एकदम अलग लग रहा है। वो सिगरेट जलाते नजर आ रहे हैं। हैरानी वाली बात ये है कि रणबीर और आलिया के पोस्टर की तरह यहां बैकग्राउंड नहीं दिखाया गया है। सिर्फ विकी और जली हुई सिगरेट से निकलते धुंए पर आपका ध्यान जाएगा। इस पोस्टर को देखने के बाद कई यूजर्स ने एक्टर के किरदार को ग्रे शेड वाला बताया है। वहीं कुछ का कहना है कि इन आंखों को देखने के बाद कोई भी समझ जाएगा कि इस फिल्म का विलेन कौन हैं।

रोल गंवाने पर तापसी का खुलासा

बॉलीवुड

एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने फिल्म इंडस्ट्री के अपने कड़वे अनुभवों को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एक इंटरव्यू में तापसी ने बताया कि उन्हें एक बार फिल्म की शूटिंग की तारीखें पक्की होने के बाद भी सिर्फ इसलिए निकाल दिया गया क्योंकि फिल्म के हीरो की पत्नी उन्हें पसंद नहीं करती थीं। तापसी के मुताबिक, जब उन्होंने फिल्म से बाहर किए जाने की वजह पूछी तो मेकर्स ने उन्हें यही कारण बताया। उन्होंने किसी एक्टर या फिल्म का नाम लिए बिना कहा कि करियर की शुरुआत में उन्हें बिना वजह रिप्लेस करने का सामना करना पड़ा था। बातचीत में तापसी ने फिल्म से निकाले जाने का वाकया शेयर किया। तापसी ने कहा, मुझसे कहा गया कि फिल्म के हीरो ने मुझे रिप्लेस कर दिया है। भगवान ही वजह जानता है। मैं वजहों का अंदाजा लगाती रहती हूं। शायद उसमें असुरक्षा की भावना थी या वह किसी ऐसे इंसान को फिल्म में चाहता था जो उसके ज्यादा करीब हो। मुझे कोई ठोस वजह नहीं बताई गई। जब मैं बार-बार बाहर किए जाने का कारण पूछती रही, तो मुझे सिर्फ इतना कहा गया कि हीरो मुझे फिल्म में नहीं चाहता। तापसी ने आगे बताया, मुझे रिप्लेस करने की सबसे घटिया वजह यह दी गई कि 'हीरो की पत्नी तुम्हें पसंद नहीं करती।' मुझे आज तक नहीं पता कि वह मुझे पसंद क्यों नहीं करती थी। तापसी ने अपने करियर के शुरुआती दिनों में सीन्स के शूटिंग पर भी बात की। उन्होंने कहा, "जब आप नए होते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि पर्दे पर किसी सीन को हाइपर-सेक्सुअलाइज किया जा रहा है। शूटिंग के वक्त यह समझ नहीं आता कि सीन किस तरफ जा रहा है। मुझे लगता था कि यह सीन बहुत एस्थेटिक होगा, लेकिन जब स्क्रीन पर देखा तो लगा कि इसकी बिल्कुल जरूरत नहीं थी।" उन्होंने कहा कि आसपास के लोग कहते थे कि यह नॉर्मल है और सब ऐसा कर रहे हैं, इसलिए उन्हें लगा कि यह काम का हिस्सा है। बाद में समझ आया कि ग्लैमरस दिखे बिना भी काम किया जा सकता है और ग्लैमर के लिए हाइपर-सेक्सुअलाइजेशन जरूरी नहीं है। एक बातचीत में तापसी ने फिल्मों के चयन और एक ही तरह के रोल्स मिलने पर अपना पक्ष रखा था। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में ग्लैमरस और गंभीर मुद्दों वाली फिल्मों के लिए अलग-अलग 5-5 एक्ट्रेसेस का सेट तय कर दिया गया है।

'द वन' ने पहले दिन कमाए 8 करोड़

शुक्रवार को रिलीज हुई सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'द वन' ने पहले दिन भारत में 8 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। रिपोर्ट के मुताबिक, 6,746 शोज में रिलीज हुई फिल्म की ऑक्यूपेंसी 26% रही। फिल्म का भारत में ग्रॉस कलेक्शन 9.6 करोड़ रुपए हो गया। 'द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' का निर्देशन 'पंचायत' फेम दीपक कुमार मिश्रा ने किया है। यह उनका फीचर फिल्म डायरेक्शन डेब्यू है। फिल्म भारतीय लोककथाओं पर आधारित है और इसमें सुपरनैचुरल फैंटेसी, पौराणिक कथाओं, एक्शन और थ्रिलर के एलिमेंट्स हैं। इस महीने रिलीज हुई करीना कपूर की 'दायरा' और कुणाल खेमू की 'वाइब' की तुलना में 'द वन' की शुरुआत बेहतर रही। दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर करीब 1 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'द वनः फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' ने बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन 8 करोड़ का नेट कलेक्शन किया। इसके साथ यह फिल्म एक्टर की पिछली 10 थिएट्रिकल रिलीज में दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्म बन गई है। इस लिस्ट में 'थैंक गॉड' 8.10 करोड़ के साथ पहले स्थान पर है।

टॉम हॉलैंड की फिल्म में दो बड़ी एंट्री

सोनी पिक्चर्स की अपकमिंग फ्रेड एस्टेयर बायोपिक में अब 'द सब्सटेंस' स्टार मार्गरेट क्वाली और ग्रैमी विजेता सबरीना कारपेंटर की भी एंट्री हो गई है। फिल्म का टाइटल अभी तय नहीं हुआ है। फिल्म में टॉम हॉलैंड फ्रेड एस्टेयर का किरदार निभाएंगे। वहीं, मार्गरेट क्वाली उनकी बहन और शुरुआती डांस पार्टनर एडेल एस्टेयर की भूमिका में नजर आएंगी। सबरीना कारपेंटर फिल्म में फ्रेड एस्टेयर की मशहूर ऑन-स्क्रीन डांस पार्टनर जिंजर रोजर्स का किरदार निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन पॉल किंग करेंगे और इसके निर्माण की जिम्मेदारी एमी पास्कल संभाल रही हैं। पॉल किंग ने स्टीवन लेवेंसन के साथ मिलकर फिल्म की कहानी लिखी है। यह फिल्म कैथलीन रिले की किताब 'द एस्टेयर्सः फ्रेड एंड एडेल' पर आधारित है।

अजय बनकर छाए सुनील ग्रोवर

नेटफ्लिक्स पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का सीजन 5 जल्द ही शुरू होने वाला है, जिसमें दृश्यम 3 से अजय देवगन, श्रिया सरन, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव, जयदीप अहलावत और निर्देशक अभिषेक पाठक जैसे कलाकार शामिल होंगे। अब मेकर्स ने इसका एक प्रोमो शेयर किया है, जिसे देखकर फैंस भी हैरान हो गए हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया की ओर से शेयर किए गए एक प्रमोशनल वीडियो में सुनील ग्रोवर अजय देवगन के लुक में नजर आए। वीडियो में सुनील ग्रोवर ने अजय देवगन की तरह कपड़े पहने और उनकी आवाज की भी हूबहू नकल की। इतना ही नहीं, उन्होंने अजय देवगन के मशहूर 'सिंघम' पोज को भी दोहराया। वह शो के सीजन 5 के प्रीमियर के बारे में बात करते हुए बिल्कुल अजय देवगन के अंदाज में नजर आए। उनका यह अंदाज इतना शानदार था कि वीडियो सामने आते ही लोगों का ध्यान इस पर चला गया। वीडियो पर फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स ने भी जमकर मजेदार कमेंट किए। एक यूजर ने लिखा, 'हाथों हाथ 'गोलमाल 5' का भी प्रमोशन कर दिया।'

कल्कि 2898 एडी सीक्वल पर बड़ा अपडेट

कल्कि 2898 एडी का सीक्वल उस वक्त काफी चर्चा में आया था खबर आई थी कि दीपिका पादुकोण पार्ट 2 का हिस्सा नहीं होंगी। अब एक बार फिर ये फिल्म चर्चा में आ गई है। फिल्म के डायरेक्टर नाग अश्विन ने फिल्म के सीक्वल से जुड़ा एक बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि फिल्म में दीपिका पादुकोण के किरदार का रिप्लेसमेंट नहीं होगा। कल्कि 2898 एडी सीक्वल से जब दीपिका के बाहर होने की खबर आई थी। एक बातचीत में नाग अश्विन ने कहा, "कोई नया किरदार नहीं जुड़ रहा है। हम वहीं से कहानी शुरू करेंगे जहां से हमने शुरू किया था, और फिल्म में पहले से ही बहुत सारे किरदार हैं।" दीपिका पादुकोण कल्कि 2898 एडी का अहम हिस्सा थीं। हालांकि, फिल्म के सीक्वल को लेकर मेकर्स ने आधिकारिक तौर पर बताया था कि दीपिका पादुकोण कल्कि 2898 एडी सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी। उन लोगों ने कहा कि ये निर्णय बहुत सोच-समझकर लिया गया है। दीपिका के कल्कि से बाहर होने की खबर उनके संदीप वांगा रेड्डी की स्पिरिट छोड़ने के कुछ दिनों बाद आई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपिका ने स्पिरिट में काम करने के लिए 8 घंटे की शिफ्ट वाली डिमांड रखी थी। संदीप वांगा और दीपिका के बीच इस बात को लेकर सहमति नहीं थी जिस वजह से दीपिका स्पिरिट से बाहर हो गई थीं। वहीं, कल्कि 2898 एडी को लेकर खबर थी कि दीपिका ने अपनी फीस में 25 पर्सेंट की हाइक मांगा था। लेकिन एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि सीक्वल में दीपिका का रोल कम कर दिया गया था जिस वजह से दीपिका फिल्म से बाहर हुई थीं।

मुख्यमंत्री की उदयपुर संभाग को बड़ी सौगातें

▸▸ गांवों के विकास को काम कर रही राज्य सरकार

▸▸ परियोजनाओं से लाभान्वित होगी ग्रामीण आबादी

▸▸ 'वनगिरि' के प्रथम शहद उत्पाद 'आदिपराग' लॉन्च

924 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनजातीय कला एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराएं प्रदेश की विशिष्ट पहचान और बड़ी ताकत हैं। राज्य सरकार इस जनजातीय विरासत को संरक्षित करने के साथ ही स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में राजससंघ और कॉनफैड के माध्यम से जनजातीय भाई-बहनों को उनके उत्पादों का सही मूल्य, बेहतर बाजार और आजीविका के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री शनिवार को प्रतापगढ़ में उदयपुर संभाग के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बम्बोरी में ग्राम विकास चैपाल का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे उन्हें स्थानीय संस्कृति, परंपराओं और लोगों की आवश्यकताओं पर ग्रामीणों से चर्चा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार गांवों में पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा सहित रोजगार व आजीविका के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है।

जन सुविधाएं उपलब्ध कराने 256 करोड़

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने जनजाति क्षेत्र में जनसुविधाओं से जुड़े 256 करोड़ रुपए से अधिक राशि के 423 कार्य जनता को समर्पित किए हैं। बिजली आपूर्ति के लिए 87 करोड़ रुपए के 14 कार्यों, पेयजल और सिंचाई से जुड़े 75 करोड़ रुपए से अधिक के 15 कार्यों, सड़कों से संबंधित 22 करोड़ रुपए के 7 कार्यों, स्कूलों के लिए 9 करोड़ रुपए से अधिक के 19 कार्यों के साथ ही स्वास्थ्य, कौशल विकास, प्राकृतिक चिकित्सा, पर्यावरण संरक्षण, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, छात्रावास, जनजातीय विकास, विद्यालय निर्माण आदि से संबंधित विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया है।

668 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह 668 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 1 हजार 29 कार्यों का शिलान्यास किया गया है। सुगम सड़कों के लिए 429 करोड़ रुपए के 299 कार्यों, ग्रामीण विकास के 73 करोड़ रुपए के 562 कार्यों, स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 71 करोड़ रुपए के 6 महत्वपूर्ण कार्यों सहित विभिन्न कार्यों की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देशभर में आदिवासी कल्याण सुनिश्चित हो रहा है। 24 हजार करोड़ रुपए की पीएम-जनमन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से 60 हजार से अधिक आदिवासी गांवों में पक्के मकान, बिजली, साफ पानी, स्वास्थ्य और सड़कों की गारंटी दी जा रही है।

ढाई वर्ष में 90 हजार पदों पर नियुक्ति

राज्य सरकार ने ढाई वर्ष के कार्यकाल में 1.9 लाख पदों पर नियुक्तियां दी हैं। 1.22 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। वहीं, वर्ष 2026 में सवा लाख पदों के लिए भर्ती कैलेण्डर जारी किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर युवाओं को अटल ज्ञान केन्द्रों के जरिये ई-लाइब्रेरी और ई-मित्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसी प्रकार पानी की उपलब्धता के लिए विभिन्न राज्यों के साथ रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल और नर्मदा व किशाऊ परियोजना के लिए महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। साथ ही, वर्ष 2027 तक प्रदेश के सभी जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के दिशा में कार्य किया जा रहा है।

विद्यार्थियों के मैस भत्ते में वृद्धि

■ मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से राज्य में भी जनजाति क्षेत्र के विकास के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। मां-बाडी केंद्रों में कार्यरत शिक्षाकर्मी, महिला सहयोगिनी, स्वच्छता एवं स्वास्थ्यकर्मी के मानदेय में बढ़ोतरी, 8 जिलों में 530 वनधन विकास केंद्रों का गठन तथा उदयपुर में अत्याधुनिक कौशल विकास केंद्र का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मैस भत्ते को बढ़ाकर 3,250 रुपए प्रतिमाह किया है। 250 नए मां बाड़ी केंद्र खोलने के आदेश जारी किए हैं तथा आदि कर्मयोगी अभियान के तहत 5,947 केंद्रों का उद्घाटन किया गया है।

■ जागरूक टाइम्स के मुंबई कार्यालय में विराजित गणपति बप्पा का शुक्रवार को समारोहपूर्वक विसर्जन किया गया। इस अवसर पर जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित, संपादक राहुल पुरोहित, शिवा पुरोहित एवं प्रशांत पुरोहित समेत सभी विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

बांसवाड़ा में 1.18 करोड़ की लूट का खुलासा

उदयपुर। राजस्थान में बांसवाड़ा जिले के आंबापुरा थाना पुलिस और साइबर सेल ने नेशनल हाईवे-927ए स्थित महाराणा प्रताप सेतु (गेमन पुल) पर हुई 1.18 करोड़ रुपए की लूट का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गणाऊ में एक सुनसान नाले में शराब पार्टी करते हुए दबोचा। पुलिस के अनुसार वारदात में लूटी गई रकम और इस्तेमाल वाहन की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने 18 लाख रुपए लूटे जाने की रिपोर्ट दी थी, जबकि वास्तविक लूट 1 करोड़ 18 लाख रुपए की थी। ड्राइवर को पूरी रकम की जानकारी नहीं थी। पुलिस के अनुसार 17 सितंबर को मोहन पुत्र अमरेग निवासी ठिकरिया अपने साथी मुकेश के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से रतलाम से बांसवाड़ा लौट रहा था।

महाराष्ट्र : 265 तालुकों में सूखा घोषित

किसानों को राहत देने विशेष उपायों का ऐलान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

मुंबई। महाराष्ट्र में बारिश के लंबे अंतराल और खरीफ फसलों को हुए नुकसान के मद्देनजर राज्य सरकार ने 358 में से 265 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित करते हुए राहत उपायों की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार द्वारा जारी शासन निर्णय में सातारा जिले के माण और खटाव तालुकों के साथ सोलापुर जिले के सभी 11 तथा धाराशिव जिले के सभी 8 तालुकों को सूखा प्रभावित सूची में शामिल किया गया है। सरकार के इस निर्णय से बारिश की कमी और फसल नुकसान का सामना कर रहे किसानों को विभिन्न राहत योजनाओं का लाभ मिलने का रास्ता साफ हुआ है। सूखा प्रभावित क्षेत्रों में किसानों और आम नागरिकों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

फसल नुकसान के पंचनामे शुरू करने के

सोलापुर के सभी 11 तालुका सूखा प्रभावित

सोलापुर जिले के उत्तर सोलापुर, दक्षिण सोलापुर, बार्शी, अक्कलकोट, मोहोळ, माढा, करमाळा, पंढरपुर, सांगोला, माळशिरस और मंगळवेढा-सभी 11 तालुकों को सूखा प्रभावित घोषित किया गया है। इसी प्रकार धाराशिव जिले के सभी 8 तालुकों को भी इस सूची में शामिल किया गया है। सातारा जिले के माण और खटाव तालुकों में भी बारिश के लंबे अंतराल के कारण खरीफ फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इन तालुकों को सूखा प्रभावित सूची में शामिल किए जाने से किसानों को शासन की राहत योजनाओं का लाभ मिलने की संभावना बढ़ी है।

विद्यार्थियों को भी राहत

सूखा प्रभावित परिवारों पर आर्थिक बोझ कम करने के लिए स्कूल और कॉलेज की परीक्षा फीस में छूट देने का निर्णय भी लिया गया है। सरकार के अनुसार, राहत उपायों का दायरा किसान और खेत से लेकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था तथा विद्यार्थियों तक रखा गया है।

फसल नुकसान के पंचनामे तत्काल

■ फसलों के नुकसान का आकलन करने के लिए जिलाधिकारियों को पंचनामा तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। फसल नुकसान की वास्तविक स्थिति दर्ज करने के लिए तस्वीरों के साथ जपीएस कोऑर्डिनेट्स के माध्यम से रिकॉर्डिंग की जाएगी और उसकी रिपोर्ट सरकार को भेजी जाएगी। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने स्पष्ट किया कि फसल नुकसान के आधार पर किसानों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की घोषणा अलग शासन निर्णय के माध्यम से की जाएगी।

12.58 लाख किसानों में 10,115 करोड़ वितरित

■ उपमुख्यमंत्री शिंदे के अनुसार, राज्य में पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर किसान कर्जमुक्ति योजना के तहत आधार प्रमाणीकरण पूरा कर चुके 12.58 लाख किसानों को अगस्त के अंत तक 10,115 करोड़ रुपए वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि महायुति सरकार के कार्यकाल में किसान केवल योजनाओं के लाभार्थी नहीं, बल्कि सरकार की निर्णय प्रक्रिया के केंद्र में हैं। प्राकृतिक संकट कितना भी बड़ा हो, किसानों को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा।

विधायक मेहता के जन्मदिन पर सिलाई मशीन वितरण

■ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा का एक और संकल्प पूर्ण

■ जनसेवी कार्यों पर संतोष दीक्षित का विशेष सम्मान

■ **जागरूक टाइम्स संवाददाता**

मीरा-भायंदर। मीरा-भायंदर के विकास पुरुष, शहर के मेट्रो मैन तथा कार्यसम्राट विधायक नरेंद्र मेहता का जन्मदिन सेवन स्क्वेयर स्कूल ग्राउंड, मीरारोड पूर्व में धूमधाम पूर्वक मनाया गया। अभिष्ट चिंतन की थीम पर आयोजित इस भव्य समारोह में हजारों शुभचिंतकों ने उन्हें उत्साहपूर्वक जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा समूचे देश में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा का एक और संकल्प पूर्ण करते हुए उत्तर भारतीय मोर्चा के जिलाध्यक्ष संतोष दीक्षित के सौजन्य से 15 जरूरतमंद महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विधायक नरेंद्र मेहता के हाथों मुफ्त सिलाई मशीन का वितरण किया गया। यह संकल्प भाजपा जिला इकाई तथा उत्तर भारतीय मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष दिलीप जैन, मनपा में भाजपा गुटनेता तथा स्थायी समिति के सभापति हसमुख गहलोत, मनपा परिवहन समिति के सभापति एड राजकुमार मिश्रा, जिला महामंत्री ज्ञानेंद्र सिंह, बृजेश तिवारी, रथीन दत्ता, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वैशाली भोईर, जिला प्रवक्ता शैलेश पांडेय, वरिष्ठ नगरसेवक व मंडल प्रभारी भगवती शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष तथा मंडल प्रभारी राजेश सिंह सोमवंशी, जिला सचिव नागेंद्र जायसवाल, उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला महामंत्री कमलेश दुबे, महेंद्र पांडेय समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस जनसेवी कार्य के लिए संतोष दीक्षित का विशेष सम्मान जिलाध्यक्ष दिलीप जैन तथा मनपा स्थायी समिति के सभापति हसमुख गहलोत के हाथों किया गया। मनपा स्थायी समिति के सभापति हसमुख गहलोत ने संतोष दीक्षित के जनसेवी कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे निरंतर समाज के जरूरतमंद तबकों को कुछ न कुछ देने के लिए प्रयासरत रहते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बहनों के जीवन में आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की नई राह प्रशस्त करना ही इस सेवा संकल्प का उद्देश्य है। सेवा, समर्पण और आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर भाजपा का प्रयास जारी है।

रेवदर मंडल

उपमुख्यमंत्री संघवी से भाजपा पदाधिकारियों की शिष्टाचार भेंट

▸▸ जीरावल जैन मंदिर में आत्मीय स्वागत

रेवदर। रेवदर मंडल अध्यक्ष हरीश लोहार एवं मंडल महामंत्री दशरथ सोनी ने जीरावल जैन मंदिर में गुजरात के उप मु यमंत्री एवं गृहमंत्री हर्ष संघवी से शिष्ट्राचार भेंट की। इस दौरान मंडल पदाधिकारियों की ओर से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। भेंट के दौरान स्थानीय, क्षेत्रीय एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हुई। इसके बाद हर्ष संघवी ने संध्या आरती में भी भाग लिया। रेवदर मंडल की ओर से उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

आबूराज सेवा फाउंडेशन

11वां स्वागत एवं पारितोषिक वितरण समारोह आज

▸▸ राजस्थान से आए विधार्थियों का मुंबई एयरपोर्ट पर स्वागत

सुरेश पाडीव/जागरूक टाइम्स

मुंबई। आबुराज सेवा फाउंडेशन के मोहनलाल पुत्र रताजी माली निवासी रायपुरिया हाल कोलाबा एवं सिरोही के तत्वावधान में राजस्थान के जालोर, सिरोही, पाली एवं कोटा जिलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों के सम्मान में 11वां स्वागत एवं पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं पारितोषिक वितरण किया जाएगा। समारोह में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विभिन्न समाजसेवी, शिक्षाविद् एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मुनिश्री निलेशचंद्र महाराज का सानिध्य एवं स्वागत किया जाएगा। समारोह में गोविंद पुरोहित (समूह संपादक, जागरूक टाइम्स), अधिवक्ता एम.डी. माली (मुंबई उच्च न्यायालय), चेनाराम माली, शंकरलाल माली (TORSO), किशनलाल माली (KDM), उमेदमल माली, कनुभाई रावल (KENZO), हार्दिक पांड्या (पत्रकार), देवीलाल पुरोहित, पीयू चौहान, भावेश पुरोहित एवं भैरूमल जैन सहित अन्य गणमान्यजन की उपस्थिति रहेगी। समारोह का आयोजन 27 सितंबर 2026, रविवार को शाम 4 बजे से 7 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम का स्थलश्री काशी विश्वनाथ मंदिर, दादी सेठ अग्यारी लेन, कालबादेवी रोड, मुंबई मे रखा गया है। आयोजकों ने समाज के लोगों से समारोह में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है। कार्यक्रम के विनीत माली नवयुवक मित्र मंडल, रायपुरिया, मुंबई हैं।

राजस्थान@नगर निकाय चुनाव

भाजपा ने अनैतिकता की सारी हदें लांघी : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को सत्तारूढ़ भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने हाल के नगर निकाय चुनाव में अनैतिकता की सारी हदें पार कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने महापौर और अध्यक्ष पदों के चुनाव के लिए पुलिस, प्रशासन और धनबल का निर्लज्ज दुरुपयोग किया गया। गहलोत ने कहा, "परन्तु अफसोस है कि जिस तरह का चुनाव इस बार राजस्थान में हुआ है उसमें अनैतिकता की सारी हदें सत्ताधारी भाजपा ने पार कर दीं।" कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि पहले मनमर्जी का परिसीमन किया जिसमें कांग्रेस समर्थित तीन-चार वार्डों को मिलाकर एक कर दिया और भाजपा समर्थक इलाकों में एक वार्ड को दो-तीन वार्डों में बांट दिया। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हद तक बेईमानी की गई कि पति-पत्नी के वोट, एक ही घर में रहने वाले एक ही परिवार के सदस्यों के वोट अलग-अलग वार्ड में बंट गए। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं, इसके बाद भी वे (भाजपा के नेता) एक साल तक चुनावों को टालते रहे तथा उच्च न्यायालय की फटकार के बाद चुनाव करवाने को मजबूर हुए। उन्होंने कहा, "महापौर और अध्यक्ष के चुनावों के लिए पुलिस, प्रशासन और धनबल का निर्लज्ज दुरुपयोग किया गया।"

'दर्शन सागर अवॉर्ड' समारोह

शिंदे के ठाणे में राजस्थानियों से मिलेंगे सांसद डांगी

जयपुर। राजस्थान के लोकप्रिय नेता और राज्यसभा सांसद नीरज डांगी 29 सितंबर को मुंबई दौरे पर रहेंगे। ठाणे में आयोजित होने वाले 'दर्शन सागर अवॉर्ड-2026' समारोह में वे महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राष्ट्रसंत आचार्य चंद्रानन सागर सूरीश्वरजी महाराज के सान्निध्य में होने वाला यह समारोह ठाणे में एलबीएस रोड स्थित होटल टिप टॉप प्लाजा के बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया जाएगा। राज्यसभा में लगातार दूसरी बार पहुंचने एवं सदन में विपक्ष के सचेतक नियुक्त होने के बाद सांसद डांगी का यह पहला मुंबई दौरा है। उनके आगमन को लेकर मुंबई और महाराष्ट्र में रहने वाले राजस्थानियों, समर्थकों, शुभचिंतकों तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। अपने इस दौरे में डांगी मारवाड़ क्षेत्र से जुड़े प्रमुख समाजसेवियों और उद्यमियों से भी मुलाकात करेंगे। समारोह में कांति मेहता, दिलीप चंदन, प्रवीण कोठारी, दिनेशभाई ठलियावाला और मनोज जैन सहित सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में योगदान देने वाली हस्तियों का सम्मान किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार मीरा-भायंदर के विधायक नरेंद्र मेहता को भी 'दर्शन सागर जनगौरव सम्मान' प्रदान किया जाएगा। 'दर्शन सागर अवॉर्ड' का आयोजन राष्ट्रसंत आचार्य चंद्रानन सागर सूरीश्वरजी महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। आयोजकों के मुताबिक सम्मान समारोह में देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों से भी अतिथियों के पहुंचने की संभावना है। सांसद नीरज डांगी का मुंबई दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि मुंबई और ठाणे में बड़ी संख्या में राजस्थान और विशेष रूप से मारवाड़ क्षेत्र से जुड़े लोग सामाजिक, धार्मिक और कारोबारी गतिविधियों में सक्रिय हैं। ऐसे में डांगी का यह दौरा राजनीतिक मुलाकातों के साथ-साथ प्रवासी राजस्थानी समाज से संवाद का अवसर भी बनेगा। दर्शन सागर अवॉर्ड समारोह में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और राज्यसभा सांसद नीरज डांगी के हाथों सम्मान प्रदान किए जाने की जानकारी समिति के प्रवीण शाह और निरंजन परिहार ने दी है।

उपमहापौर चुनाव में खिला 'कमल'

राजस्थान के 9 नगर निगमों में भाजपा की जीत

जयपुर। राजस्थान के 9 नगर निगमों में अब भाजपा के उपमहापौर होंगे। शनिवार को प्रदेश के तीन नगर निगमों में उपमहापौर पद के लिए चुनाव प्रक्रिया पूरी हुई। जयपुर और जोधपुर में मतदान के जरिए भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की, जबकि कोटा में भाजपा प्रत्याशी विवेक राजवंशी निर्विरोध उपमहापौर चुने गए। इसके साथ ही प्रदेश के 9 नगर निगमों में उपमहापौर पद भाजपा के खाते में चला गया।

कोटा में विवेक राजवंशी निर्विरोध

कोटा नगर निगम में उपमहापौर पद के लिए भाजपा के विवेक राजवंशी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इस चुनाव में कांग्रेस ने हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस ने उपमहापौर चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया था और पार्टी की ओर से कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा गया। नामांकन की समय सीमा समाप्त होने तक उपमहापौर पद के लिए केवल विवेक राजवंशी का ही नामांकन सामने आया। इसके बाद नाम वापसी की निर्धारित समय सीमा भी पूरी हो गई।

तीनों नगर निगमों में अलग तस्वीर

■ शनिवार को हुए उपमहापौर चुनाव में तीनों नगर निगमों में प्रक्रिया अलग-अलग रही। जयपुर में भाजपा और कांग्रेस के बीच मुकाबला हुआ, जोधपुर में भी दोनों दलों के प्रत्याशी आमने-सामने रहे, जबकि कोटा में कांग्रेस के बहिष्कार के चलते भाजपा प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। जयपुर में मतदान के बाद भाजपा की सरोज कंवर की जीत के साथ प्रदेश के 9 नगर निगमों में भाजपा के उपमहापौर होने की स्थिति बन गई है। शनिवार को जयपुर, जोधपुर और कोटा में हुई चुनाव प्रक्रिया के साथ उपमहापौर पदों की तस्वीर पूरी हो गई। जयपुर में मतदान से जीत, जोधपुर में 52 वोट के साथ जीत और कोटा में निर्विरोध निर्वाचन-तीनों जगह भाजपा ने उपमहापौर पद पर कब्जा जमाया।

एक वोट नोटा का, एक वोट खारिज

इससे पहले डिप्टी मेयर पद के लिए आज दोपहर 2.30 बजे से नगर निगम मुख्यालय में मतदान कराया गया। इस चुनाव में भाजपा की सरोज कंवर और कांग्रेस के सलमान मंसूरी के बीच सीधा मुकाबला था। इसके पहले शुक्रवार को हुए महापौर चुनाव में भाजपा के सुनील कोठारी ने कांग्रेस की सुनीता मावर को 29 वोट से हराकर जीत दर्ज की थी। इस प्रकार जयपुर नगर निगम की मेयर और डिप्टी मेयर की सीट अब भाजपा के पास आ गई है। आज हुए मतदान के दौरान एक पार्षद वोट देने नहीं पहुंची, एक वोट नोटा का गया और एक वोट खारिज हो गया।

जयपुर में पहली डिप्टी मेयर बनी सरोज कंवर

जयपुर नगर निगम में उपमहापौर पद के लिए शनिवार को मतदान हुआ। भाजपा ने महिला पार्षद सरोज कंवर को प्रत्याशी बनाया था, जबकि कांग्रेस की ओर से सलमान मंसूरी मैदान में थे। निर्धारित समय के दौरान पार्षदों ने मतदान किया और इसके बाद मतगणना की प्रक्रिया पूरी की गई। मतदान को देखते हुए नगर निगम मुख्यालय में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मतदान स्थल पर थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था रखी गई। जयपुर नगर निगम उपमहापौर के लिए कुल 149 मत पड़े। जिसमें भाजपा की सरोज कंवर को 89 वोट और कांग्रेस के सलमान मंसूरी को 58 वोट मिले।